

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया और राहुल गांधी भी मौजूद रहे।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 80 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

### आदर्श विचार



"क्रोध हमारा शत्रु है और हमारे जीवन का अंत करने में समर्थ है।"
भगवान राम

### मन की बात



"खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप हैं।"
`स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# शराब नीति केस में केजरीवाल गिरफ्तार

= 2 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी की कार्रवाई, हाईकोर्ट से नहीं मिली थी राहत, सुप्रीम कोर्ट पहुंची आप

**शिकंजा**

8 ईडी की टीम गुरुवार शाम 7 बजे केजरीवाल के घर 10वां समन और सर्च वारंट लेकर पहुंची थी






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया। ईडी की टीम गुरुवार शाम 7 बजे केजरीवाल के घर 10वां समन और सर्च वारंट लेकर पहुंची थी। जांच एजेंसी ने दो घंटे तक पूछताछ के बाद रात 9 बजे यह कार्रवाई की। इस बीच दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के सीएम बने रहेंगे। जेल से सरकार चलाएंगे। इधर, केजरीवाल की लीगल टीम ने सुप्रीम कोर्ट में भी अपील की है।

**हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी से राहत देने से इनकार कर दियाः** इससे पहले गुरुवार को दोपहर 2.30 बजे हाईकोर्ट ने दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने कोर्ट से ये भरोसा मांगा था कि अगर वे पूछताछ के लिए ईडी जाते हैं तो उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाए। कोर्ट ने साफ किया कि केजरीवाल को ईडी के सामने पेश होना होगा, उनकी गिरफ्तारी पर रोक नहीं है। इससए पहले ईडी ने केजरीवाल को 17 मार्च को 9वां समन भेजा था। केजरीवाल 19 मार्च को समन के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे थे। उनकी याचिका पर 20 मार्च को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने बार-बार समन भेजने को लेकर एऊ को तलब किया। शराब नीति केस में केजरीवाल को इस साल 27 फरवरी, 26 फरवरी, 22 फरवरी, 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी और 2023 में 21 दिसंबर और 2 नवंबर को समन भेज गया था।

## विधानसभा अध्यक्ष बोले- जेल से चलेगी सरकार

**दिल्ली** विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने कहा कि अगर सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी होती है तो जेल से सरकार चलाई जाएगी। सीएम अपना इस्तीफा नहीं देंगे।

**सीएम आवास के बाहर आप के कई समर्थक प्रदर्शन करते हुए**

**सीएम केजरीवाल के घर के आसपास धारा 144 लागू और फोन जब्त**

ईडी की जांच के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर नेता, मंत्री और कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने सीएम केजरीवाल के घर के बाहर धारा 144 लागू कर दी है।

## पूरी दिल्ली से उनके समर्थक यहां आएंगेः आप नेता

**दिल्ली** की मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं, एक विचार हैं। हम अंदर नहीं जा सकते क्योंकि भारी सुरक्षा तैनात है। हम यहीं इंतजार करेंगे। अगर एक लोकप्रिय सीएम को इस तरह से गिरफ्तार किया जाता है, तो उनके समर्थक पूरी दिल्ली से यहां आएगी। हाईकोर्ट ने आज ईडी को नोटिस जारी कर पूछा कि समन रद्द क्यों नहीं किए जा रहे हैं और अरविंद केजरीवाल को अंतरिम राहत क्यों नहीं दी जाएगी। कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना ईडी अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने पहुंचे हैं।

## ये कार्रवाई निंदनीय हैः दिल्ली मेयर शैली ओबेरॉय

**दिल्ली** की मेयर शैली ओबेरॉय भी सीएम आवास के बाहर पहुंची। जहां पहले से भारी संख्या में आप कार्यकर्ता मौजूद रहे। मेयर शैली ने कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा है, अगली तारीख 22 अप्रैल तय की गई है। छापेमारी करने, गिरफ्तार करने, तलाशी लेने की इतनी जल्दी क्या थी। जिस तरह से यहां पुलिस तैनात की गई है। यह निंदनीय है। हमारा अरविंद केजरीवाल से कोई संपर्क नहीं है। आगे के इरादे जल्द ही स्पष्ट हो जाएंगे।

हालांकि, वे एक बार भी पूछताछ के लिए नहीं गए।

**ईडी हेडक्वार्टर के पास अर्धसैनिक बल की 4 कंपनी तैनातः** ईडी हेडक्वार्टर की सुरक्षा बढ़ा दी गई। ऑफिस के आसपास अर्धसैनिक बल की 4 कंपनियां तैनात की गई हैं। दिल्ली पुलिस के 100 से ज्यादा जवान भी मौजूद रहे।

## 'व्हाट्सएप पर 'विकसित भारत' संदेश को साझा करना तुरंत बंद करें'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह 'विकसित भारत संपर्क' के तहत व्हाट्सएप संदेश भेजना तुरंत बंद करे। दरअसल, बीते दिन बड़ी संख्या में लोगों को 'विकसित भारत संपर्क' के तहत व्हाट्सएप संदेश भेजे गए थे। इसका मकसद सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। मामले की शिकायत मिलने के बाद चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस संबंध में निर्देश जारी किए।

**आदेश**

8 पीएम के पत्र के साथ जारी संदेश 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे

**इसलिए लिया फैसलाः** चुनाव आयोग ने कहा कि यह कदम चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। यह आयोग की ओर से उठाए जा रहे जरूरी कदमों का हिस्सा है। आयोग ने मंत्रालय से इस मामले पर अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी है। मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पत्र के साथ जारी संदेश 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे।

## एसबीआई ने चुनाव आयोग को मुहैया कराया इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ब्योरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय स्टेंट बैंक ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर करके जानकारी दी कि चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ब्योरा दे दिया गया है। एसबीआई के चेयरमैन ने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में 18 मार्च को आए आदेश का पालन किया। चुनाव आयोग को खरीदे गए और कैश कराए गए सभी बॉन्ड का पूरा ब्योरा उपलब्ध करवा दिया गया है। सभी बॉन्ड के नंबर भी बता दिए हैं।

## 'हम रेलवे टिकट तक नहीं खरीद सकते'

### कांग्रेस का खाता फ्रीज होने पर सोनिया, खरगे, राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया और राहुल गांधी भी मौजूद रहे। इस दौरान पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के मुद्दे पर जमकर हमले बोले गए। केंद्र सरकार को केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग और चुनावी चंदों के मुद्दों पर घेरा गया। खरगे, सोनिया, अजय माकन से लेकर राहुल तक, सभी ने मोदी सरकार को जमकर घेरा।

**राहुल ने कार्रवाई के समय पर सवाल उठाएः** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमारे सभी बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। हम कोई प्रचार नहीं कर सकते, हम अपने कार्यकर्ताओं का समर्थन नहीं कर सकते, हम अपने उम्मीदवारों का समर्थन नहीं कर सकते। हमारे लोग हवाई जहाज तो छोड़िए, रेलवे की यात्रा के लिए भी टिकट नहीं खरीद सकते। यह चुनाव से दो महीने पहले किया गया। एक नोटिस 90 के दशक से आया, दूसरा 6-7 साल पहले; कुल राशि 14 लाख रुपये और सजा हमारी पूरी वित्तीय पहचान। चुनाव आयोग ने भी कुछ नहीं कहा। यहां कोई लोकतंत्र नहीं है। पहले से ही चुनाव लड़ने की हमारी क्षमता को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हम पहले ही एक महीना खो चुके हैं।

**हमला बोला**

8 केंद्र सरकार को केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग और चुनावी चंदों के मुद्दों पर घेरा गया

राहुल ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाए जाने की कार्रवाई है। ऐसा प्रधानमंत्री और गृह मंत्री कर रहे हैं। यह विचार कि भारत लोकतंत्र है, एक झूठ है। आज भारत में कोई लोकतंत्र नहीं है। यह विचार कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, एक झूठ है। भारत के 20% लोग हमारे लिए वोट करते हैं और फिलहाल हम किसी भी चीज के लिए 2 रुपये का भुगतान नहीं कर सकते। यह चुनाव में हमें पंगु बनाने के लिए रचा गया है। भले ही आज हमारे बैंक खाते खोल दिए जाए तो भी भारतीय लोकतंत्र को काफी चोट पहुंचाई जा चुकी है।

## बीजेपी में जिनके टिकट कटे, उन्हें मिली जिम्मेदारी


**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: भाजपा ने जब उत्तर पश्चिमी दिल्ली की सीट से वर्तमान सांसद प्रवेश वर्मा का टिकट काटा था, तब दिल्ली के सियासी गलियारों में हलचल मच गई थी। पार्टी के इस निर्णय को लेकर लोग हतप्रभ थे क्योंकि प्रवेश वर्मा की जीत भी लगभग पक्की मानी जा रही थी। भाजपा ने अपने इस मजबूत जाट नेता पर दोबारा विश्वास जताया है।

## आनंद शर्मा ने खरगे को भेजा खत, राहुल पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में अंदरूनी कलह सामने आई है। दरअसल कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य आनंद शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम एक पत्र भेजा है। इस पत्र में जो बातें लिखी हैं, उनसे साफ है कि राहुल गांधी के बार बार जाति जनगणना कराए जाने की बात से आनंद शर्मा खुश नहीं हैं। आपको बता दें कि



कांग्रेस के प्रमुख चुनावी मुद्दों में एक जाति जनगणना का मुद्दा भी है। अब इस मुद्दे पर कांग्रेस के अंदरखाने कलह साफ नजर आ रही है। आनंद शर्मा ने पार्टी अध्यक्ष खरगे को लिखे खत में इस बात पर जोर दिया है कि यह पूर्व प्रधानमंत्री इदिरा गांधी और राजीव गांधी की विरासत का अपमान करने जैसा है।

**लिखा पत्र**

8 राहुल गांधी के बार बार जाति जनगणना कराए जाने की बात से आनंद शर्मा खुश नहीं हैं

**आनंद शर्मा ने चिट्ठी में लिखी ये बातेः** इस चिट्ठी में आनंद शर्मा ने कांग्रेस के समावेशी दृष्टिकोण की याद दिलाते हुए लिखा है कि पार्टी का वर्तमान रुख पिछली कांग्रेस सरकारों के विचारों के साथ मेल नहीं खाता।

## 'रोहिंग्या मुस्लिम के रहने से सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि विदेशियों को सभी मामलों में शरणार्थी के रूप में स्वीकृति नहीं दी जा सकती है। विशेष रूप से तब, जब ऐसे ज्यादातर लोग अवैध रूप से देश में घुसे हैं। सरकार ने दावा किया कि रोहिंग्याओं के लगातार अवैध तरीके से रहने से राष्ट्रीय सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि भारत ने 1951 के शरणार्थी समझौते पर या शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित प्रोटोकाल, 1967 पर हस्ताक्षर नहीं किया है।

**रोहिंग्याओं को रिहा करने की याचिका पर हुई सुनवाईः** इस प्रकार किसी भी वर्ग के व्यक्ति को शरणार्थी के रूप में मान्यता दी जानी है या नहीं, यह एक शुद्ध नीतिगत निर्णय है। हलफनामा उस याचिका के संबंध में दाखिल किया गया है, जिसमें केंद्र को उन रोहिंग्याओं को रिहा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिन्हें जेलों या हिरासत केंद्रों या किशोर गृहों में रखा गया है। इन्हें बिना कोई कारण बताए या विदेशी अधिनियम के प्रविधानों के कथित उल्लंघन के लिए हिरासत में लिया गया है।

**नीतिगत निर्णय**


8 वर्ग के व्यक्ति को शरणार्थी के रूप में मान्यता दी जानी है या नहीं, यह एक शुद्ध नीतिगत निर्णय है

हलफनामे में कहा गया है कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी और सीमित संसाधनों वाले विकासशील देश के रूप में अपने नागरिकों को प्राथमिकता देना आवश्यक है।

## केंद्र की फैक्ट चेक यूनिट पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट स्थापित करने पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आईटी संशोधन नियम 2023 के तहत केंद्र सरकार द्वारा फैक्ट चेक यूनिट की 20 मार्च की अधिसूचना पर रोक लगा दी है। बता दें कि ये पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ऑनलाइन कंटेंट की निगरानी के लिए बनाया गया था। इसके तहत ये यूनिट सरकार के खिलाफ कोई भी गलत जानकारी का फैक्ट चेक करती और गलत पाए जाने पर उसे फिर पब्लिश करने पर रोक लगा देती।



**बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले का इंतजारः** सुप्रीम कोर्ट ने अधिसूचना पर तब तक रोक लगा दी जब तक बॉम्बे हाई कोर्ट सूचना प्रौद्योगिकी नियम संशोधन 2023 की चुनौतियों का फैसला नहीं कर लेता। एफसीयू की स्थापना हाल ही में संशोधित आईटी नियमों के तहत अपने व्यवसाय से संबंधित सोशल मीडिया पर सामग्री की निगरानी के लिए की गई थी।

कोर्ट ने कहा कि ये अभिव्यक्ति की आजादी पर खतरा है।

**रोक**

8 केंद्र सरकार द्वारा फैक्ट चेक यूनिट की 20 मार्च की अधिसूचना पर रोक लगा दी है

**बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला रद्द कियाः** मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को रद्द कर दिया, जिसने केंद्र सरकार के बारे में सोशल मीडिया पर फर्जी और गलत सामग्री की पहचान करने के लिए संशोधित आईटी नियमों के तहत एफसीयू की स्थापना पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा, "हमारा मानना है कि उच्च न्यायालय के समक्ष आने वाले प्रश्न संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के मूल प्रश्नों से संबंधित हैं।

## 'इलेक्शन के बीच में आयोग का काम प्रभावित करना ठीक नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मुद्दे पर केंद्र सरकार को राहत मिली है। कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि वह इसको लेकर बाद में विस्तृत आदेश पारित करेगा। हालांकि, कोर्ट ने उम्मीदवारों को तेजी से शॉर्टलिस्ट करने के लिए केंद्र पर सवाल भी उठाए। कोर्ट ने कहा कि तेजी के साथ ही चयन समिति ने दो चुनाव आयुक्तों का चयन कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि वह चुने गए चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं उठा रहा है, बल्कि उस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहा है जिसके तहत चयन किया गया। इसको लेकर केंद्र से 6 हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा गया है। कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि संसद से पास हुए कानून के तहत चुनाव आयुक्तों का चयन हुआ है।

## एक्शन मोड में आया चुनाव आयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) गैर-कैडर अधिकारियों के लिए ट्रांसफर आदेश जारी किया है।


ये अधिकारी चार राज्यों गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में नेतृत्व पदों पर तैनात हैं। गुजरात के छोटा उदयपुर और अहमदाबाद ग्रामीण जिलों के एसपी पंजाब में पठानकोट, फाजिल्का, जालंधर ग्रामीण और मलेरकोटला जिलों के एसएसपी ढेंकनाल के डीएम और ओडिशा में देवगढ़ और कटक ग्रामीण के एसपी, पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर, झाड़ग्राम, पूर्व बर्धमान और बीरभूम जिलों के डीएम।

**सनसनीखेज** | बदायूं में दो मासूम बच्चों की निर्मम हत्या का अब खुलेगा राज

## बदायूं डबल मर्डरः बरेली से पकड़ा गया दूसरा आरोपी जावेद

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदायूंः** यूपी के बदायूं जिले में मंगलवार की शाम को दो बच्चों की हत्या की सनसनीखेज वारदात के दूसरे आरोपी को पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार किया है। बदायूं पुलिस ने बरेली की बरादरी थाना पुलिस से सहयोग से सेटेलाइट चौराहे से पकड़ा है। पुलिस उसे बदायूं ले गई है। जावेद पर 25 हजार रुपये का इनाम था। बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया आरोपी जावेद को बरेली से गिरफ्तार कर लिया गया है। जावेद वहां की बारादरी पुलिस चौकी में खुद को सरेंडर करने पहुंचा था इसके बाद



वीडियो भी जारी किया। वीडियो में एक युवक ऑटो में बैठा दिखाई दे रहा है। वह अपना नाम जावेद बता रहा है। वह कहता है कि उसने कुछ नहीं किया है। जो कुछ भी किया है, उसके बड़े भाई ने किया है। पुलिस जावेद से पूछताछ कर रही है।

**फरार आरोपी जावेद पर 25000 का इनाम घोषितः** आरोपी जावेद की लगातार पुलिस तलाश कर रही थी। उसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगीं थीं। जावेद पर 25000 रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया था। आरोपी से पूछताछ के बाद ही हत्याकांड की वजह का खुलासा हो सकेगा। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में मंगलवार की शाम को मंडी समिति पुलिस चौकी से 500 मीटर दूर स्थित बाबा कॉलोनी में एक ठेकेदार विनोद ठाकुर के दो बेटों आयुष (13) और अहान (6) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। ठेकेदार के मकान के सामने हेयर सैलून चलाने वाले साजिद ने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया था। वारदात के तीन घंटे के बाद पुलिस ने मौके से करीब दो किमी दूर घेराबंदी कर आरोपी साजिद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था।

**गिरफ्तार**

8 बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया आरोपी जावेद को बरेली से गिरफ्तार कर लिया

# डीडीए के फ्लैटों में अधूरे पड़े हैं कई काम, खरीदारों का दिल टूटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कल्पना कीजिए कि आपने दिल्ली की आलीशान आवासीय योजना में अपने सपनों का आशियाना तो खरीद लिया, लेकिन अभी तक इसमें कई काम अधूरे पड़े हुए हैं। ऐसे में फ्लैट बेचने वाली एजेंसी खरीदारों से बकाया रकम तो निश्चित समय के भीतर जमा कराने के लिए कह रही है, लेकिन इन फ्लैटों में लंबित कामों को पूरा कराने के लिए कोई ठोस आश्वासन नहीं दे पा रही।

**डीडीए के रवैये को लेकर खरीदार नाराज:** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के गोल्फ व्यू अपार्टमेंट में फ्लैट खरीदने वाले आवंटियों के साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा है। डीडीए के इस रवैये को लेकर वह काफी चिंतित व नाराज भी हैं। दरअसल डीडीए ने कुछ समय पहले द्वारका के सेक्टर 19बी स्थित गोल्फ व्यू अपार्टमेंट में ई नीलामी के माध्यम से प्रीमियम लग्जरी फ्लैटों की बिक्री शुरू की थी। इसमें सफल आवंटियों ने ई नीलामी के माध्यम से पेंट हाउस, सुपर एचआइजी व एचआइजी फ्लैट प्राप्त किए थे। चूंकि डीडीए ने अपने इतिहास में पहली बार ऐसे आलीशान फ्लैट पेश किए हैं, इसीलिए लोग भी इस योजना को लेकर खासे रोमांचित थे। उनका मानना था शहरी आश्रय से जुड़ी किसी प्रमुख सरकारी एजेंसी ने ई नीलामी के माध्यम से बेहतर फ्लैटों वाली एक बेहतरीन योजना पेश की, लेकिन जब उन्हें जनवरी के मध्य में योजना की साइट का स्वयं जाकर निरीक्षण किया तो उनकी उम्मीदें हवा हो गईं।

उन्होंने पाया कि यहां फ्लैटों का निर्माण व फिनिशिंग कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। निर्माण कार्य पूरा होने



के बाद वहां विभिन्न सुविधाएं भी शुरू की जानी हैं, उसमें भी समय लगेगा। इसे लेकर सवाल खड़े हो गए कि क्या उन्हें समय पर फ्लैटों का आवंटन मिल पाएगा? इस पर भी जब आवंटियों को डीडीए की ओर से डिमांड कम अलाटमेंट लेटर मिले तो वे चिंता में पड़ गये क्योंकि इनमें फ्लैट की बकाया 75 प्रतिशत राशि इसी माह के अंत तक जमा करने को कहा गया है।

**दो से तीन करोड़ रुपये बनती है राशि:** एक आवंटी ने बताया कि 75 प्रतिशत राशि लगभग दो से तीन करोड़ रुपये बनती है। यह बड़ी रकम उन्हें बैंक से लोन लेकर चुकानी पड़ेगी जबकि डीडीए की ओर से फ्लैट के कब्जे को लेकर कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिल पा रही है। यदि फ्लैट का कब्जा समय पर नहीं मिला तो बैंक की ईएमआई शुरू हो जाने से उनकी मानसिक परेशानियां अवश्य शुरू हो जाएंगी।

**भुगतान राशि को लेकर कोई राहत नहीं:** इसलिए डीडीए को फ्लैटों का काम पूरा होने तक 75 प्रतिशत बकाया रकम जमा कराने की तारीख पर रोक लगाने या समय अवधि को बढ़ाकर दो महीने करने के साथ ही बकाया रकम को कम करके 25 प्रतिशत कर देना चाहिए। एक आवंटी कमलकांत शर्मा ने बताया कि उन लोगों ने डीडीए वीसी से भी मुलाकात की और वस्तुस्थिति बताई, लेकिन उन्होंने इतना ही कहा कि जून तक निर्माण कार्य पूरा करा दिया जाएगा। भुगतान राशि को लेकर कोई राहत नहीं दी।

**डीडीए का पक्ष:** आवासीय योजना के नियम और शर्तें ब्रोशर में स्पष्ट रूप से बताई गई थीं। सभी बोलीदाताओं को ई-नीलामी में भाग लेने से पहले फ्लैट या साइट का दौरा करने की सलाह दी गई थी। फ्लैटों का निरीक्षण करने और ब्रोशर में दिए गए नियमों और शर्तों को समझने के लिए पर्याप्त समय भी प्रदान किया गया था। जहां तक राशि का सवाल है तो डीडीए उन फ्लैटों के लिए मांग की गई राशि का 100 प्रतिशत शुल्क लेता है जो पहले ही पूरे हो चुके हैं।

चूंकि ये फ्लैट मूव-इन स्थिति में नहीं हैं, इसीलिए चरणबद्ध भुगतान के संदर्भ में छूट प्रदान की गई है। मांग की गई राशि का 75 प्रतिशत मांग पत्र जारी होने के दो महीने के भीतर अग्रिम भुगतान करना होगा और शेष 25 प्रतिशत का भुगतान कब्जे के समय करना होगा। इसके अलावा, डीडीए जून, 2024 तक परियोजना को पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर सभी प्रयास कर रहा है।


उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भः i) निविदा सूचना संख्या 61/2023–2024 दिनांक 05.01.2024 क्रमांक सं. 13
ii) निविदा संख्या 07235090 20.03.2024 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07235090 के खुलने की नियत तिथि 20.03.2024 से बढ़ाकर 18.04.2024 और निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किए गए हैं।

(1) बोली–पूर्व प्रश्नों के उत्तर। (2) विशेष स्थिति और आरडीएसओ विनिर्देश के संबंध में शुद्धिपत्र। (3) उत्तरदायित्व की स्थितियाँ।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

892/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82242014 | आईडाल आईओएल / समतुल्य (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 400 nos | 12.04.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 82242014 दिनांक : 20.03.2024 900/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सुप्रीम कोर्ट ने भाटिया और वकील से दुर्व्यवहार का संज्ञान लिया

**निर्देश**

8 सुप्रीम कोर्ट ने एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को 1 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा कोर्ट में कुछ वकीलों की तरफ से वरिष्ठ वकील व भाजपा नेता गौरव भाटिया और सुप्रीम कोर्ट की एक महिला वकील के साथ दुर्व्यवहार पर संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने गौतमबुद्धनगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को 1 अप्रैल को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने एसएचओ को भी नोटिस जारी किया है और जिला जज से रिपोर्ट मांगी है। सुप्रीम कोर्ट ने घटना की सीसीटीवी फुटेज संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। दरअसल, गौरव भाटिया बुधवार को नोएडा कोर्ट गए थे। उस दिन कोर्ट में वकीलों की हड़ताल थी।

# कॉपी जांच रहे शिक्षकों पर हो रही पैसों की बरसात

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा।** यूपी बोर्ड की कॉपियों के मूल्यांकन में जुटे शिक्षकों को छात्रों की ओर से दिए गए प्रश्नों के अच्छे जवाब के साथ ही 100, 200 और 500 सौ रुपये के नोट भी मिल रहे है। यह नोट मेहनताने के रुप में शिक्षा विभाग की ओर से नहीं बल्कि छात्रों की कॉपियों से मिल रहे है। छात्रों ने कॉपियों में नोट को चस्पा कर दिया है। नोट के साथ ही परीक्षा में पास करने के लिए गुरुजनों से आशीर्वाद मांगा जा रहा है। भावुक संदेशों का मूल्यांकन में लगे शिक्षकों पर कोई असर नहीं हो रहा है। पैसों से मूल्यांकन के दौरान चाय और नाश्ते का प्रबंध



किया जा रहा है। सबसे अधिक भावुक संदेश 12वीं के छात्रों की कॉपियों में मिल रहे है। कई छात्र फेल हो जाने से शादी नहीं होने की बात लिख रहे है। वहीं कई छात्रों ने मार्मिक संदेश लिख पास करने की गुहार लगाई है।

**शिक्षकों पर संदेश का कोई असर नहीं:** 10वीं के एक छात्र ने लिखा कि वह पेपर से पहले बीमार हो गया था। इसलिए वह पढ़ाई नहीं कर पाया। एक मौका उसे दे दिया जाए।

शिक्षकों ने बताया कि उनके ऊपर कोई भी संदेश का असर नहीं पड़ रहा है। सही जवाब लिखने वाले छात्रों को ही पास किया जा रहा है। कॉपियों में संदेश मिलने पर मूल्यांकन केंद्र पर चर्चा शुरू हो जाती है।

**अंग्रेजी के पेपर में फिल्मी गाने लिखे:** मूल्यांकन में लगे शिक्षकों ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी कई छात्रों की कॉपियों में संदेश मिल रहे हैं।

10वीं के छात्रों ने अंग्रेजी के पेपर में फिल्मी गाने लिखे हुए है। हिंदी की कापियों में रस, छंद, अंलकार के उदाहरण में शायरी तक छात्रों ने लिख रखी है।


उत्तर मध्य रेलवे

L. No.: JHS-ELG-W-T-35-2023-24-RT Date: 18.03.2024

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

कार्य का विवरणः झाँसी ईएलजीः मंडल रेलवे अस्पताल, झाँसी में विद्युत ऊर्जा प्रणाली की विश्वसनीयता में सुधार।

निविदा राशिः ₹ 71,40,155/- मात्र, बयाना राशिः ₹ 1,42,800/- मात्र, कार्य समापन अवधिः 06 माह, निविदा बंद होने की तिथिः 11.04.2024 (15.00 बजे तक)।

निविदाकार निविदा दिनांक 11.04.2024 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 533/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

उत्तर रेलवे

पहला शुद्धिपत्र

टेंडर नं.: 30-ELECT-49-T-R1-23-24-E3

कार्य का नामः पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रेल भवन, एनआरएम और मोती बाग में स्थापित मौजूदा डीजी सेटों में ईंधन तंत्र प्रणाली के रूपांतरण के संबंध में विद्युत कार्य।

| टेंडर नं.: 30-ELECT-49-T-R1-23-24-E3 | |
|---|---|
| पहले प्रकाशित | संशोधन |
| कार्य का नामः पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रेल भवन, एनआरएम और मोती बाग में स्थापित मौजूदा डीजी सेटों में ईंधन तंत्र प्रणाली के रूपांतरण के संबंध में विद्युत कार्य। | प्रशासनिक कारणों से रद्द किया गया |
| निविदा की अनुमानित लागतः रु. 107.54 लाख | |
| कार्यालय का पताः वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| बयाना राशिः रु. 2,03,800.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समयः 26.03.2024, 12:00 बजे | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समयः 26.03.2024, 12:00 बजे | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें। 898/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# कहीं आप भी तो नहीं ले रहे नकली मेडिसिन

**दवा मिलावटी**

8 लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनी 28 आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग ने प्रतिबंध लगाया गया है




**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनी 28 आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग ने प्रतिबंध लगाया गया है। इन दवाओं का नमूना प्रदेश के विभिन्न जिलों लिया गया था। नमूनों की जांच में दवा मिलावटी और नकली मिली है। जिले में बिकने वाली एक आयुर्वेदिक दवाओं में मिलावट मिली है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार केम का कहना है कि आयुर्वेदिक निदेशालय से जांच रिपोर्ट जारी हुई है। गुजरात वलसाड की इमामी लिमिटेड का झंडु लालिमा ब्लड एंड स्किन प्यूरिफायर का नमूना सात जुलाई 2023 को लिया गया था।

**इन दवाओं में पाई गई मिलावटी**

जांच में पता चला है कि फ्लेवरड सीरप की मिलवट मिली है। इसके अलावा कर्नाटक बंगलुरू की लिव-52 का नमूना 26 अगस्त 2023 को लिया था। शुरूआती जांच में पचा चला है कि लिव-52 में शास्त्रीय औषधि मंडूर भस्म का मिश्रण एवं दारू हरिद्रा का प्रयोज्यांग त्रुटिपूर्ण होने के कारण मिलावट मिली थी। लेकिन पिछले दिनों जो नई रिपोर्ट प्राप्त हुई उसमें दवा का नमूना सही मिला है। इसी तरह जिले से यूनाइटेड फार्मास्युटिकल आइवर, राजस्थान का वातारिन आयल का नमूना पिछले वर्ष सात जुलाई को लिया गया था। इस दवा का नमूना शुरूआती जांच में मिलावटी बताया गया था, लेकिन जो सूचना मिली है कि दवा मानकोंप्रदेश के आयुर्वेद विभाग के निदेशक पीसी सक्सेना ने मिलावटी और नकलदी उत्पादों को बनाने वाली कंपनियों पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पर खरी है। हालांकि इसका लैटर मिलना बाकी है। रिपोर्ट आने के बाद इनकी बिक्री पर रोक लगा दी है। इसमें कई नामी बड़ी आयुर्वेद दवा की कंपनियां भी शामिल हैं। इसकी बिक्री पर कार्रवाई की जाएगी। लोगों से भी अपील है कि इन दवाओं को दुकान से नहीं खरीदें।


उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 06235028B | स्क्वायर होलो सेक्शनस | 2285000 किलोग्राम | 10-04-24 |
| 02 | 09242425 | कास्ट स्टील बोल्स्टर | 41 नग | 15-04-24 |
| 03 | 09242577 | 22.22 एम एम ड्राया लॉक बोल्ट | 32959 सेट | 15-04-24 |
| 04 | 10240837 | फायर रिटार्डेंट कर्टेन फैब्रिक (ब्राउन कलर) | 16129 मीटर | 15-04-24 |
| 05 | 02241855 | हाई कैपेसिटी इंटर वेहिकुलर कौपलेरस | 231 सेट | 15-04-24 |
| 06 | 19243521 | सस्पेंशन स्प्रिंग (सेकेंडरी) | 249 नग | 15-04-24 |
| 07 | 16240661 | जर्नल बेअरिंग असेंबली फॉर एच एच पी लोकस | 261 सेट | 16-04-24 |
| 08 | 09242214 | यूबेंग क्लम्प | 78320 सेट | 22-04-24 |
| 09 | 09242284 | स्लाइडिंग डोर अरेंजमेंट | 133 नग | 22-04-24 |
| 10 | 16244551 | डब्लू डब्लू गवर्नर मेंटेनेंस किट | 129 सेट | 24-04-24 |
| 11 | 15235178A | डबल गर्डर EOT क्रेन 10T | 04 नग | 01-05-24 |
| 12 | 15235183A | एच–बीम वेल्डिंग लाइन | 01 नग | 06-05-24 |
| 13 | 77239072 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 950 एम एम लांग स्टील फिश प्लेट्स | 3000 सेट | 21-05-24 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं 103/2023–2024 दिनांक 20.03.2024 896/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करन पुत्र मदन लाल निवासी सी–19, जेजे कालोनी, मादीपुर, दिल्ली** ने केस एफआईआर नं. **817/2020 अन्तर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **करन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस एफआईआर नं. **817/2020 अन्तर्गत धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **करन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.05.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**शुभम देवड़िया**
महानगर दण्डाधिकारी (पश्चिम)
कमरा नं. 336ए, तृतीय तल
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/3159/OD/2024
(Court Matter)

# नोएडा के युवक से करीब 1 करोड़ की ठगी, जालसाजों ने हड़पी रकम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** सेक्टर-36 स्थित साइबर थाने को शिकायत में अनुपम अग्रवाल ने बताया कि वह सेक्टर-75 स्थित सोसायटी में रहते हैं। एक व्यक्ति ने उन्हें घर बैठे स्टाक मार्केट में निवेश कर कमाई का लालच देकर वाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा था। आरोपितों ने पीड़ित को कई कंपनियों में पैसा निवेश करने का लालच दिया। राजीव मित्तल नाम के व्यक्ति ने खुद को दक्षिण पूर्व एशिया के




फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स का प्रमुख बताकर निवेश के जरिये कमाई का लालच दिया। इसके बाद आरोपितों ने कमाई का लालच देकर कई बार में 97 लाख 40 हजार रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी अंजान व्यक्ति के कहने पर बहकावे में नहीं आए। बिना तहकीकात के कमाई के लालच में नहीं फंसे। अगर कोई कमाई के नाम पर निवेश के नाम पर कहता तो सतर्कता बरते।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
**शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042**
**संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104**

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# ईडी के एक्शन पर बिफरी आम आदमी पार्टी

## मंत्री आतिशी से लेकर कई नेताओं ने भाजपा पर बोला हमला, सभी को लग रहा एक ही डर

**शिकंजा कसा**

**8 मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर ईडी की टीम पहुंचे के बाद दिल्ली मंत्री सौरभ भारद्वाज पहुंचे**






**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर लिया है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें जारी किए गए लगभग नौ ईडी समन से बच चुके हैं। अब 10वां समन जारी किया। केजरीवाल के घर पर ईडी के पहुंचे ही दिल्ली सरकार के कई मंत्री और आप नेताओं से लेकर कार्यकर्ता उनके घर के बाहर पहुंच गए। मुख्यमंत्री केजरीवाल के घर ईडी की टीम पहुंचे के बाद दिल्ली मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पहुंचे। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा कि सीएम केजरीवाल को गिरफ्तार करने किया गया है। वहीं दिल्ली मंत्री आतिशी भी केजरीवाल के घर के बाहर पहुंची ।नके साथ कई आप नेता और कार्यकर्ता भी पहुंचे हैं। आप नेता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दो साल की जांच में कोई रिकवरी नहीं हुई। ये बौखलाहट है। चुनाव से पहले कार्रवाई की गई है।

**आतिशी का दावा, यह एक राजनीतिक साजिश है:** दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा कि यह स्पष्ट है कि ईडी और बीजेपी अदालतों का सम्मान नहीं करते हैं। अगर ऐसा होता तो वे आज ही अरविंद केजरीवाल के आवास पर छापा मारने नहीं आते। यह एक राजनीतिक साजिश है और वे अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए यहां आए हैं।

**अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं, एक विचार हैं:** दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल एक व्यक्ति नहीं, एक विचार हैं। हम अंदर नहीं जा सकते क्योंकि भारी सुरक्षा तैनात है। हम यहीं इंतजार करेंगे।

### अब तक 600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया

**दिल्ली** विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल भी सीएम आवास पर पहुंचे हैं। जहां उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि मनीष सिसौदिया को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अब तक 600 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वे चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल की आवाज को दबाना चाहते हैं। इसलिए वे उन्हें गिरफ्तार करना चाहते हैं।

**दिल्ली मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा कि ये कार्रवाई निंदनीय है:** दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय भी सीएम आवास के बाहर पहुंची हैं। जहां पहले से भारी संख्या में आप कार्यकर्ता मौजूद हैं। मेयर शैली ने कहा कि मामला कोर्ट में चल रहा है, अगली तारीख 22 अप्रैल तय की गई है। छापेमारी करने, गिरफ्तार करने, तलाशी लेने की इतनी जल्दी क्या थी।

### पूरे इलाके की बैरिकेडिंग करने की क्या जरूरत थी?

अगर एक लोकप्रिय सीएम को इस तरह से गिरफ्तार किया जाता है, तो उनके समर्थक पूरी दिल्ली से यहां आएगी। हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर पूछा कि समन रद्द क्यों नहीं किए जा रहे हैं और अरविंद केजरीवाल को अंतरिम राहत क्यों नहीं दी जाएगी। कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना ईडी अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने पहुंचे हैं। अगर यह एक तलाशी अभियान है, तो वे पुलिस कर्मियों से भरी चार बसें क्यों लाए हैं? आरएएफ कर्मियों से भरी दो बसें लाने की क्या जरूरत थी? पूरे इलाके की बैरिकेडिंग करने की क्या जरूरत थी?

# वेलकम इलाके में गिरी पुरानी इमारत, दो लोगों की मौत



**हादसा**

**8 जॉय टिर्की ने बताया कि इस हादसे में दो श्रमिकों अरशद (30) और तौहीद (20) की मौत हो गई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में एक पुरानी बिल्डिंग गिरने की खबर है। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देर रात की है। पुलिस को 2.16 बजे घटना की सूचना मिली थी। इलाके के पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया कि इस हादसे में दो श्रमिकों अरशद (30) और तौहीद (20) की मौत हो गई और एक अन्य श्रमिक रेहान (22) की हालत गंभीर है और उसका इलाज किया जा रहा है। मामले में कानूनी कार्रवाई की जाएगी. आगे की जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना देर रात 2.16 बजे मिली। इमारत की पहली मंजिल खाली थी जबकि ग्राउंड फ्लोर का इस्तेमाल जींस कटिंग के लिए किया जा रहा था। बिल्डिंग गिरने के साथ ही तीन लोग उसके मलबे में दब गये। तीनों को गंभीर हालत में जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां दो श्रमिकों को मृत घोषित कर दिया गया। एक शख्स को इलाक के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# ईडी ने मल्टीलेवल मार्केटिंग मामले में 84.24 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मल्टीलेवल मार्केटिंग स्कीम मामले में 84.24 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति जब्त की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए), 2002 के तहत की है। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि मल्टीलेवल मार्केटिंग स्कीम मामले में 19 मार्च को जांच एजेंसी ने प्रमोटरों भाऊसाहेब छब्बू चव्हाण, आरती भाऊसाहेब चव्हाण और अन्य द्वारा अर्जित की गई 84.24 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्तियों सहित चल-अचल संपत्तियां जब्त की है। ईडी ने कहा कि जब्त की गई यह संपत्तियां महाराष्ट्र और राजस्थान के अन्य क्षेत्रों के अलावा नासिक, ठाणे, सिंधुरगढ़ और पाली जिलों में स्थित हैं। ईडी ने कहा कि इन प्रमोटरों भाऊसाहेब छब्बू चव्हाण और आरती भाऊसाहेब चव्हाण की संपत्तियों को धन शोधन निवारण कानून, 2002 के तहत अटैच किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है।

# बैंक धोखाधड़ी मामले में निजी कंपनी और पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**मामला**

**8 सीबीआई की टीम ने गुरुवार को आरोपितों के जयपुर स्थित कारखाने समेत 5 ठिकानों की तलाशी ली**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 48.06 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के आरोप में एक निजी कंपनी और उससे जुड़े पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई की टीम ने गुरुवार को आरोपितों के जयपुर स्थित कारखाने समेत 5 ठिकानों की तलाशी ली। सीबीआई ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। सीबीआई के मुताबिक जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है उनमें मैसर्स स्वास्टिक कॉपर्स प्राइवेट लिमिटेड (जयपुर) और कंपनी के निदेशक संदीप जैन, पूर्व निदेशक नीलम जैन, निदेशक इंद्रा जैन, अज्ञात लोकसेवक और एक निजी व्यक्ति शामिल हैं।

आरोपित कंपनी बिजली वितरण ट्रांसफार्मर के निर्माण और मरम्मत के व्यवसाय में लगी हुई थी। आरोपितों ने आपराधिक साजिश रचकर बैंक से 48.06 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की।

# दिल्ली कैपिटल्स ने सवेरा 'रन फॉर गुड' में भाग लेकर जागरुकता बढ़ाई



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हाल ही में संपन्न सवेरा 'रन फॉर गुड' इवेंट के दूसरे संस्करण में मुख्य प्रायोजक रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स और सेंट्रल पार्क के बीच सफल सहयोग देखने को मिला। दिल्ली कैपिटल्स की भागीदारी ने न केवल महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुकता बढ़ाई, बल्कि दिल्ली के लोगों के बीच एकता और करुणा की भावना को भी बढ़ावा दिया। यह सहयोग दिल्ली कैपिटल्स की सोशल रिस्पांसिबिलिटी और कम्युनिटी इंगेजमेंट के प्रति प्रतिबद्धता और दिल्ली शहर की भावना को दशार्ता है। सवेरा 'रन फॉर गुड' जैसे इवेंट्स में सक्रिय रूप से भाग लेकर आईपीएल फ्रेंचाइजी ने जरूरतमंद लोगों के जीवन में एक ठोस बदलाव लाने के लिए अपने समर्पण को दिखाया है।

दिल्ली कैपिटल्स की भागीदारी ने न केवल महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुकता बढ़ाई, बल्कि दिल्ली के लोगों के बीच एकता और करुणा की भावना को भी बढ़ावा दिया।

# कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने के आरोपों पर भाजपा ने किया पलटवार



**साधा निशाना**

**8 राहुल-सोनिया ने गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र को शर्मसार किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मुख्य विपक्षी दल के बैंक खाते फ्रीज करने संबंधी कांग्रेस के आरोपों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को पलटवार किया। भाजपा ने राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। आयकर रिटर्न दाखिल न करने पर कांग्रेस के खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस की प्रेस वार्ता के बाद एक पत्रकार सम्मेलन में राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि हार की हताशा में विपक्षी दल निराधार आरोप लगा रहे हैं। प्रसाद ने निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने अपनी गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों से वैश्विक स्तर पर भारतीय लोकतंत्र को शर्मसार किया है। प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस ने समय पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया, इसलिए उनके खाते फ्रीज कर दिए गए। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी संवाददाता सम्मेलन में हार की हताशा में बहाना बना रहे हैं। पार्टी को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को बोलने दें, क्योंकि वे जितना बोलेंगे, उतना ही अधिक अपना आधार खो देंगे। अगर लोग कांग्रेस को वोट नहीं देना चाहते तो भाजपा कुछ नहीं कर सकती। पत्रकार वार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि अगर कांग्रेस डिफॉल्टर हैं तो आपके साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाएगा, बैंक अकाउंट फ्रीज किए जाएंगे। गांधी परिवार देश के कानून से ऊपर तो नहीं है। कानून तो सब पर लागू होगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने एक प्रेस वार्ता कर आरोप लगाया है कि साजिश के तहत मुख्य विपक्षी दल के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं ताकि पैसे के अभाव में चुनाव लड़ने में विपक्षी पार्टी को समान अवसर न मिल सके। यह सत्ताधारी दल का खतरनाक खेल है।

# वैश्विक शांति और सद्भाव का आश्वासन है भारत का उदय : उपराष्ट्रपति



**प्रतिबद्ध**

**8 स्थिरता एवं सद्भाव को बनाए रखने और समान विचारधारा वाले देशों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को इस बात पर जोर दिया कि अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी में भारत का उदय "विश्व शांति, सद्भाव और वैश्विक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा आश्वासन" है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक शांति, स्थिरता एवं सद्भाव को बनाए रखने और समान विचारधारा वाले देशों को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। धनखड़ ने उपराष्ट्रपति निवास में अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक सहभागिता कार्यक्रम (आईएन-स्टेप) के प्रतिभागियों के साथ बातचीत करते हुए ये टिप्पणियां कीं। 21 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और 8 भारतीय अधिकारियों वाले इस दो सप्ताह के कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज द्वारा किया जा रहा है। अपने संबोधन में धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अब संभावनाओं वाला या सोता हुआ विशालकाय देश नहीं रह गया है, जैसा कि कुछ लोगों ने संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की असाधारण विकास की कहानी संशयवादियों से परे है, जो दूरदर्शी नेतृत्व, समावेशी विकास और अटूट दृढ़ता का उदाहरण है। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि आज की गतिशील भू-राजनीति के बीच भारत की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक विस्तारित अर्थव्यवस्था, प्रभावी कूटनीति और बढ़ती सॉफ्ट पावर के साथ दुनिया शांति के लिए सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र को उत्प्रेरित करने के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने इन-स्टेप कोर्स को इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। वैश्विक शांति और सुरक्षा को विकास के लिए मूलभूत बताते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि शांति को ताकत की स्थिति से ही सुरक्षित किया जा सकता है। युद्ध के लिए तैयारी शांतिपूर्ण माहौल का सबसे सुरक्षित रास्ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन-स्टेप प्रभावी नीति निर्धारण और संघर्ष समाधान के आधार के रूप में आपसी बातचीत और एकजुट होकर काम करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# रेलवे ने होली की भीड़ को कम करने के लिए 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की

**मिलेगी राहत**

**8 रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय रेलवे ने होली के त्योहार पर यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को व्यवस्थित रखने के लिए 540 अतिरिक्त ट्रेन शुरू की हैं। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जयपुर-बांद्रा टर्मिनस, पुणे-दानापुर, दुर्ग-पटना, बरौनी-सूरत आदि जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई है। मंत्रालय ने कहा कि अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशनों पर कतार बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि ट्रेनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात किया गया है।

# वक्फ बोर्ड के इमामों को ही वेतन क्यों? नीति के खिलाफ याचिका पर कोर्ट ने आप से मांगा जवाब



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली वक्फ बोर्ड और गैर वक्फ बोर्ड के इमामों और मुअज्जिनों को वेतन और मानदेय जारी करने के लिए राज्य की समेकित निधि का उपयोग करने की दिल्ली सरकार की नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने दिल्ली सरकार, उसके वित्त और योजना विभागों और दिल्ली वक्फ बोर्ड से जवाब मांगा है। यह याचिका पेशे से वकील और सामाजिक कार्यकर्ता रुक्मणि सिंह ने दायर की है, जिसमें दिल्ली सरकार और वक्फ बोर्ड को बोर्ड और गैर वक्फ बोर्डों के इमामों और मुअज्जिनों को समेकित निधि से वेतन या पारिश्रमिक प्रदान करने से रोकने की मांग की गई है। अदालत ने कहा कि इस मुद्दे पर विचार करने की जरूरत है। अदालत ने सुनवाई जुलाई माह में तय की है। दिल्ली सरकार के स्थायी वकील संतोष कुमार त्रिपाठी के मौखिक अनुरोध के बाद पीठ ने दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग को भी जनहित याचिका में प्रतिवादी पक्ष के रूप में शामिल किया। सिंह की याचिका में कहा गया है कि दिल्ली सरकार द्वारा एक विशेष धार्मिक समुदाय के कुछ व्यक्तियों को अन्य धार्मिक समुदाय के समान श्रेणी के व्यक्तियों की वित्तीय स्थिति पर विचार किए बिना सम्मान राशि देने की प्रथा सीधे राज्य की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति का उल्लंघन करती है और अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करती है। जनहित याचिका में अखिल भारतीय इमाम संगठन बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया जिसमें यह माना गया था कि इमामों को भुगतान करने के लिए संसाधनों का उपयोग करना वक्फ बोर्ड का कर्तव्य है जो एक मस्जिद में प्रार्थना का महत्वपूर्ण कर्तव्य निभाते हैं, अर्थात समुदाय का नेतृत्व करते हैं।

# जहर का कारोबार: रेव पार्टी का आयोजन करने में एल्विश के काम आता था विनय



**खुलासा**

**8 गिरफ्तार विनय यादव एल्विश का करीबी दोस्त और ईश्वर बैंक्वेट हाल व टैंट हाउस संचालक है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा:** रेव पार्टी में सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में जेल में बंद यू-ट्यूबर एल्विश यादव के दो सहयोगियों को कोतवाली सेक्टर-20 पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार विनय यादव एल्विश का करीबी दोस्त और ईश्वर बैंक्वेट हाल व टेंट हाउस संचालक है। इन दोनों के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य उन धाराओं में कार्रवाई की गई है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सांपों के जहर सप्लाई करने के मामले में एल्विश की गिरफ्तारी के बाद उसके करीबियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रकरण के ऑडियो, वीडियो, सीडीआर की जांच में ईश्वर और विनय यादव का नाम सामने आया था। पुलिस ने दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया। रात को हुई लंबी पूछताछ के बाद तथ्यों के आधार पर दोनों की गिरफ्तारी कर ली गई। पुलिस के मुताबिक विनय यादव एल्विश के साथ रहता था। वहीं ईश्वर संपेरे राहुल के संपर्क में रहता था। राहुल ही बुकिंग पर सांप और जहर के साथ सपेरों की टोली लेकर पहुंचता था। विनय और ईश्वर की आपस में दोस्ती थी। डीसीपी विद्यासागर मिश्र के मुताबिक विनय ईश्वर के जरिये कई स्थानों पर पार्टी का आयोजित करता था। वहीं पर सांपों के जहर के इस्तेमाल की बात सामने आई है। टेंट हाउस का काम करने वाले ईश्वर को कई ठिकानों की जानकारी थी। वहीं एल्विश यादव विनय का इस्तेमाल इन सारी पार्टियों के लिए करता था।

**दोनों से पुलिस ने किए 50 सवाल, काफिले के साथ पहुंचे थे आरोपी:** एल्विश की तर्ज पर ही नोएडा पुलिस ने ईश्वर व विनय को पूछताछ व औपचारिकता पूरी करने के लिए बुलाया था। दोनों कई गाड़ियों के काफिले के साथ कोतवाली सेक्टर-20 पहुंचे थे। दोनों से पुलिस ने 50 से अधिक सवाल पूछे। इनमें से ज्यादातर नशे की पार्टियों और सपेरों से कनेक्शन से जुड़े थे। पहले दोनों ने किसी तरह की जानकारी से इन्कार कर दिया। संपेरे राहुल से कनेक्शन के बारे में पूछे जाने पर ईश्वर परेशान हो गया। हालांकि राहुल को नहीं जानने की बात कही। कॉल डिटेल रिकॉर्ड दिखाने पर दोनों फंस गए। देर रात तक सवाल पर सवाल किए जाने के बाद जब दोनों आरोपी फंस गए। तब दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

**अब फाजिलपुरिया पुलिस के रडार पर:** इस पूरे मामले में हरियाणवी गायक फाजिलपुरिया पर पुलिस का शिकंजा कस सकता है। इस मामले में दावा किया गया था कि फाजिलपुर गांव में कई रेव पार्टी का आयोजन किया गया था।

# कांग्रेस की तीन वित्तीय वर्ष के इनकम टैक्स री-असेसमेंट कार्रवाई के खिलाफ दायर



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट** के जस्टिस यशवंत वर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने कांग्रेस पार्टी की ओर से तीन वित्तीय वर्ष के इनकम टैक्स के री-असेसमेंट कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने 20 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। कांग्रेस पार्टी की याचिका में तीन वित्तीय वर्षों 2014-15, 2015-16 और 2016-17 के दौरान इनकम टैक्स विभाग की री-असेसमेंट प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी। कांग्रेस पार्टी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने समय सीमा के बाद कार्रवाई शुरू की है। वे ज्यादा से ज्यादा पिछले छह वित्तीय वर्ष का री-असेसमेंट कर सकते हैं। सुनवाई के दौरान जब कोर्ट ने पूछा कि कांग्रेस पार्टी की ओर दाखिल इनकम टैक्स रिटर्न में कितने का अंतर है, तब इनकम टैक्स विभाग की ओर से पेश वकील जोहेब हुसैन ने कहा कि 520 करोड़ रुपये का बकाया है। इससे पहले 13 मार्च को दिल्ली हाई कोर्ट ने कांग्रेस पार्टी से 105 करोड़ रुपये की वसूली के आदेश पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी।

# करनाल से इस बार बनेगा देश में सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड : सीएम नायब सैनी

## भाजपा बड़े मार्जिन से जीतेगी 10 की 10 लोकसभा सीटें : मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास पर पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल में कहा कि भाजपा बड़े मार्जिन से लोकसभा चुनाव में 10 की 10 सीटें जीतेगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि करनाल से इस बार देश में सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आवास पर पहुंचे थे। काफी देर तक मुख्यमंत्री सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बीच चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा हुई।



पूर्व सीएम मनोहर लाल से मीटिंग होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए नायब सैनी ने कहा कि भाजपा की 10 की 10 लोकसभा सीटों पर तैयारियां पूरी है। कार्यकताओं के दम पर और जनता जनार्दन के आशीर्वाद से बड़े मार्जिन से भाजपा दसों लोकसभा की सीटें जीतकर मोदी जी के पास भेजेगी। मुख्यमंत्री ने करनाल लोकसभा से उम्मीदवार मनोहर लाल के बारे में बोलते हुए कहा कि करनाल से इस बार रिकार्ड बनेगा और देश में सबसे बड़ी जीत मनोहर लाल की होगी।

पत्रकारों द्वारा पूर्व गृहमंत्री अनिल विज के ट्वीट के बारे में पूछे गए सवाल पर नायब सैनी ने कहा कि

**दावा**

**8 काफी देर तक मुख्यमंत्री सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बीच चुनावी तैयारियों को लेकर चर्चा हुई**

अनिल विज हमारे वरिष्ठ नेता हैं। अनिल विज का मार्गदर्शन हमें पहले भी मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। हरियाणा की बची चार सीटों पर प्रत्याशियों के घोषणा के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उम्मीदवार कब तक घोषित होंगे यह पार्लियामेंट्री बोर्ड तय करेगा।

वहीं पार्टी कार्यालय कर्ण कमल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चंडीगढ़ में कुछ कार्य बचे हुए हैं जिन्हें दो-तीन दिनों में निपटाकर अब नियमित रूप से कार्यालय में बैठकर चुनाव की तैयारियों पर फोकस रखेंगे और चुनाव प्रचार का काम संभालेंगे। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, घरोंडा विधायक हरविंद्र कल्याण, इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, जिला महामंत्री सुनील गोयल, मीडिया प्रमुख डा अशोक कुमार, जय भगवान सीकरी, जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, अर्बन मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# उचाना में लोकसभा चुनाव को लेकर हुई जेजेपी की मंथन बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद:** उचाना के रजबाहा रोड स्थित जेजेपी कार्यालय में गुरुवार को प्रकोष्ठध्यक्ष, जोन प्रभारी, प्रमुख कार्यकताओं की मीटिंग हुई। मुख्य तौर पर राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, जिलाध्यक्ष कृष्ण राठी, उचाना कार्यालय प्रभारी प्रो. जगदीश सिहाग पहुंचे। लोकसभा चुनाव को लेकर हुई मंथन बैठक में अपने-अपने विचार चुनाव को लेकर रखे गए। मीटिंग में पहुंचे पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने एक सुर में हिसार लोकसभा से जेजेपी की तरफ से बाढड़ा विधायक नैना चौटाला को उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की। 30 मार्च को पार्टी कार्यालय में नैना चौटाला बूथ योद्धा, बूथ सखी की मीटिंग लेंगी। गांवों में घर-घर तक सत्ता में रहते हुए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा करवाए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश देते हुए आगामी दो महीने

**बैठकों का दौर**

**8 किसानों को हुए नुकसान का आंकलन कर मुआवजा किसानों के खाते में डाला जाए**

कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। राजेंद्र लितानी ने कहा कि उचाना हलके की सब पर नजर होती है क्योंकि जेजेपी का सबसे प्रमुख हलका उचाना है। यहां से पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला विधायक है। पदाधिकारियों, कार्यकताओं द्वारा जो मांग की गई है उससे पार्टी सुप्रीमो को अवगत करवा देंगे। चुनाव के समय अपने से रूठों को मनाने का समय होता है। रूठे दो ही समय मनाए जाते है शादी, चुनाव। अब लोकसभा चुनाव है ऐसे जो रूठे है उन्हें भी मनाए। जेजेपी की सत्ता में हिस्सेदारी थी तो उचाना ही नहीं पूरे जींद में विकास कार्य तेजी से हुए। सत्ता में नहीं होते तो विकास कार्य के साथ-साथ जो जनहितैषी सोच थी उसके अनुरूप कार्य करवाने का काम किया। प्रो. जगदीश सिहाग ने कहा कि बेमौसमी बारिश से फसलों को नुकसान हुआ। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले सरकार से मांग की थी कि किसानों को हुए नुकसान का आंकलन कर मुआवजा किसानों के खाते में डाला जाए ताकि आचार संहिता के चलते किसानों को मुआवजा में देरी न हो। ये सरकार की नाकामी है कि सरकार को अवगत करवाने के बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया। जब दुष्यंत चौटाला प्रदेश के डिप्टी सीएम थे तो फसल के सीजन से पहले सभी तैयारी पूरी हो जाती थी। अप्रैल माह से गेहूं की खरीद होनी है, सरसों की खरीद होनी है लेकिन अभी तक कुछ तय नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### एचसीएस एलाइड सर्विस की 30 व 31 को होगी मुख्य परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़ : हरियाणा लोक सेवा आयोग ने एचसीएस (एक्स-बीआर) और एलाइड सर्विस की मुख्य परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया है। आयोग की ओर से जारी शेड्यूल के मुताबिक 30 व 31 मार्च को दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। आयोग ने 24 मार्च को रोल नंबर वेबसाइट पर अपलोड करने की घोषणा की है, उसके बाद परीक्षार्थी रोल नंबर डाउनलोड कर सकेंगे। आयोग की ओर से जारी किए शेड्यूल के मुताबिक 30 मार्च शनिवार को सुबह की पाली में साढ़े 8 बजे से लेकर 11 बजे तक सामान्य शिक्षा का पेपर होगा। दूसरी पाली में अपरान्ह के समय 2 बजकर 30 मिनट से लेकर साढ़े पांच बजे तक हिंदी का पेपर होगा। वहीं, 31 मार्च रविवार को पहली पाली में सुबह के समय साढ़े 8 बजे से लेकर साढ़े 11 बजे तक अंग्रेजी का पेपर होगा और दूसरी पाली में अपरान्ह के समय 2 बजकर 30 मिनट से लेकर साढ़े पांच बजे तक वैकल्पिक विषय का पेपर लिया जाएगा।

### घर से युवती का अपहरण का प्रयास, पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पलवल:** पलवल में घर से युवती का जबरन अपहरण कर गाड़ी में डालकर ले जाने व विरोध करने पर परिवार के लोगों से मारपीट कर घायल करने का मामला गुरुवार को प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने पांच नामजद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार राम नगर निवासी गीता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह और उसकी बड़ी बहन घर पर काम कर रही थी। जबकि उसकी एक बहन व मां पशुओं के लिए चारा लेने जंगल में गई थी और भाई पानी का काम करते है वे भी घर पर नहीं थे। वे दोनों बहन घर पर काम कर रही थी। इसी दौरान ज्ञानचंद, विशाल, विकास, लोकेश व उमेश घर में घुस आए। उसका आरोप है कि आरोपी उसको पकड़ कर घसीटते हुए घर के बाहर ले जाने लगे तो उसकी बड़ी बहन वहां से भाग गई। पांचों आरोपियों ने उसे घसीटते हुए गाड़ी में डाल लिया, इसी दौरान उसकी बड़ी बहन भाई अमित, जोगेंद्र, नवीन, भाभी व चाची को बुलाकर ले आई। आरोपी उसे गाड़ी में डालकर भागने लगे तो उसकी चाची व भाभी गाड़ी के आगे खड़े हो गए। इसके बाद उक्त आरोपियों ने उसके परिजनों पर गाड़ी में रॉड व डंडे लेकर हमला कर घायल कर दिया। वे जब अपने घायल भाइयों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने लगे तो आरोपियों ने उनका रास्ता रोक लिया और कहा कि इन्हें तो सुधार दिया अब तुम्हारा नंबर है, या तो चुपचाप घर बैठ जाओ नहीं तो परिणाम ठीक नहीं होगा। शिकायत में कहा कि सभी आरोपी पैसे वाले और खतरनाक है उनसे मुझे व मेरे परिवार के लोगों को बचाया जाए, क्योंकि आरोपी उसे उठाकर ले जाने व जान से मारने की धमकी देकर गए है। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने गुरूवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### युवती का इलाज कराने के बहाने बुला क्लिनिक संचालक का अपहरण, की मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया**
पलवल : पलवल में एक निजी क्लिनिक संचालक को युवती का इलाज कराने के बहाने घर बुलाकर बंधक बनाने, मारपीट व लूटपाट का मामला गुरूवार को सामने आया है। कुछ लोग उसका अपहरण कर दूसरे गांव ले गए और वहां पर मारपीट की गई। पुलिस ने थाना हथीन में 8 नामजद सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार होडल निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह धीरनकी रोड़ पर हथीन में क्लिनिक चलाता है। कोट गांव निवासी जान मोहम्मद का उसके पास आना-जाना रहता था। वह उसके क्लिनिक पर सिरोली गांव निवासी रेहाना को लेकर आया। उसकी तबीयत खराब थी। इसके बाद रेहाना अक्सर दवाई लेने आती रहती थी। उसकी रेहाना से जान पहचान हो गई। अशोक कुमार ने बताया कि रेहाना उसके पास इलाज के लिए आली मेव गांव निवासी बिलकिस को लेकर आई। उसको उसने दवाई-गोली देकर घर भेज दिया। उन्होंने कहा कि बिलकिस को ज्यादा आराम नहीं है, शाम को घर जाते समय उनके घर आ जाना और बिलकिस को दवाई दे जाना। बिलकिस के घर आलीमेव गांव पहुंचा तो वहां पर बिलकिस व रेहाना दोनों मौजूद मिली।

# केयू ने जारी की यूजी सेमेस्टर परीक्षाओं की डेटशीट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,कुरुक्षेत्र द्वारा विश्वविद्यालय तथा संबंधित महाविद्यालयों की यूजी सेमेस्टर की डेटशीट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा स्वीकृत शैक्षणिक शेड्यूल के मद्देनजर यूजी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 मई, 2024 व यूजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 मई, 2024 से शुरू करवाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की डेटशीट संबंधित सूचना महाविद्यालयों के प्राचार्यों को व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पहली मई से ऑफलाइन मोड में आयोजित होने वाली यूजी परीक्षाओं में बीए (जनरल) व ऑनर्स (सब्सिडरी) छठे सेमेस्टर, बीएससी छठे सेमेस्टर, बीए ऑनर्स छठा सेमेस्टर, बीएससी (ऑनर्स) छठा सेमेस्टर, बीकॉम (जनरल, ऑनर्स व वोकेशनल), बीकॉम बैंकिंग व इंश्योरेंस, बीएससी होम साइंस, बीबीए, बीसीए, बीटीएम, बीएससी फिजिकल ऐजुकेशन, बीएससी हैल्थ एजुकेशन व स्पोर्टस, बीएससी (ऑनर्स) इन्फोर्मेशन टेक्नॉलोजी, बीएससी फैशन डिजाइनिंग, बीए फैशन डिजाइनिंग, बीएससी इंटिरियर व बी.एफ.ए.डी. छठा समेस्टर, बीए (जनरल) व ऑनर्स (सब्सिडरी) छठे सेमेस्टर, बीएससी चौथा सेमेस्टर, बीए ऑनर्स चौथा सेमेस्टर, बीएससी हैल्थ एजुकेशन व स्पोर्टस, बीएससी (ऑनर्स) इन्फोर्मेशन टेक्नॉलोजी, बीएससी फैशन डिजाइनिंग, बीएससी फैशन एण्ड ऐपेरल डिजाइनिंग, बीएससी फैशन एण्ड टेक्सटाइल डिजाइनिंग, बीए फैशन, बीएससी इंटिरियर व बी.एफ.ए.डी. चौथा सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल हैं।

# दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मिलेगी आवश्यक सुविधाएं: मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दौरान निर्वाचन विभाग ने दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था की है। जिससे कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग सुविधा पूर्वक कर सकें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग स्टेशनों पर रैंप, व्हील चेयर, लाने व ले जाने की व्यवस्था, मेडिकल किट इत्यादि सुविधाओं के अलावा उनके

**उद्देश्य**

**8 शिक्षा विभाग की चुनावों में अहम भूमिका रहती है। प्रदेश में अधिकांश पोलिंग स्टेशन स्कूलों में ही बनाए गए हैं**

साथ एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों को तैनात किया जाएगा। आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनावों से संबंधित जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से सक्षम ऐप भी बनाया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की चुनावों में अहम भूमिका रहती है। प्रदेश में अधिकांश पोलिंग स्टेशन स्कूलों में ही बनाए गए हैं। अध्यापक स्कूलों में बच्चों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दें और उन्हें अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहें। मतदान के दिन जब उनके अभिभावक वोट डालने आते हैं तो वे भी साथ आएं और सेल्फी लेकर इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने जहन में रखें कि हम भारत के मतदाता हैं, भारत के लिए मतदान करें। लोकतंत्र से सजा भारत, मतदान करने जाएंगे। न पक्षपात, न भेदभाव, हम भारत के निमार्ता हैं और मतदान करने आएंगे भारत के लिए।

उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की चुनावों में अहम भूमिका रहती है। प्रदेश में अधिकांश पोलिंग स्टेशन स्कूलों में ही बनाए गए हैं। अध्यापक स्कूलों में बच्चों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दें और उन्हें अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहें। मतदान के दिन जब उनके अभिभावक वोट डालने आते हैं तो वे भी साथ आएं और सेल्फी लेकर इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करें।

# रजत कल्सन समेत दर्जनभर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने ज्वाइन की कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** मशहूर दलित अधिकार कार्यकर्ता अधिवक्ता रजत कल्सन समेत दर्जनभर सामाजिक कार्यकताओं आज अपने सैंकड़ों साथियों के संग कांग्रेस में शामिल हो गए। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए सभी ने कांग्रेस ज्वाइन की। हुड्डा और चौधरी उदयभान ने सभी का पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर हुड्डा ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं के पार्टी में आने से कांग्रेस और मजबूती के साथ

**सदस्यता**

**8 पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और चौधरी उदयभान के नेतृत्व में ली कांग्रेस की सदस्यता**

दलित व पिछड़ों की आवाज उठा पाएगी। उन्हें उम्मीद है कि सभी कांग्रेसजन पुरजोर तरीके से जमीनी स्तर पर वंचित वर्गों की लड़ाई लड़ेंगे। क्योंकि यह चुनाव सिर्फ राजनीतिक हार जीत का नहीं बल्कि सभी वर्गों की न्यासंगत सामाजिक और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने का है। चौधरी उदयभान ने कहा कि केंद्र और राज्य में चल रही बीजेपी सरकार लगातार संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को खत्म करने का प्रयास कर रही है। बीजेपी नेता खुलेआम संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। इसलिए तमाम राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वह संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करें। इस बात को समझते हुए तमाम सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जाइन की है।

# महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय बनाएगा फूलों से हर्बल गुलाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय, करनाल द्वारा के वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न फूल-पत्तियों से हर्बल गुलाल तैयार किये जा रहे हैं। इन प्रयासों में वैज्ञानिकों को गेंदे की फूल पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार करने में सफलता पाई हैं। एमएचयू द्वारा विभिन्न फूलों पर अनुसंधान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने इस संबंध मे जानकारी देते हुए बताया कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है कि लोगों को किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ना है।

# कपास/नरमा में गुलाबी सुंडी का बढ़ता प्रकोप

## हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के कृषि वैज्ञानिकों, कृषि अधिकारियों, किसानों एवं निजी बीज कंपनी धारकों ने गुलाबी सुंडी के प्रबंधन हेतु किया गहन मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**
चण्डीगढ़: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएचएयू), हिसार द्वारा देश के उत्तरी क्षेत्र में लगातार गुलाबी सुंडी के बढ़ते प्रकोप के समाधान के लिए हमें सामूहिक रूप से एकजुट होकर ठोस कदम उठाने होंगे ताकि किसान को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। सीसीएचएयू हिसार के कुलपति प्रो. बी.आर.कम्बोज आज हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के कृषि क्षेत्र से जुड़े वैज्ञानिक, अधिकारी व निजी बीज कंपनी के प्रतिनिधियों के लिए विश्वविद्यालय में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। सेमिनार में कपास उगाने वाले 10 जिलों के किसान प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। कुलपति ने कहा कि पिछले वर्ष गुलाबी सुंडी का प्रकोप ज्यादा रहा था, जिसके नियंत्रण के लिए अंधाधुंध कीटनाशकों का प्रयोग किया गया जो चिंता का विषय है। इस कीट के नियंत्रण के लिए जैविक कीटनाशक एवं अन्य कीट प्रबंधन के उपायों को खोजना होगा तथा हितधारकों के साथ मिलकर सामूहिक प्रयास करने

**चर्चा**

**8 सामूहिक व ठोस कदम उठाने से होगा समाधान, गुलाबी सुंडी के प्रबंधन हेतु किया गहन मंथन**

होंगे। तभी किसान को बचाया जा सकता है। किसान नरमे की बन्छटियों को खेत में न रखें। यदि रखी हुई है तो बिजाई से पहले इन्हें अच्छे ढंग से झाडक? उसे दूसरे स्थान पर रख दें और इनके अधखिले टिण्डों एवं सूखे कचरे को नष्ट कर दें ताकि इन बन्छटियों से निकलने वाली गुलाबी सुंडियों को रोका जा सकें। इसके अलावा, नरमा की बिजाई विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित बी.टी. संकर किस्मों की 15 मई तक पूरी करें एवं कीटनाशकों एवं फफूंदीनाशकों को मिलाकर छिडकाव न करें। किसान नरमे की बिजाई उपरांत अपने खेत की फीरोमोट्रेप से निरंतर निगरानी रखें तथा गुलाबी सुंडी का प्रकोप नजर आने पर निकटतम कृषि विशेषज्ञ से बताए अनुसार नियंत्रण के उपाय करें।

# राज्य और जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श चुनाव आचार संहिता का सही मायने में पालन कराने के लिए राजनीतिक पार्टियों व उम्मीदवारों के राजनीतिक विज्ञापनों, पेड न्यूज व फेक न्यूज पर पैनी नजर रखने व इनके सर्टिफिकेशन प्रदान करने के लिए राज्य व जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष होंगे जबकि भारत के चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त एक पर्यवेक्षक, सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, पीआईबी और बीओसी, चंडीगढ़ की संयुक्त निदेशक सुश्री संगीता जोशी, भारतीय प्रेस परिषद के गुरिंदर सिंह, सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) विवेक कालिया तथा संयुक्त निर्वाचन अधिकारी , हरियाणा राजकुमार इस कमेटी के सदस्य मनोनीत किये गए हैं। यह कमेटी किसी भी राजनीतिक पार्टी, उम्मीदवार या किसी अन्य व्यक्ति को विज्ञापनों के संबंध में सर्टिफिकेशन प्रदान करने

**गठन**

**8 स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई**

या अस्वीकार करने के संबंध में की गई अपील पर निर्णय लेगी। ऐसी अपीलों पर निर्णय केवल मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा ही लिया जायेगा। इस संबंध में चुनाव आयोग को संदर्भ देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी प्रकार पेड न्यूज की विरुद्ध की गई अपील के संबंध में जिला स्तर पर गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) स्वतः निर्णय लेगी और उम्मीदवार को नोटिस जारी करने के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश जारी करेगी। इसी प्रकार भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार राज्य स्तर पर सर्टिफिकेशन कमेटी का भी गठन किया गया है जिसमें अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा श्रीमती हेमा शर्मा को अध्यक्ष, हारट्रोन के निदेशक यश गर्ग, हारट्रोन के उप महाप्रबंधक (पी एंड ए) निर्मल प्रकाश तथा पीआईबी, चंडीगढ़ के उप निदेशक हर्षित नारंग को कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया है।

# भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** हरियाणा भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई है। कर्मचारी प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह संयोजकों, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों और जिला संयोजकों की नियुक्ति की है। भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पुनिहाणी ने बताया कि प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह-संयोजक के पद पर सूरत सिंह बाबलिया, सुखविन्द्र सिंह बराड, बलबीर रोहिल्ला, बलवंत पांचाल, एम.आर. लरोइयॉ को नियुक्त किया है। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी में शिव प्रसाद शर्मा, ए.के. भनोट, महेन्द्र सिंह नरवाल, रवि चौधरी, संजीव कुमार, बी.के.मेहता-रिटायर्ड कमाडेंट, सुख दर्शन अत्री, बलबीर सिंह-रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक, राजपाल शेरा, सतीश कौशल, रणबीर सिंह, हरीश चंद्र गुलाटी, ओम नाथ मालिक, राजरूप यादव, पुष्पेन्द्र शर्मा , ईश्वर सिंह कौशिक, मोहन सिंह मनोचा, श्रीनिवास, शमशेर सिंह यादव, कृष्ण जुलानी, किशोरी लाल गुप्ता , जगत सिंह दलाल , जी.के.अरोड़ा, विनोद बिहारी शर्मा, प्रभु दयाल कौशिक, विजय अग्रवाल, विजय यादव, समुन्दर सिंह ग्रोवर, बलदेव सिंह, रणबीर फोगाट, महाबीर सिंह यादव, ओमप्रकाश यादव, सुरेंद्र यादव, सर्वसुख यादव रि.एस. एच.ओ, यशपाल यादव, संवत सिंह यादव, बी.पी. यादव रि.ए.एफ. एस.ओ., जे.पी.दहिया, प्रताप सिंह यादव, राजबीर रोहिल्ला, हरीश कुमार भृगू, रतिपाल सिंह, धर्मबीर, विजय वीर, बिपिन्न कुमार शर्मा और आर.सी. कटोच को शामिल किया है। भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पुनिहाणी ने बताया कि भरतपाल को पंचकूला संयोजक और मानसिंह सबगा को अंबाला जिला का संयोजक बनाया गया है। इसी प्रकार से रोशनलाल शर्मा को यमुनानगर, ईश्वर कौशिक को कुरुक्षेत्र, श्यामाल कल्याण को कैथल, श्यामलाल कम्बोज को करनाल, सतपाल जांगड़ा को पानीपत, मौजूद रहे।

# भाजपा का कोई प्रयोग नहीं होगा सफल: कुमारी सैलजा

## लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने को तैयार जनता, कुकृत्यों पर पर्दा डालने के लिए बदले सीएम और मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का कोई भी प्रयोग सफल नहीं होगा। प्रदेश के लोग इनके साढ़े 9 साल के कुशासन से तंग आ चुके हैं और लोकसभा व विधानसभा चुनाव में सबक सिखाने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के चेहरे बदल कर भाजपा ने अपने कुशासन व कुकृत्यों पर पर्दा डालने की जो कोशिश की है, उसमें इन्हें रत्ती भर भी सफलता नहीं मिलने वाली।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा व जजपा का गठबंधन था तो एक बार भी किसी भी घोटाले की जांच को अंजाम तक



नहीं पहुंचाया गया, क्योंकि जनता की गाढ़ी कमाई को चूसने में ये दोनों बराबर के भागीदार रहे हैं। कुछ घोटालों की जांच शुरू की गई, लेकिन जब भी किसी बड़े नेता की भूमिका सामने आती तो जांच को किसी न किसी बहाने से तुरंत रोक दिया जाता। प्रदेश की जनता जान चुकी है कि भ्रष्टाचार व घोटालों में ये बराबर के हिस्सेदार थे। पूर्व केंद्रीय ने कहा कि अब आने वाले दिनों में भाजपा नेता साढ़े 4 साल के भ्रष्टाचार की गठरी पूरी तरह से जजपा के सिर पर रखते हुए नजर आ सकते हैं। खुद को पाक-साफ साबित करने

**साधा निशाना**

**8 जनता पार्टी का कोई भी प्रयोग सफल नहीं होगा। प्रदेश के लोग इनके साढ़े 9 साल के कुशासन से तंग आ चुके हैं**

के लिए ये गठबंधन तोड़ने की वजह भ्रष्टाचार को बता सकते हैं। जबकि, इन्होंने प्रदेश के जनमत के विपरित आपसी हित साधने के लिए गठबंधन किया था, ताकि प्रदेश के लोगों के खून-पसीने की कमाई को ठगा जा सके।

कुमारी सैलजा ने कहा कि मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल में फेरबदल से पता चलता है कि भाजपा हाईकमान के पास हरियाणा में इनकी राजनीतिक जमीन खिसकने की पूरी रिपोर्ट पहुंच चुकी थी। अपनी पार्टी की डगमगाती नैय्या को पार लगाने के लिए ही इन्होंने सरकार में बदलाव करने का आखिरी दांव खेला। लेकिन, इस दांव का प्रदेश भाजपा के अंदर ही जोर-शोर से विरोध होने लगा है। यही कारण है कि मंत्री बनने के प्रबल दावेदारों की जगह ऐसे चेहरों को शपथ दिलाई गई, जो डमी मोहरे ही बने रहेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मंत्री पद पाने वाले भाजपा नेताओं को पता है कि यही उनकी पार्टी की सत्ता का आखिरी दौर है, इसलिए मंत्रिमंडल बनने के बाद उनमें मलाईदार महकमा हासिल करने की प्रतिस्पर्धा शुरू हो गई है।


## न्यूज फ्लैश

### आईसीआईसीआईसीआई बैंक के आईमोबाइल पे का इस्तेमाल कर रहे अन्य बैंकों के एक करोड़ से अधिक ग्राहक

**नोएडा।** एक अनूठी उपलब्धि हासिल करते हुए आईसीआईसीआई बैंक के रिटेल मोबाइल बैंकिंग ऐप आईमोबाइल पे ने अन्य बैंकों के एक करोड़ से अधिक ग्राहकों को अपने साथ जोड़ लिया है। अन्य बैंकों के ग्राहकों के लिए आईसीआईसीआई बैंक का यह ऐप खोलने के ठीक तीन साल बाद यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। 2008 में आईसीआईसीआई बैंक मोबाइल बैंकिंग ऐप लॉन्च करने में अग्रणी बैंक था। दिसंबर 2020 में, यह अन्य बैंकों के ग्राहकों को अपनी सेवाओं का लाभ देकर ऐप को इंटरऑपरेबल बनाने वाला पहला बैंक बन गया। तब से, किसी भी बैंक के ग्राहक कुछ सरल चरणों का पालन करके आईमोबाइल पे का उपयोग कर सकते हैं: अपने बचत बैंक खाते को ऐप से लिंक करें, एक यूपीआई आईडी बनाएं और सुविधाजनक सेवाओं की एक विस्तृत रेंज का आनंद लें। इनमें किसी भी यूपीआई आईडी या मर्चेंट को भुगतान करना, बिलों का भुगतान करना, ऑनलाइन रिचार्ज करना और किसी भी बैंक खाते, भुगतान ऐप और डिजिटल वॉलेट में पैसे ट्रांसफर करना शामिल है। इसके अलावा, यूजर आईसीआईसीआई बैंक द्वारा मिलने वाली कई बैंकिंग सेवाओं के साथ–साथ बचत खाता भी खोल सकते हैं, होम लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### तस्वा ने नोएडा में अपना दूसरा एक्सक्लूसिव ब्राण्ड आउटलेट खोला


**नोएडा।** तस्वा, आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल लि. और मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी के भारतीय मेन्सवियर ब्राण्ड तस्वा ने नोएडा में अपने दूसरे स्टोर का उद्घाटन किया है। यह स्टोर गौड़ सिटी मॉल में स्थित है। यह विस्तार अपने ग्राहकों को फैशन और लाइफस्टाइल के बेजोड़ विकल्प देने के लिये तस्वा की स्थायी प्रतिबद्धता दिखाता है।



नोएडा के भीड़भाड़ वाले गौड़ सिटी मॉल में महत्वपूर्ण रूप से स्थित नया तस्वा स्टोर शहर और उसके आस–पास के इलाकों के समझदार ग्राहकों को अपनी सेवा देगा। यहाँ सावधानी से तैयार किये गये वेडिंग और ओकेजन वियर की एक विविधता वाली श्रृंखला होगी। यहां बिल्कुल नया नजरिया पेश किया गया है जोकि बड़ी ही आसा नी से आरामदेयता और खूबसूरती का संयोजन करता है। नये स्टोर के शुभारंभ पर अपने विचार रखते हुए, तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहिलियानी ने कहा, तस्वा लंबे वक्त से मेरा सपना था, जोकि आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल के जरिये संभव हुआ है। यह नाम ही किसी के सबसे बढ़िया स्वरूप को व्यक्त करता है और हमने अपने ब्राण्ड को ऐसा बनाने में कड़ी मेहनत की है।

### ड्यूरोप्लाई ने पॉडकास्ट सीरीज बियॉन्ड ब्लूप्रिंट्स लॉन्च की

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे प्रीमियम प्लाईवुड निमार्ताओं में प्रमुख और सबसे अनुभवी कंपनी ड्यूरोप्लाई ने अपनी नई पहल बियान्ड ब्लूप्रिंट्स पॉडकास्ट सीरीज लॉन्च की है। इस पॉडकास्ट सीरीज में इंटीरियर



डिजाइनर्स और आर्किटेक्ट्स बताएंगे कि उन्हें यह प्रोफेशन अपनाने की प्रेरणा कहां से मिली और किन घटकों की मदद से उन्होंने अपनी डिजाइन फिलॉसफी को लगातार बेहतर बनाया है। ड्यूरोप्लाई के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एचं चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफीसर श्री अखिलेश चितलांगिया इस अनोखी पॉडकास्ट सीरीज के मेजबान हैं। इस पॉडकास्ट सीरीज में घरों की डिजाइनिंग की नई उभरती जरूरतों के बारे में बताया गया है।

# पूजा एवं हर्षिता की मून राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन में हुई नियुक्तियां

## नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मून** राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने दिल्ली प्रदेश टीम का विस्तार करते हुए पूजा राही वर्मा को स्टेट चेयरपर्सन दिल्ली एवं हर्षिता शर्मा को स्टेट डायरेक्टर दिल्ली नियुक्त किया। मून राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यालय में नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर अपने पद की गरिमा में रहते हुए




मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि मून राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन मानवाधिकारों की रक्षा व जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में जागरूकता सेमिनारों, महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा एंव बाल श्रम के लिए विशेष कार्यकम और इससे सम्बंधित मामलों के जरुरतमंदों को सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। पूजा राही वर्मा एवं हर्षिता शर्मा ने कहा कि मानव अधिकारों को समाज में स्थापित करने के लिए यह जरूरी है कि मानवीय गरिमा और प्रतिष्ठा के बारे में जन जागरूकता लाई जाए। जागरूकता और चेतना के लिए शिक्षा ही सर्वाधिक उपयुक्त साधन है।

इस दृष्टि से शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत ही मानावाधिकारों की शिक्षा भी शामिल है। यहाँ शिक्षा का उद्देश्य और उसका दायरा भी अत्यंत विस्तृत है। इस अवसर पर एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय निदेशक अजीत राही मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गांव बसताड़ा में निकाली गई जल बचाओ रैली



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। महिला महाविद्यालय** घरौंडा, बसताड़ा में प्राचार्य डॉ.महेंद्र सिंह बागी व कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के दिशा-निर्देशन और एनएसएस इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत गांव बसताड़ा में जल बचाओ रैली निकाली गई तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश शर्मा एएनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, राजकीय महाविद्यालय घरौंडा ने शिरकत की। कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह ने अपने वक्तव्य में छात्राओं से आत्मनिर्भर, जो सात दिवसीय शिविर का मुख्य विषय है, उसके बारे में विस्तार से चर्चा की तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयं सेविकाओं को समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक होकर समाज सेवा के लिए तत्पर रहने तथा व्यक्तित्व के विकास के लिए एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला।

# युवा अपनी एनर्जी का प्रयोग देश एवं समाज के लिए करें: राजीव गोयल



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरुनानक खालसा** कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने सभी गतिविधियों में बढ़-चढकर भाग लिया। प्रतियोगिता में पिपली अनाज मंडी आढ़ती संघ के प्रधान राजीव गोयल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य एवं निर्माण करता है। युवा शक्ति ही देश के विकास में सबसे अधिक योगदान देता है। इसलिए युवा सही दिशा में जाकर राष्ट्र को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि युवा अपनी एनर्जी का प्रयोग देश एवं समाज के लिए करें। कॉलेज प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने कहा कि कॉलेज के खिलाडिों ने अनेक पुरस्कार जीते हैं और कॉलेज के विभिन्न छात्र-छात्राएं कॉलेज से शिक्षा ग्रहण कके खेल क माध्यम से विभिन्न सरकारी पदोंपर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज ने न केवल राष्ट्रीय, अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में सक्रिय भागीदारी की है।

# दूध लेने गए युवक व उसकी ताई के साथ मारपीट

**गन्नौर। बांय गांव** में दूध लेने गए युवक के साथ शराब के नशे में दो युवकों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। हमले में युवक घायल हो गया। घायल ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बांय गांव निवासी सौरभ ने बताया कि वह 20 मार्च की रात को दूध लेने के लिए दुकान पर गया था। दुकान पर गांव के ही सुनील उर्फ सुंडी व रिंकू उर्फ जंगली शराब के नशे में खड़े थे। आरोप है कि सुनील व रिंकू उसके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। बीच बचाव करने उसकी ताई के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। लोगों को आता देख दोनों आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने सुनील उर्फ सुंडी व रिंकू उर्फ जंगली के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चुनाव प्रचार के लिए बिना अनुमति के प्रयोग नहीं कर सकते लाउड स्पीकर : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा के साथ ही जिला में आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार कोई भी राजनैतिक दल, उम्मीदवार या पार्टी समर्थक चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं कर सकता। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिक ध्वनि पर लाउड स्पीकर का अंधाधुंध और निर्बाध उपयोग करने से लोगों को परेशानी के साथ-साथ शांति भंग होने का खतरा रहता है, इसलिए संबंधित राजनैतिक दल या



उम्मीदवार चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए अधिक ध्वनि में लाउडस्पीकर का प्रयोग न करें। उन्होंने बताया कि प्रशासन की अनुमति के साथ ही सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लाउडस्पीकर के लिए संबंधित एसडीएम द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल, उम्मीदवार व उनके समर्थक इन आदेशों की पालना करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए परमिट देने वाले प्राधिकारी और पुलिस अधिकारी सख्ती से इन हिदायतों को लागू करेंगे और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाए। यदि लिखित अनुमति के बिना लाउडस्पीकर का उपयोग किया जाता है तो निर्वाचन आयोग के हिदायतों के अनुसार लाउडस्पीकर और अन्य सभी प्रकार सामग्री तत्काल जब्त कर ली जाएगी।

# प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित हो: अखिल पिलानी

## नागरिक लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज निभाएं

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निर्वाचन क्षेत्र** 19-नीलोखेड़ी के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गई है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के साथ साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा द हरियाणा डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित की जाए।

वे वीरवार को नीलोखेड़ी क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने



लगभग एक दर्जन से अधिक मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए सरकारी भवनों की दीवारों से राजनीतिक विज्ञापनों को हटवाया तथा मतदान केंद्रों में रैम्प, पीने का पानी, बिजली व सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी राजनीतिक दल व उम्मीदवार चुनाव प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार चुनाव संहिता की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करें। किसी भी ढंग से आदर्श चुनाव संहिता की उल्लंघना ना करें अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोकतंत्र के इस महापर्व में जिम्मेदार नागरिक होने का फर्ज अदा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान सरकारी, गैर सरकारी संपत्ति या सरकारी परिसर यानि कार्यालय भवन, परिसर और प्रतिष्ठान की पर दीवार-लेखन, पोस्टर आदि सभी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना प्रतिबंधित है।

इसी प्रकार से सार्वजनिक संपत्ति और सार्वजनिक स्थान पर जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सडक मार्ग, सरकारी बसों, बिजली-टेलीफोन के खंभे, नगरपालिका-स्थानीय निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सचिवालय, आंगनवाड़ी केंद्र, आयुष, स्वास्थ्य विभाग व पशुपालन विभाग की डिस्पेंसरी के भवनों पर प्रचार सामग्री नहीं होनी चाहिए। इसके साथ-साथ यदि ऐसा कोई करता है तो वह आदर्श चुनाव आचार संहिता और डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की अवहेलना माना जाएगा। वहीं कोई भी राजनीतिक दल मकान या प्रतिष्ठान के मालिक की इजाजत के बिना उस पर अपनी प्रचार सामग्री चस्पा नहीं कर सकता।

**विभागाध्यक्ष डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना करें**

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी विभागों के विभागाध्यक्षों को डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की सख्त से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वे अपने-अपने कार्यालय परिसर में डिफेसमेंट ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट की पालना सुनिश्चित करें। सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई राजनीतिक संदेश, होर्डिंग, पोस्टर, वॉल पेंटिंग नहीं लगी होनी चाहिए। यदि ऐसा पाया जाता है तो यह हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ डिफेसमेंट प्रॉपर्टी एक्ट 1989 और संशोधित अधिनियम 1996 के अंतर्गत उल्लंघन माना जाएगा और कार्रवाई की जाएगी।

# राजनैतिक पार्टियों व प्रत्याशियों को करनी होगी आदर्श आचार संहिता की पालना : उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा के साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव लडे वाले प्रत्याशियों व राजनैतिक दलों को इसकी पालना करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि जैसे ही उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल करेगा वैसे ही उसके चुनावी खर्चे की गणना आरंभ हो जाएगी, उसके लिए उम्मीदवारों को अलग से बिल खाते का ब्यौरा देना होगा। उन्होंने बताया कि सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए प्रतिभूति राशि 25 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए 12 हजार 500 रुपए होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकसभा चुनाव में एक उम्मीदवार 95 लाख रुपए तक की राशि खर्च कर सकता है। उम्मीदवारों को अपने खर्चे का विवरण चुनाव कार्यालय में जमा करवाना होगा।

**स्टार कैंपेनर के लिए वाहन उपयोग के लिए लेनी होगी अनुमति**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र भरते समय चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को फॉर्म 26 एफिडेविट के रूप में भरकर देना होगा जिसे नोटरी या क्लास वन मजिस्ट्रेट से सत्यापित करवाना होगा। स्टार कैंपेनर के लिए वाहन के उपयोग के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से अनुमति प्राप्त करनी होगी। चुनाव के दिन एक वाहन में चालक सहित अधिकतम पांच व्यक्तियों की अनुमति होगी। चुनाव रैलियों के लिए उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्थान निर्धारित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ मोबाइल एप्लीकेशन तैयार किए हैं।

# ट्राले ने बाइक को मारी टक्कर, पूर्व कबड्डी प्लेयर की मौत

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले में** तरावड़ी के सौकड़ा रोड पर एक ट्रॉले ने बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार पूर्व कबड्डी प्लेयर ट्रॉले के पहिए से कुचला गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ बाइक पर एक और व्यक्ति सवार था। वह भी इस दुर्घटना में घायल हुआ है।

घटना की सूचना मिलने पर तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, घायल का उपचार जारी है। दुर्घटना के बाद ट्रॉले का ड्राइवर गाड़ी छोडकर मौके से फरार हो गया।




पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, बस्तली गांव निवासी 50 वर्षीय सुरेश कुमार कबड्डी में नेशनल लेवल का प्लेयर था। गुरुवार को वह अपने एक साथी के साथ बाइक से सौकड़ा से तरावड़ी की तरफ जा रहा था। बताया जाता है कि सामने से पहले एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी। इससे वह और उसका साथी सडक पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रॉले ने सुरेश को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# स्वस्थ जीवन जीना जिंदगी की जमा पूंजी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के तहत मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में आज का विशेष सत्र फव्वारा पार्क सेक्टर 12 से संचालित किया गया। आज के सत्र में करनाल न्यूज 24 फेसबुक चैनल से विनय विज ने विशेष रूप से शिरकत की। विनय विज ने दिनेश गुलाटी और उनकी टीम को समाज में उनके द्वारा किए जा रहे नेक कार्य के लिए खूब तारीफ की। जोगिंग यॉगिंग से दिनेश गुलाटी ने सत्र की शुरूआत की। योग शिक्षिका नीलम बटला और वीना धीर ने आसनों का अभ्यास



करवाया।

प्राणायाम सत्र के दौरान दिनेश गुलाटी ने कहा कि उच्च रक्तचाप और निम्न रक्तचाप को नियंत्रित करने में चंद्र भेदी और सूर्य भेदी प्राणायाम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चंद्र भेदी प्राणायाम का अभ्यास गर्मियों में किया जाना चाहिए। उच्च रक्तचाप और हृदय रोगियों के लिए यह प्राणायाम लाभदायक है। मस्तिष्क की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। अस्थमा और निम्न रक्तचाप वाले रोगियों को इस प्राणायाम का अभ्यास नहीं करना चाहिए। इसके विपरित सूर्य भेदी प्राणायाम निम्न रक्तचाप वाले रोगियों को करना चाहिए। यह प्राणशक्ति को जागृत करता है और रक्त शोधन करता है, मन को स्वस्थ रखता है और इच्छा शक्ति को बढ़ाता है। चिंता, अवसाद, निम्न रक्तचाप और मानसिक बीमारियो को कम करने में मदद करता है। इस अवसर पर योग शिक्षिका नीलम बटला और वीना धीर, नरेश चौधरी और साधकों में रिंकी जैन, पूजा कथूरिया, रजनी, रितु, रमा चौटानी, राहुल गेरा, निर्मला, मेहर सिंह, अजय कंबोज, अनुज जैन और अन्य कई साधक मौजूद रहे।

# अब एमएचयू बनाएगा फूलों से हर्बल गुलाल : डा. सुरेश कुमार मल्होत्रा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बाजार में** आजकल ऐसे रंग आ रहे हैं, जो त्वचा, आंखों, बालों पर गंभीर असर डालते हैं, जो मानवीय स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक होते हैं। कई बार तो लोगों के सामने अस्पताल तक जाने की नौबत आ जाती है। इन सब बातों को ध्यान रखते हुए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक विभिन्न फूल-पत्तियों से हर्बल गुलाल तैयार करने में जुटे हैं। इन प्रयासों में वैज्ञानिकों को गेंदे की फूल पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार करने में सफलता पाई हैं। एमएचयू द्वारा विभिन्न फूलों पर अनुसंधान किया जा रहा है।एमएचयू के



कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने बताया कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है कि लोगों को किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोडा। जैसे-जैसे प्राकृतिक खेती बढ़ेगी, उसी अनुरूप लोगों

**सफलता**

**8 प्रयासों में वैज्ञानिकों को गेंदे की फूल पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार करने में सफलता पाई**

का रूझान भी प्राकृतिक खेती के उपजी फसलों की ओर जाएगा। उनके उत्पादों के फायदों के प्रति जागरूक करने के लिए एमएचयू तेजी से प्रयास कर रही हैं। कुलपति ने बताया कि एमएचयू ने होली पर्व को देखते हुए गेंदे की फूल, पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार किया है, जो कैमिकल रहित हैं। प्राकृतिक तरीके से गेंदे के फूल, पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार किया है, बाकि कई प्रकार के फूलों से हर्बल गुलाल तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। क्योंकि आजकल लोगों में प्राकृतिक रंगों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। ऐसे में एमएचयू द्वारा तैयार किए जा रहे हर्बल रंगों का रूझान एकदम बढ़ेगा, जिसकी पूर्ति के लिए ज्यादा संसाधनों की जरुरत होगी। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा हर्बल रंगों की मांग पूरा करने के लिए व्यापारिकरण का प्रयास किया जाएगा।

**हर्बल गुलाल का रंग भी प्राकृतिक ही रखा गया**

कुलपति ने बताया कि एमएचयू की टीम ने फूल, पत्तियों व फलों को सुखाकर बारीक पिसाई करके यह रंग तैयार किए है। किसी तरह का दूसरा रंग या केमिकल्स का प्रयोग नहीं किया गया हैं। फूल, पत्तियों और चुकंदर से तैयार हर्बल गुलाल का रंग भी प्राकृतिक ही रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिन फूलों से हर्बल गुलाल बनाया गया हैं,

वे उन फूलों की पैदावार भी उद्यान विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं की हैं। उन्होंने सभी से अपील कि होली पर्व को मिलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं, हर्बल गुलाल का प्रयोग करें। पानी का प्रयोग न करें। क्योंकि पानी अनमोल चीज हैं, इसे सहेजने की आवश्यकता है।

# एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में हुआ भव्य कार्यक्रम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुरानी अनाज मंडी** स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव मनाया जा रहा है। फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को लाइटों और श्याम बाबा को फूलों से सजाया गया। सुबह के समय घनश्याम गुप्ता, सुनील गुप्ता व मुख्य सेवक एवं प्रधान देशराज गुप्ता व अन्य सहयोगियों ने निशान पूजा कर निशान यात्रा आरंभ की। मंदिर में सारा दिन भक्तों का तांता लगा रहा। सायं के समय सुप्रसिद्ध



भजन गायक वर्मा व हिमांशु सिंगला ने देर रात तक बाबा का गुणगान किया। एकादशी पर बाबा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक भक्तजनों ने श्याम बाबा के दर्शन करके सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर के मुख्य सेवक एवं प्रधान देशराज गुप्ता ने बताया कि पंचांग के अनुसार एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित है। फाल्गुन माह में मनाई जाने वाली इस एकादशी को आमलकी और रंगभरी एकादशी के रूप में जाना जाता है।

## संपादकीय

# सरकार का विरोध करने पर कठोर दंड!

**वैश्विक** स्तरपर जहां एक ओर दुनियां के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र अमेरिका और भारत में 2024 में चुनावी महापर्व हो रहा है,अमेरिका में जहां नवंबर 2024 में चुनाव होगा,जिसकी प्रक्रिया शुरू है और जो बाईडेन व डोनाल्ड ट्रंप उम्मीदवार निर्धारित हो गए हैं तो वहीं भारत में चुनाव की अधिसूचना जारी हो चुकी है। 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक सात चरणों में चुनाव होगा और 4 जून 2024 को नतीजे घोषित किए जाएंगे।वहीं हांगकांग में दिनांक 19 मार्च 2024 को देर शाम संसदमें एक अनोखा अद्भुत राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पर पारित कर विश्व को चकित कर दिया है,जिसमें सरकार और उसकी नीतियों का विरोध करने असहमती जताने वाले को कड़ा व कठोर दंड का प्रावधान है इसको हम इसी एक बात से समझ सकते हैं कि, जानकारों का कहना है इस कानून का अधिकारों के हनन में गलत तरीके से भी इस्तेमाल हो सकता है,इसे इस उदाहरण से समझा जा सकता है कि 2021 में एक शख्स ने हांगकांग की आजादी का नारा दिया था,इस दौरान मोटरसाइकिल पर झंडा फहराने और आतंकवाद एवं अलगाव के आरोप में उसे दोषी पाया गया था,जिसके बाद उसे करीब 9 साल की कठोर सजा सुनाई गई थी,पेश किए गए कानून में कई प्रकार की चीजों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है। इसमें सबसे गंभीर देशद्रोह और विद्रोह के लिए कानून बनाया गया है। नए कानून के तहत देशद्रोही प्रकाशनों और छोटे अपराधों के लिए भी कई वर्षों की जेल हो सकती है। यही नहीं कुछ प्रावधान ऐसे हैं जिसमें दुनियां के किसी कोने में भी किए गए आपराधिक कार्य के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। चूंकि इस कानून से मानव अधिकारों पर कड़ा प्रहार हो सकता है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय मंचों द्वारा मानव अधिकारों और लोकतंत्र का हनन करने में सक्षम किसी भी कानून का विरोध कर उसे रोकना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम हांगकांग की संसद में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित होने की करें तो,हांगकांग में एक नया कानून अस्तित्व में आ गया है जो सरकार को विपक्षी आवाजों को कुचलने की और अधिक शक्ति प्रदान करता है।नए कानून के तहत देश विरोधी गतिविधियों के लिए आजीवन कारावास की सजा मिल सकती है। हांगकांग के सांसदों ने मंगलवार को जो एक नया नेशनल सिक्योरिटी लॉ पारित किया है, जो सरकार को विरोध में उठने वाली आवाजों को कुचलने की और अधिक शक्ति प्रदान करता है।इसे 2019 में लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों के कारण बड़े पैमाने पर हुई राजनीतिक कार्रवाई के हालिया कदम के रूप में देखा जा रहा है।मंगलवारको एक विशेष सत्र के दौरान सेफगार्डिंग नेशनल सिक्योरिटी लॉ पारित हुआ वह 8 मार्च 2024 को लाया गया था। यह चार साल पहले बीजिंग की ओर से लाए गए एक कानून के समान है जिसने विपक्षी आवाजों का काफी हद तक खामोश कर दिया है।हांगकांग की विधान परिषद, जो चुनावी बदलाव के बाद बीजिंग के प्रति वफादारों से भरी हुई है, ने इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया।हांगकांग के नेता की ओर से कानून को तेजी से आगे बढ़ाने की अपील के बाद एक समिति ने एक हफ्ते तक रोज बैठकें कीं,नए कानून में कई प्रकार की गतिविधियों के लिए कठोर दंड का प्रावधान है जिसे अधिकारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं।

# लोकतंत्र के महापर्व का शंखनाद



रोहित माहेश्वरी

"देश में उत्तर, दक्षिण में मतदाताओं के रुझान में भिन्नता भी एक मुद्दा रहा है, लेकिन लोकतंत्र में पारदर्शिता, शुचिता और योग्य प्रतिनिधियों का चयन एक सर्वकालिक सत्य है। सही मायनों में यह लोकतंत्र का महोत्सव राजनेताओं का नहीं, जनता का है। मतदाता को अपने वोट की कीमत समझकर इसे बदलाव के अस्त्र के रूप में प्रयोग करना चाहिए। उसे जातीय,धार्मिकता, क्षेत्रवाद और आर्थिक प्रलोभनों को सिरे से खारिज करके लोकतंत्र को समृद्ध बनाना चाहिए। उसे विचार करना चाहिए कि देश की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में क्यों धनबलियों का वर्चस्व हो रहा है। क्यों आम आदमी अब चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है?"

**चुनाव** किसी भी लोकतांत्रिक देश में पर्व से कम नहीं होते। दुनिय के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में इस पर्व का ऐलान हो चुका है।यह ऐसा पर्व है, जब देश की आम जनता वोट देकर लोकतंत्र को जिंदा रखती है और इस तरह देश के गणतंत्र और संविधान भी प्रासंगिक रहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनावी पर्व भी व्यापक और गहरा होता है। करीब 97 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर 18वीं लोकसभा, विधानसभाओं और अंततः भारत सरकार का निर्वाचन करेंगे। इससे बड़ा लोकतंत्र और क्या हो सकता है? इतना विशाल और विराट लोकतंत्र अपने अस्तित्व के खतरे में कैसे हो सकता है? ये तथ्य और सत्य नहीं, फिजूल वाचाली है। भारत में जनादेश का यह उत्सव सम्यक सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता, क्षेत्र-निरपेक्षता, समन्वय, कमोबेश हिंसामुक्त और विवेकपूर्ण होता है, लिहाजा जनादेश को राष्ट्रीय और सर्वसम्मत माना जाता है। जनादेश स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक साबित हो, लिहाजा देश में 81 दिन की आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। समूचे देश का प्रशासन अब चुनाव आयोग के अधीन आ गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री के स्तर पर भी किसी नई नीति की घोषणा नहीं की जा सकती। हमारा यह जनादेशी पर्व व्यापक और पारदर्शी इसलिए आंका जाता रहा है, क्योंकि दूरदराज गांव, इलाका और पहाड़ की चोटियों पर मौजूद मतदाता भी अपनी सरकार चुनने के लिए वोट देने को संवैधानिक आधार पर अधिकृत हैं। जो सैनिक सरहदों पर तैनात हैं अथवा जो नागरिक किसी कार्यवश अपने क्षेत्र और घर से दूर हैं, उनके मताधिकार की भी व्यवस्था चुनाव आयोग करता है। अत्यधिक बुजुर्ग और दिव्यांग नागरिकों के मतदान उनके घरों पर ही सुनिश्चित कराए जाते हैं। पहली प्राथमिकता मतदान की है।

बहरहाल 18वीं लोकसभा के लिए मतदान 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में कराया जाएगा। मतगणना 4 जून को ही सम्पन्न हो जाएगी, लिहाजा उसी दिन शाम तक स्पष्ट हो जाएगा कि जनादेश किसे मिला है? नई सरकार किस पार्टी और गठबंधन की बनेगी? सिर्फ जनादेश की तटस्थता और ईमानदारी के लिए आयोग 55 लाख ईवीएम का इस्तेमाल करेगा और 1.5 करोड़ चुनावकर्मी और सुरक्षाकर्मी जनादेश के पर्व को समानता और शांति से सम्पन्न कराएंगे। ईवीएम पर सर्वोच्च अदालत तमाम याचिकाओं को खारिज करते हुए ईवीएम को मान्यता दे चुकी है।



अब इस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रलाप बेमानी है। बहरहाल इन आंकड़ों के मद्देनजर भी हमारा आम चुनाव दुनिया में सबसे बड़ा और निष्पक्षता का उदाहरण है। अलबत्ता कुछ काली भेड़ें इस पर भी कालिख पोतने का दुस्साहस करती हैं, लेकिन वे नाकाम ही रहती हैं। जनादेश का यह सौभाग्यशाली दिन होगा, जब 1.82 करोड़ युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे और जनादेश की मुख्यधारा में जुड़ेंगे। चुनाव बूथ वाले उन मतदाताओं का मुंह मीठा कराएंगे। कुल 21.5 करोड़ मतदाता, जिनका आयु-वर्ग 18-29 साल है, जनादेश के पर्व में शिरकत करेंगे। लोकतांत्रिक देश में जनता की ओर से सरकार बनाई जाती है। यह तभी संभव है जब हम अपने मत का प्रयोग करें। भारत जैसे विशाल देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था का बहुत महत्व है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब की भागीदारी एक नैतिक जिम्मेदारी भी है। मतदान से हम सिर्फ सरकार को ही नहीं चुनते, बल्कि अपनी दिशा व दशा तय करते हैं। वोट से आने वाले परिणाम को हम जनादेश यानी जन का आदेश कहते हैं। जो यह तय करता है कि उनका प्रतिनिधित्व कौन करेगा। इसलिए हर नागरिक का कर्तव्य बढ़ जाता है कि वह मतदान कर अपना प्रतिनिधि चुने। मतदान न कर हम औरों द्वारा चुने गए प्रतिनिधि को अपना प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी दे देते हैं। इसलिए यह हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि वोट देकर लोकतंत्र की प्रक्रिया का हिस्सा बनें। इसके लिए हमारा मतदान करना बहुत जरूरी है। अधिकतर देशों में इतनी तो आबादी भी नहीं होती और भारत के जनादेश की इतनी व्यापक ताकत है। बहरहाल इस बार का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण और निर्णायक होगा। निश्चित रूप से मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है जो वोट डालने घर से नहीं निकलता। जो बड़ा तबका निकलता भी है वह भी धर्म, जाति,क्षेत्र और धनबल से रचे सम्मोहन से मुक्त नहीं हो पाता। विचारणीय प्रश्न यह भी कि क्यों आज भी मतदाता मुफ्त की रेवड़ियों के मोहपाश में जकड़ा हुआ है। मतदाता अपने बेशकीमती वोट को छोटे प्रलोभनों के लिये क्यों जाया कर देता है। देश में पिछले दशकों में साक्षरता का स्तर ऊंचा हुआ है। निस्संदेह, गरीबी के आंकड़ों में काट-छांट के दावे सरकारों की तरफ से किये जाते रहे हैं। देश में गरीबी की उपस्थिति भी एक सत्य है। लेकिन साधनविहीनता का यह मतलब कदापि नहीं है कि हम छोटे-छोटे प्रलोभनों में फंसकर विवेकशील ढंग से मतदान न कर सकें।

देश में उत्तर, दक्षिण में मतदाताओं के रुझान में भिन्नता भी एक मुद्दा रहा है, लेकिन लोकतंत्र में पारदर्शिता, शुचिता और योग्य प्रतिनिधियों का चयन एक सर्वकालिक सत्य है। सही मायनों में यह लोकतंत्र का महोत्सव राजनेताओं का नहीं, जनता का है। मतदाता को अपने वोट की कीमत समझकर इसे बदलाव के अस्त्र के रूप में प्रयोग करना चाहिए।

उसे जातीय,धार्मिकता, क्षेत्रवाद और आर्थिक प्रलोभनों को सिरे से खारिज कर-के लोकतंत्र को समृद्ध बनाना चाहिए। उसे विचार करना चाहिए कि देश की जनप्रतिनिधि संस्थाओं में क्यों धनबलियों का वर्चस्व हो रहा है। क्यों आम आदमी अब चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है? क्यों जनप्रतिनिधि चुनाव जीतते ही अरबों में खेलने लगते हैं? यह विडंबना है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपहारों, शराब और नकदी के अंबार की बरामदगी इस संकट की ओर इशारा करती है कि अल्पकालिक लाभ के लिये कमजोर वर्ग के मतदाताओं को लुभाने के लिये सारे दांव चले जाते हैं। निस्संदेह, इक्कीसवीं सदी के भारतीय लोकतंत्र में इन प्रवृत्तियों पर अंकुश लगना चाहिए। एक अरब के करीब पहुंचते मतदाताओं के लिये सुचारू-शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्था करना आसान भी नहीं है। भौगोलिक जटिलताओं, बड़ी आबादी और कानून व्यवस्था के प्रश्न चुनावी प्रक्रिया को लंबा बनाते हैं। निस्संदेह, यह नेताओं व सरकार का पांच साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करने का वक्त है। यह आसमान से तारे तोड़ लाने के वायदे करने का वक्त है।

खामियों को दबाने और उपलब्धियों के बखान का वक्त है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वक्त मतदाता के लिये है कि वह अच्छे-बुरे का फर्क करके तार्किक आधार पर अपने बेशकीमती मत का उपयोग करे। भारतीय राजनीति में दागियों का दखल और धनबल का बढ़ता वर्चस्व यही बताता है कि हमारा मतदाता इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 और 2019 में लगातार दो राष्ट्रीय जनादेश भाजपा-एनडीए को हासिल हो चुके हैं। यदि तीसरी बार भी जनादेश उन्हीं के पक्ष में रहता है, तो प्रधानमंत्री मोदी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समकक्ष हो जाएंगे, क्योंकि लगातार तीन बार जनादेश प्राप्त करने वाला कोई अन्य प्रधानमंत्री नहीं है। जिस दौर में यह चुनाव हो रहा है,

उसमें एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच बड़े उग्र विरोधाभास हैं, नतीजतन नफरती भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। राजनीतिक दल और नेता व्यक्तिगत आक्रमण भी कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने इस संदर्भ में एक खास सलाह दी है और दलों को संयमी, सतर्क और समभावी होने के निर्देश भी दिए हैं। ऐसा भी परामर्श दिया गया है कि जाति और धर्म पर आधारित चुनाव प्रचार न किया जाए। यदि कोई दल किसी आपराधिक व्यक्ति को उम्मीदवार बनाता है, तो आयोग के इस संबंध में भी कुछ निर्देश हैं।

## कविता

### संजीव-नी

हवा में जो हम दीपक जलाना सीख लेते हैं।

हवा में जो हम दीप जलाना सीख लेते हैं ।
गमों की भीड़ में मुस्कुराना सीख लेते हैं ।।

उन्हें आता नहीं दुश्मनों को भी बुरा कहना।
वो सलीके से गीत गाना सीख लेते हैं।।

कैसी जात,मजहब कैसी सरनहद।
प्यार से हर पर्दे हटाना सीख लेते हैं।।

पौधे नाजुक हैं, तरीके से लगाना इन्हें।।
उपजाऊ हो जमीन, फलना सीख लेते हैं।।

छोड़ो भी जिंदगी के फलसफे साहब।।
चलो संजीव अब हंसना हंसाना सीख लेते हैं ।।

संजीव
---------

# जल है तोजीवन है, जीवन है तभी तो कल है

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

पेयजल पृथ्वी पर कितनी अहम चीज है यह निम्न सर्वे से पता चल सकता है- की पूरी पृथ्वी में पीने लायक जल की मात्रा केवल एक परसेंट से कुछ अधिक है। यह अत्यंत ही ज्वलंत मुद्दा है। यह किसी एक देश की नहीं बल्कि वैश्विक दृष्टिकोण से गंभीर मसला है। जब हम जल पर सहयोग करते हैं तो हम एक सकारात्मक प्रभाव पैदा करते हैं। सद्भाव को बढ़ावा देना, समृद्धि पैदा करना और साझा चुनौतियों के प्रति लचीलापन बनाना भी हमारा अहम दायित्व बनता है। हमें इस एहसास के साथ काम करना चाहिए कि जल न केवल जीवनोपयोगी एक संसाधन है। अपितु एक मानव अधिकार भी है। जो हमारे जीवन के हर पहलू में शामिल है। विश्व जल दिवस 2024 का विषय शांति के लिए जल है। इस विश्व जल दिवस पर, हम सभी को पानी के लिए एकजुट होने और शांति के लिए पानी का उपयोग करने, एक अधिक स्थिर और समृद्ध कल की नींव रखने की जरूरत है। पानी शांति पैदा कर सकता है या संघर्ष भड़का सकता है। जब जल दुर्लभ या प्रदूषित होता है, या जब लोग जल तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं, तो तनाव बढ़ सकता है। जल पर सहयोग करके, हम हर किसी की जल की जरूरतों को संतुलित कर सकते हैं और दुनिया को स्थिर करने में मदद कर सकते हैं समृद्धि और शांति जल पर निर्भर है। जैसे-जैसे राष्ट्र जलवायु परिवर्तन, बड़े पैमाने पर प्रवासन और राजनीतिक अशांति का प्रबंधन करते हैं, उन्हें जल सहयोग को अपनी योजनाओं के केंद्र में रखना चाहिए। जल हमें संकट से बाहर निकाल सकता है। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनों से लेकर स्थानीय स्तर पर कार्रवाई तक पानी के उचित और टिकाऊ उपयोग के लिए एकजुट होकर समुदायों और देशों के बीच सद्भाव को बढ़ावा दे सकते हैं। क्या आप जानते हैं? 2.2 अरब लोग अभी भी सुरक्षित रूप से स्वच्छ पेयजल के बिना रहते हैं, जिनमें 11.5 करोड़ लोग भी शामिल हैं जो सतही जल पीते हैं। दुनिया की लगभग आधी आबादी साल के कम से? कम हिस्से में पानी की गंभीर कमी का सामना कर रही है। पिछले पचास वर्षों में आपदाओं की सूची में पानी से संबंधित आपदाएँ हावी रही हैं। प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित सभी मौतों में से सत्तर प्रतिशत के लिए पेयजल जिम्मेदार हैं। दुनिया के ताजे पानी के प्रवाह में सीमा पार जल का योगदान 60 प्रतिशत है, और 153 देशों के पास 310 सीमा पार नदी और झील घाटियों में से कम से कम एक प्रतिशत का क्षेत्र है । 468 सीमा पार जलभृत प्रणालियां मौजूद हैं। केवल 24 देशों की रिपोर्ट है कि उनके सभी सीमा पार बेसिन सहयोग व्यवस्था के अंतर्गत आते हैं।जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर दुनियाभर में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

## विचार

# प्रज्ञा मनुष्य की चेतना का मूल स्रोत

**संजीव**

**मनुष्य** के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निदेशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि पाप से घृणा करो पापी से नहीं फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।

एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# सुरक्षित होली के टिप्स

**शहनाज हुसैन**

**गर्मियों** के सबसे पसन्दीदा त्यौहार होली का आगाज शुरू हो गया है / होली त्यौहार की औपचारिक शुरूआत बरसाना से हो चुकी है / होली का त्यौहार भारतीयों के दिलों में खास जगह रखता है / इस पावन त्यौहार को सदियों से हम एक दूजे के साथ रंग खेलकर मानते आये हैं / पुराने समय में होली खेलने में आर्गेनिक रंगों का प्रयोग किया जाता था जिससे बालों और त्वचा में निखार आ जाता था तथा प्रकृतिक रंगो से सेहत पर भी सकारात्मक प्रभाब पड़ता था / लेकिन पिछले कुछ सालों से जहां यह त्यौहार बैश्विक स्तर पर मनाया जाने लगा है बहीं दूसरी ओर आर्गेनिक रंगों की जगह केमिकल रंगों ने ले ली है जिनके उपयोग से बालों , त्वचा और सेहत चौपट हो जाती है / "बुरा न मानो होली है " कहकर युबाओ की टोलियां पिचकारी ,गुव्वारों ,डाई वा गुलाल में बाजार में बिकने बाले जिन रंगों का प्रयोग करते हैं उनमें माइका ,लेड जैसे हानिकारक रसायनिक मिले होते हैं जिससे बाल तथा त्वचा रूखी एवं बेजान हो जाती है , बल झड़ना शुरू हो जाते हैं तथा त्वचा में जलन एवं खारिश शुरू हो जाती है // हालाँकि कुछ लोग होली के रंगों से बचने के लिए अपने आपको घरों तक ही सिमित रखते हैं लेकिन मेरा यह मानना है की रंगो से बचने की बजाय आपको कुछ साबधानियों के साथ इस त्यौहार का भरपूर मजा लेना चाहिए / सबसे पहले मेरी सलाह है की छह माह से कम आयु के बच्चों को केमिकल युक्त रंगों से जरूर बचाएँ क्योंकि उनकी त्वचा काफी नाजुक होती है और उनकी प्रतिरोधक क्षमता भी काफी कमजोर होती है जिसके चलते केमिकल युक्त रंग उन्हें ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं / लेकिन अपने बेबी को होली के त्यौहार के प्रीतात्मक रूप में लाल चन्दन का टीका लगाना मत भूलिए क्योंकि यह उसकी पहली होली है /

अक्सर होली खेलती बार हम अपनी आँखों की सुरक्षा की परबाह कम ही करते हैं जोकि कई बार घातक साबित हो जाती है होली खेलती बार कॉन्टैक्ट लेंस उपयोग में मत लाइए क्योंकि कॉन्टैक्ट लेंस के माध्यम से रंग आपकी आँखों में जा सकते हैं और आप रंगों के संक्रमण का शिकार हो सकते है।

## अजब-गजब

**डॉ. सुरेश कुमार**

एक दिन पड़ोसी से मेरा झगड़ा हो गया। न जाने उसके सिर पर कौन सा भूत सवार रहता है जो चौबीसों घंटे हमारी निगरानी करता रहता है। समझ नहीं आता कि पड़ोसी है या रूस का राष्ट्रपति पुतिन। यह दुनिया भी बड़ी गजब है। अपना छोड़कर सब का हिसाब किताब चाहिए होता है। कब, कौन, कहाँ, क्यों, कैसे और किस काम के लिए पड़ोस के घर आया है यही पता लगाने में लोग घर-घर ब्योमकेश बक्शी बनते जा रहे हैं। इन्हीं के चलते घर से निकलना दुश्वार हो गया है।

हां तो मैं आपको बता रहा था कि पड़ोसी से मेरी कहा-सुनी हो गई। मामला हाथापाई से होते हुए थाने तक पहुंच गया। थाना तो थाना है साहब! बड़ी गजब की जगह है। कुछ के अनुभवों को रेखांकित किया जाए तो थाना जाने की जगह श्मशान जाना सबसे बेहतर होता है। श्मशान इसलिए कि थाने में भी वही कुछ होता है जो श्मशान में होता है। अंतर केवल समय की मात्रा का होता है। जो काम श्मशान में जल्दी से होता है वही काम थाने में बड़े इत्मीनान के साथ किया जाता है। हम दो झगड़ालू अपने-अपने ढंग से हाथापाई की आपबीती भूतकाल के संजय की त्रह सुना रहे थे। पुलिस बाबू ने एक लंबी सी जम्हाई ली जिसमें बीस-तीस मक्खी आसानी से घूम-फिर सकते थे। किंतु थाने की मक्खियां आम लोगों से ज्यादा समझदार होती है। वे पुलिस के इर्द-गिर्द मंडराकर अपनी मौत को दावत देने से साफ-साफ बचती हैं। उन्हें पूरा यकीन है कि पुलिस आरोपी के न मिलने पर कहीं इन्हीं के नाम पर बिल न फाड़ दे। पुलिस बाबू ने कहा - तुम दोनों की हाथापाई में कोई दम नहीं है। न हाथ टूटा है न पैर। ऐसे कैसे मुंह उठाए चले आए। यह पुलिस थाना है पुलिस थाना! कोई कॉमेडी सर्कस नहीं। यहां मिनिमम रिपोर्ट हाथ पैर टूटने से दर्ज की जाती है। अब आगे तुम्हारी मर्जी। हम दोनों झगड़ालू अपनी जिद पर अड़े रहे। कुछ न कुछ करके एक-दूसरे को मजा चखाना चाहते थे। पुलिस बाबू हमारी मंशा भांप गए और बोले - जब तुम लोग इतनी जिद कर ही रहे हो तो तुम्हारी बात मान लेता हूं। लेकिन एक शर्त है कि दोनों अपना-अपना केस मजबूत करने के लिए बड़े-बड़े आरोप लगाएं। नहीं तो एक काम करो। हमारे यहां कुछ स्कीमें चल रही हैं।

## न्यूज फ्लैश

### गोहाना लघु सचिवालय में पार्किंग स्टैण्ड व फोटोस्टेट दुकान की निलामी 28 मार्च को प्रात:11 बजे-एसडीएम विवेक आर्य

**गोहाना (सोनीपत): उपमण्डल अधिकारी** (ना0) विवेक आर्य ने बताया कि 2024-25 के लिए उपमण्डल कार्यालय के प्रांगण में पार्किंग स्टैण्ड व फोटोस्टेट दुकान के ठेकों की निलामी 28 मार्च को प्रातः 11 बजे उनकी अध्यक्षता में की जा रही है। उन्होंने बताया कि पार्किंग स्टैण्ड व फोटोस्टेट दुकान के ठेकों की समय अवधि 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक मान्य होगा। उपमण्डल अधिकारी (ना0) ने कहा कि सभी व्यक्ति समय पर पहुंचकर बोली दे सकते हैं। पार्किंग स्टैण्ड व फोटोस्टेट दुकान के लिए बोलीदाताओं को 20 हजार रुपए जमानत के तौर पर जमा करवानी होगी। उन्होंने कहा कि अधिकतम बोली देने वाले बोलीदाता को कुल बोली की 75 प्रतिशत राशि मौके पर तुरंत जमा करवानी होगी और बाकी 25 प्रतिशत राशि सात दिन के अंदर जमा करवानी होगी। स्टाल को पहले ही निर्धारित किए गए स्थान पर चलाना होगा, उसकी किसी प्रकार का प्रसारण पूर्व अनुमति से ही हो सकेगा। स्टॉल या दुकान का अस्थाई निर्माण स्वयं ठेकेदार करवाएगा तथा सभी वस्तुएं अच्छी क्वालिटी की रखनी होगी और उनकी दर उपायुक्त द्वारा निर्धारित रेटों के अनुसार होगी, जो बाजारी मूल्य से किसी भी दिशा में अधिक नहीं होगी। निर्धारित दरों की सूची दुकान के बाहर लगानी होगी। उपमण्डल अधिकारी (ना0) ने बताया कि पार्किंग के लिए कार्यालय स्टॉफ, स्वीकृत स्टांप विक्रेता, वसीका नवीस व अधिवक्ताओं को छूट प्रदान करनी होगी। प्राकृतिक प्रकोप या किसी भी प्रकार से होने वाली हानि को ठेकेदार स्वयं वहन करेगा। इस बारे किसी भी प्रकार की छूट अथवा माफी नहीं होगी तथा कोई भी मुआवजा नहीं दिया जाएगा। उच्चतम बोली देने वाले को ईकरार नामा व जमानत नाम स्टांप पेपर पर देना होगा। यदि वह कागजात बोली स्वीकृत के बाद एक सप्ताह के अंदर-अंदर प्रस्तुत नहीं करेगा तो ठेका रद्द समझा जाऐगा तथा उसकी जमा करवाई गई अग्रिम जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी। प्रत्येक अवस्था में उपायुक्त का निर्णय मान्य एवं अंतिम होगा तथा उपायुक्त को कोई भी बोली या ठेके को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा

### थाने के सामने से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः शहर में चोरों में पुलिस का** भय खत्म होता जा रहा है। चोर सरेआम वारदातों को अंजाम देने में गुरेज नहीं कर रहे है। सिविल लाइन थाने के सामने निजी सवास्थ्य केंद्र के बहार खड़े दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव जांटी निवासी नीरज तुषीर ने बताया कि वह सिविल थाने के सामने स्थित सत्यकिरण हेल्थ केयर में नौकरी करता है। गत 19 मार्च को सुबह करीब 9 बजे डयूटी पर पहुंचा। बाइक को सेंटर के पीछे खड़ा करके केंद्र पर आ गया। डयूटी पूरी होने के बाद वह बाइक के पास पहुंचा, लेकिन गली में खड़ी बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी।

### दुकान से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपतः कुंडली थाना पुलिस** ने दुकान से रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रामनंद उर्फ टीटू निवासी गांव भैंराबांकेपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा दिया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव खटखड़ निवासी सुभाष चंद्र ने गत 3 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने घर पर ग्राउंड फ्लौर पर सरिता जरनल स्टोर के नाम से दुकान चलाता है। प्रथम तल पर परिवार के साथ रहता है। गत 2/3 की रात को करीब 12.15 को दुकान का शट्र खुलने की आवाज आई। उसके बाद 5-7 मिनट बाद फिर शट्र गिने की आवाज आई। उसने बालकानी में आकर देखा तो दो लड़के निकलकर सड़क पर जा रहे थे। उसकी पत्नी ने चोर-चोर चिलाया।

# ग्रामवासियों से मिले स्नेहिल आशीर्वाद को जीवन भर याद रखूंगा: मुख्यमंत्री नायब

## जब भी याद करोगे आप लोगों के बीच में उपस्थित रहूंगा : नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: मुख्यमंत्री बनने के बाद** पहली बार अपने पैतृक गांव मिजार्पुर माजरा (अंबाला-नारायणगढ़) पहुंचे और नगर खेड़ा पर माथा टेका और बड़े बुजुर्गों का भी आशीर्वाद लिया। गांव में पहुंचने पर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के लिए उमड़ी भीड़ से मुख्यमंत्री भी गदगद हो गए और भाव विभोर होते हुए कहा कि जिस भाईचारे, प्रेम और मनुहार से मुख्यमंत्री के रूप में ग्रामवासियों ने स्वागत किया है उस स्नेहिल आशीर्वाद को जीवन भर याद रखूंगा। घर पहुंचने पर यहां उनकी माता कुलवंत कौर ने तिलक करके अपने बेटे मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत किया और अपना आशीर्वाद दिया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री



नायब सैनी ने कहा कि आज मैं यहां अपने गांव आकर सुकून और अपनी मिट्टी की खुशबू से सराबोर हूं। उन्होंने कहा कि लस्सी और गुड़ के साथ बाजरे की रोटी का स्वाद और बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद यहां खींच लाया है। यहां पूर्व सीएम मनोहर लाल के समाज के प्रति त्याग और सेवाभाव का जिक्र किया और कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल ने प्रदेश की सेवा करने में दिन-रात मेहनत की है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अंबाला से सांसद रहे स्वर्गीय रतनलाल कटारिया को भी याद किया। उन्होंने कहा श्री कटारिया का हमेशा मेरे उपर आशीर्वाद रहा है। स्व. कटारिया ने सदा सहयोग करते हुए आगे बढ़ाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने अंबाला लोकसभा से प्रत्याशी बंतो कटारिया को बड़े बहुमत से जीताकर संसद भेजने की अपील भी की। नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने देश और प्रदेश में ऐतिहासिक काम किए हैं। इन 10 सालों में देश और प्रदेश में तेजी से विकास हुआ है। गरीब कल्याण की नीतियों से गरीब परिवारों का जीवन स्तर बदला है। भाजपा सरकार में किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए अनेकों योजनाएं बनी हैं जिनसे हर वर्ग को फायदा पहुंचा है। नायब सैनी ने कहा कि विकसित भारत और विकसित हरियाणा बनाने के लिए 10 की 10 लोकसभा सीटें प्रचंड बहुमत से जीताना अब आप सभी लोगों की जिम्मेदारी है।

## पुलिस लाइन में स्थित मालखाना से वाहनों की बैटरियां चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः शहर के गोहाना रोड** स्थित पुलिस लाइन के अंदर स्थित मालखाना से चोरों ने पुलिस की नाक के तले चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने मालाखाना में अलग-अलग थानों की पुलिस द्वारा पकड़े गए वाहनों की बैटरियों पर हाथ साफ कर दिया। माल खाना प्रभारी ने मामले को लेकर शहर थाना पुलिस के अंतर्गत कोर्ट कॉम्लेक्स चौकी पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि चोरों का कोई सुराग हाथ लग सके। मालखाना इंचार्ज एसआई रमेश कुमार ने बताया कि वह बतौर व्हीकल मालाखाना ईचार्ज पुलिस लाइन सोनीपत में तैनात है। जिला सोनीपत के सभी थानों के व्हीकल 102 सीआरपीसी, 47 पुलिस एक्ट व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत पकड़े गए व्हीकल पुलिस लाइन सोनीपत में मेरी तहवील में है। गत 20 मार्च को सुबह करीब 8 बजे व्हीकल मालखाना सोनीपत में पहुंचा। उसने मालखाने में देखा कि कुछ व्हीकलों के बोनट ऊपर उठे हुए है। उनके पास जाकर देखा तो वाहनों की बैटरी गायब मिली। करीब 10 से 12 व्हीकलों की बैटरी गायब मिली। अपने स्तर पर बैटरियों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**सबसे सुरक्षित जगह मानी जाती है, गेट पर रहती है पुलिस की तैनाती -**
पुलिस लाइन सोनीपत सबसे सुरक्षित जगह मानी जाती है। लाइन के मुख्य गेट पर 24 घंटे पुलिस कर्मचारियों की तैनाती रहती है। मिली जानकारी के अनुसार अंदर बाहर आने-जाने वालों की पुलिस कर्मचारियों की तरफ से रजिस्ट्रर में इंट्री की जाती है। वही एक नहीं कई मालखाने पुलिस विभाग के परिसर में है।

### श्री श्याम बाबा की विशेष पूजा की गई

**समालखा( कुलदीप सिंह ) चुलकाना धाम पर** आयोजित फाल्गुन उत्सव में बृहस्पतिवार को श्री श्याम बाबा की विशेष पूजा की गई। उत्सव के दूसरे दिन द्वादशी पर श्याम बाबा को कुल देवता की मान्यता वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। उपरोक्त जानकारी देते हुए श्रीश्याम मंदिर सेवा समिति के प्रधान रौशन लाल छौक्कर व सचिव प्रवीण सिंगला ने बताया कि चुलकाना में श्रीश्याम बाबा के प्राचीन मंदिर पर फाल्गुन उत्सव बुधवार से मनाया जा रहा है। बुधवार को जहां साधू-संत व राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों का जमावड़ा रहा लेकिन बृहस्पतिवार द्वादशी को बाबा की विशेष पूजा होती है।

## लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में नन्हे मुन्ने बच्चों का शाला प्रवेश (हवन) और पैरेंट्स ओरिएंटेशन का आयोजन

**टीम एक्शन इडिया**
**21 मार्च** 2024 को लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए धूमधाम से शाला प्रवेश (हवन) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बच्चों को जीवन में संस्कारों के महत्व के साथ शिक्षा का महत्व बताया गया। विद्यालय की यज्ञशाला में सभी बच्चों से हवन की पुण्य अग्नि में आहुति दिलवाई गई। तत्पश्चात माँ सरस्वती



को पुष्प अर्पित कर उनकी आराधना की गई। अध्यापिकाओं ने नन्हे मुन्नों को तिलक लगाया व स्नेह आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय में आए सभी अभिभावकों को विद्यालय की गतिविधियों व विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। स्विमिंग पूल, विज्ञान प्रयोगशालाएं, एक्टिविटी रूम, संगीत कक्ष, बैडमिंटन हॉल, ऑडिटोरियम, 3-डी थिएटर, गैलेक्सी, लैंग्वेज लैब व मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही अध्यापिकाओं ने सभी अभिभावकों को विद्यालय की 'लैस बैग' पॉलिसी के बारे में भी जानकारी दी व बताया कि अब बच्चे अध्यापिकाओं द्वारा बनाई गई कलरफुल वर्कशीट से ही अपना कार्य करेंगे। इस जानकारी से सभी अभिभावक बहुत खुश हुए कि अब उनके बच्चों को बैग का अतिरिक्त बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। अपने नए स्कूल को देखकर नन्हे-मुन्ने बच्चे बहुत खुश नजर आ रहे थे।

### मकान से बिजली फीटिंग के तार चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः क्राइम यूनिट सेक्टर-27** सोनीपत पुलिस ने मकान से बिजली की फीटिंग के तार चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू उर्फ बूचा निवासी गाजीपुर हाल में दिल्ली कैंप का है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी किए तारों को बरामद किया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गली नंबर-2 निवासी राधव शर्मा ने गत 3 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपना नया मकान बना रहा है। हाल में उसके मकान पर काम चल रहा है। गत 26 फरवरी को मकान पर ताला लगाकर काम से बाहर चला गया। उसके बाद तीन मार्च को मकान पर आकर देखा तो मकान के गेट पर लगा ताला नहीं खुला। उसने जांच की तो ताला दूसरा मिला। उसने ताला तोड़कर अंदर जाकर देखा तो सारा सामान गायब मिला। मकान की तीनों मंजिलों पर बिजली की फिट्टी व तारें चोरी मिली। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की जांच की। जिसमें चोरी करते हुए अज्ञात दिखाई दिए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## राहगीरों से लूट का षड़यंत्र रचने के तीन दोषियों को सात-सात साल कैद की सजा

**टीम एक्शन इडिया**
**सोनीपतः शहर थाना क्षेत्र में** राहगीरों से लूट का षड़यंत्र रचने के तीन आरोपितों को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल सपरा की अदालत ने तीनों को सात-सात साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। तीनों के कब्जे से तीन तमंचे व कारतूस बरामद किए गए थे। दो दोषी दिल्ली व एक उत्तराखंड का रहने वाला है। एसआईटी में नियुक्त रहे तत्कालीन एएसआई जितेंद्र कुमार ने 8 दिसंबर, 2017 को शहर थाना पुलिस को बताया था कि वह अपनी टीम के साथ रात को गोहाना बाईपास पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि तीन युवक राहगीरों को लूटने का षड्यंत्र रच रहे हैं। जिस पर टीम तुरंत रेलवे ओवरब्रिज के पास पहुंच गई थी। टीम ने एएसआई बिजेंद्र को सादे कपड़ों में ओवरब्रिज की तरफ भेजा था। जब वह वहां से गुजरने लगे थे तो तीनों युवकों ने उन्हें पकड़ लिया था। इसी बीच पुलिस टीम ने छापा डालकर तीनों को काबू कर लिया था। युवकों की तलाशी में उनके पास से तीन तमंचे व तीन कारतूस बरामद किए गए थे। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।

## स्कूल की एक छात्रा का जन्म दिन मनाया गया

**पानीपत**
**कमाल हुसैनः** एक सहारा दिव्यांग शिक्षा कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट में स्कूल की एक छात्रा का जन्म दिन मनाया गया। जो कि हाथ जोड़े से लाचार है और चल फिर नहीं सकती है इसके इस शुभ अवसर पर आज हमारे बेहद ही सम्मान के योग्य समाजसेवी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह कादियान, ने स्कूल में अपने हाथों से बच्चों का केक काटा गया, वह सभी बच्चों को मिठाईयां वितरित की और इस



बच्चे के उज्जवल भविष्य की कामना की और इसके लिए अपना आशीर्वाद दिया। इसके लिए हम एक सहारा दिव्यांग शिक्षा कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट की पूरी टीम वाह स्कूल के सभी बच्चे आपका तहे दिल से धन्यवाद करते हैं ।

## बुग्गी का रिम लेने निकली बुजुर्ग महिला की सड़क हादसे में मौत

**टीम एक्शन इडिया**
**सोनीपतः सेक्टर-27 शहर थाना** क्षेत्र के देवडू गांव में घर से बुग्गी का रिम लेने के लिए निकली बुजुर्ग महिला को तेज रफ्तार डंपर ने चपेट में ले लिया। हादसे में बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने बुजुर्ग महिला को मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने महिला के पति के बयान पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव कुराड़ निवासी सुमेर ने बताया कि उसकी पत्नी सुशीला (62) गांव से बुग्गी का रिम लेने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक वापिस नहीं लौटी। अपने स्तर पर तलाश शुरू की। जानकारी मिली कि उसकी पत्नी गांव देवडू के पास सड़क हादसे में घायल होकर नागरिक अस्पताल में गई है। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। गांव देवडू के पास तेज रफ्तार डंपर चालक ने उसकी पत्नी को चपेट में ले लिया। हादसे में घायल होने के कारण उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवाया। पुलिस ने मृतका के पति के बयान पर डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि डंपर चालक की तलाश की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### आभूषण व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपतः कुंडली थाना पुलिस** ने घर ताला तोड़कर आभूषण व नकदी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी खेड़ी मुज्जफरनगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। गांव सेरसा निवासी प्रदीप ने गत 16 मार्च को शिकायत देकर बताया कि गत 15 व 16 की रात को परिवार व अपने भाई के साथ गांव में जागरण में गए हुए थे।

## जिला पद अधिकारियों की घोषणा की गई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः** जिला कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा जनाब सहदीन खान सरपंच गढ़ी मिमारपुर के नेतृत्व में जिला पद अधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमे आसान प्रधान को जिला महामंत्री, इकबाल मलिक को जिला महामंत्री, इनाम गढ़ी कल्ला पूर्व सरपंच को जिला महामंत्री घोषित किया गया। जिसमे अलीहसन को जिला उपाध्यक्ष, हरजीत सिंह, रजत जैन, फिरोज खान, को भी जिला उपाध्यक्ष, वजिला सचिव सनव्वर खान, वसीम खान, रत्ना मीर , सलाऊदीन, कमल, इदरीश को



जिला सचिव का नियुक्त किया गया है। जिसमे कोष्याद्यक्ष वसीम खान, मीडिया प्रमुख मेहराजुदीन, तय्यब खान को आईटी मीडिया का पद भार दिया है। जिसमे जिला कार्यकारणी नौशाद अंसारी, अज्जी, मुन्ना , सद्दाम, तसीन रहमत को नियुक्त कर जिला टीम को नियुक्ति पत्र देकर। टीम को कार्य करने को ओर हरियाणा प्रदेश में 10 में से 10सीटो पर लोकसभा चुनावों में भारी जीत हासिल कर फिर से मोदी सरकार बनानी है। का नारा दिया। जिसमे हरियाणा प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी श्री राजीव जैन जी, ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की ओर मोर्चा के बारे जानकारी दी।

**ओर मोदी सरकार बनाने बारे जानकारी दी**
साथ ही जिला अध्यक्ष भाई जसवीर दोदवा जी ने भी मोर्चा को आगे बढ़ाने पर विचार किया। ओर हरियाणा प्रदेश में लोकसभा चुनाव में बड़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए कहा। ओर हर वर्ग समाज को पार्टी की नीतियों से जानकारी देने बारे अवगत कराया।

# होली पर नशे व हुड़दंग से बचे : डा.वीरेंद्र दहिया

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः** मीडिया सेंटर संचालन समिति ने आज मीडिया सेंटर में होली मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें जिला के सभी पत्रकारों ने उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत व श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा के साथ मिलकर फूलों की होली खेली व सहभोज किया। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने गीता के एक श्लोक के साथ होली की बधाई देते हुए कहा की मृत्यु अटल सत्य है इसलिए हमेशा सदाचार कार्य करें। होली रंगों के साथ सुरक्षित तरीके से मनाए ताकि किसी प्रकार की चोटिल होने की दुर्घटना ना हो। उन्होंने जिला वासियों से अपील की कि फाग पर हुड़दंग व नशे से बचे, खुशी से



लगवाने वालों को ही रंग लगाएं तथा किसी बिमार व्यक्ति पर पानी ना डालें। वहीं पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी परिवारों में खुशहाली आने के साथ जीवन मंगलमय रहे। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है इस दिन सभी अपने मनभेद खत्म कर एकजुट होकर होली का पर्व मनाएं। श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्यौहार रंगों का त्यौहार है सबके घर में खुशहाली आए। मीडिया सेंटर संचालन समिति के संरक्षक विनोद पांचाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि होली का त्यौहार हमें एकता व भाईचारे का संदेश देता है। इसलिए हमें सभी मतभेद बुलाकर आपसी सौहार्द बनाना चाहिए। प्रधान राकेश भयाना ने सभी अतिथियों व पत्रकारों का यहां पहुंचने पर आभार जताया। मीडिया सेंटर संचालन समिति के संरक्षक विनोद पांचाल,वरिष्ठ उप प्रधान राममेहर कौशिक, देवेंद्र कथूरिया, विकास चौधरी, जगमेंद्र सरोहा, सतीश शर्मा,मोहन लाल, कमाल हुसैन, बलराज , उमेश त्यागी ,परवीन ठाकुर, सत्यवान शर्मा, पवन मित्तल, संजय पोपली,स.करतार सिंह,राजेंद्र पांचाल, पुरूषोत्तम शर्मा, महीपाल जोगी,अनिश कौशिक,रतन लाल, अनिल सैनी, सौरव शर्मा,स्वाति मित्तल एवं समालखा, बापौली, इसराना व मतलौडा से आये अभी पत्रकारों ने अथितियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## निर्माणाधीन जलकर से सीमेंट के कट्टे चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपित गिरफ्तार

### पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी किए कट्टों को किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः सदर थाना सोनीपत** पुलिस ने गांव तिहाड़ कलां सरकारी जल घर से सीमेंट के कट्टे चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सरवन उर्फ सीटू, सहदेव उर्फ गुठा निवासी गांव तिहाड़ कलां व सचिन उर्फ चिना निवासी गांव जागसी का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गांव निदाना रोहतक निवासी पवन ने गत 3 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि कई महीनों से ललित ठेकेदार के पास काम करता है। हाल में सरकारी जलघर का गांव हसनयारपुर तिहाड़ कलां में का टैंडर ले रखा है। इस टैंडर के लिए गत 1 मार्च को देर शाम शिव मंदिर के पास बने कमरे पर 500 कट्टे सीमेंट के रखे हुए है। रात को किसी ने 250 कट्टे चोरी हो गए। अपने स्तर पर सीमेंट की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक सलेंद्र की टीम ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। आरोपितों के पास से पुलिस ने चोरी किए कट्टों को बरामद कर लिया है।

# चुनाव आयोग की हिदायतों का पूरी तरह पालन करें अधिकारी: डीसी

## बेहतर समन्वय के साथ हिदायतों की पालना करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने अपने कार्यालय में लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत नोडल अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए चुनाव के तहत जो उनकी डयूटी लगाई गई है, उसके तहत उन्हें बारीकी से जानकारी देते हुए चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत अपनी डयूटी का निर्वहन करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय के साथ हिदायतों की पालना करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है।



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए चुनाव आयोग की जो हिदायतें हैं उसके बारे उन्हे विस्तार से जानकारी दी और सम्बन्धित अधिकारियों की जो डयूटी लगाई गई है, नियमों की पालना करते हुए उसे कैसे करना है, उस बारे भी उनका मार्गदर्शन किया। चुनाव के तहत पोलिंग पार्टी की तैयारी कैसे करनी है, सैक्टर ऑफिसर, सैक्टर मैजिस्ट्रेट, फ्लाईंग स्कवायड टीम, वीडियो सर्विलांस टीम व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की क्या डयूटी तय की गई है, उस बारे भी उन्हें जानकारी दी। उन्होने अतिरिक्त उपायुक्त को कहा कि प्रजाईंडिग ऑफिसर, सैक्टर ऑफिसर व सैक्टर मैजिस्ट्रेट व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों की चुनाव से सम्बन्धित जो कार्य है, उस बारे शैडयूल बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिलवाएं ताकि सम्बन्धित को अपनी डयूटी से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी हो, एआरओ व एईआरओ इस कार्य में लीड करें। ईवीएम व वीवीपैट से सम्बन्धित जो प्रक्रिया है उस बारे भी जानकारी दें।

**निदान**

> 8 जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त की गई टीम मौके पर जाकर कार्यवाही करेगी और समस्या का निदान करेगी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गये सीविजल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की शिकायत अब आम नागरिक भी इस पर दर्ज करवा सकता है। सीविजल एप पर शिकायत आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त की गई टीम मौके पर जाकर कार्यवाही करेगी और समस्या का निदान करेगी।

# स्नैचिंग के मामले में शहजादपुर के दो आरोपी गिरफ्तार

**गिरफ्त में**

> 8 17 मार्च 2024 को मच्छी मार्किट शहजादपुर से किसी अज्ञात ने उससे एक मोबाईल व नकदी छीन ली है

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना शहजादपुर में दर्ज स्नैचिंग के मामले में 19 मार्च 2024 को सीआईए शहजादपुर अम्बाला के पुलिस दल ने उप निरीक्षक बलकार सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित उर्फ रोन्टा निवासी रोन्टा बस्ती शहजादपुर व हरिश कुमार उर्फ भुल्ला निवासी राजपूताना मोहल्ला शहजादपुर जिला अम्बाला को



गिरफ्तार कर रोहित उर्फ रोन्टा का न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया व हरिश कुमार उर्फ भुल्ला को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता श्री विजय कुमार निवासी कलोहा स्पन पाईप धनाना ने 17 मार्च 2024 को थाना शहजादपुर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 मार्च 2024 को मच्छी मार्किट शहजादपुर से किसी अज्ञात ने उससे एक मोबाईल व नकदी छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए शहजादपुर अम्बाला के पुलिस दल को सौंप दी थी।

# टीबी ग्रस्त मरीजों को वितरित किया प्रोटीन युक्त राशन



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सनातन मंच सेवा सभा रजि. परिवार की ओर से 10 टीबी के मरीजों को मुफ्त प्रोटीन युक्त राशन व दवाईयां वितरित की गई। सभा द्वारा दी गई डाइट में दालें, प्रोटीन टॉनिक, सोयाबीन की बडियां और चावल मरीजों को दिए गए। मंच द्वारा इन 10 टीबी मरीजों को 2 वर्ष के लिए राशन देने हेतु गोद लिया गया है। जिसमें से इस बार 12 माह पूर्ण हो चुके है। इनमें से कुछ मरीज ठीक हो गए हैं और उनके स्थान पर नए मरीजों को जोड़ा गया है। आज सुन्दर लाल, कौशल्या देवी, रीना, फिजा, ज्योति, खुश्बू, मीना, लक्की, राहुल, कुलवन्त कौर, कृष्णा को मंच की ओर से राशन दिया गया है। प्रोटीन युक्त राशन के अतिरिक्त यदि मरीजों को दवाईयों आदि की आवश्यकता होगी तो वह भी मंच द्वारा प्रदान की जाएंगी। गौरतलब है कि सनातन

**वितरित की**

> 8 परिवार की ओर से 10 टीबी के मरीजों को मुफ्त प्रोटीन युक्त राशन व दवाईयां वितरित की गई

सेवा मंच द्वारा समय-समय पर समाज सेवा की भलाई के कार्य किए जा रहे हैं। जिनमें गरीब बच्चों के स्कूल की फीस, कॉपियां, किताबें, वर्दियां, धार्मिक समारोह के आयोजन के समय स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरण, असहाय व जरूरतमंदों को कम्बल व साईकल वितरण आदि का कार्य समय-समय पर किया जाता रहा है। इस अवसर पर दविन्द्र कुमार प्रधान, सचिव महेश दत्त वशिष्ठ, सतीश चावला, प्रमोद शर्मा, जुगल किशोर शर्मा, अशोक सोलंकी आदि मौजूद रहे

# कुरुक्षेत्र सेवा न्यास की सेवार्थ बस को हरी झंडी दिखाई

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र सेवा न्यास द्वारा पीजीआई चंडीगढ़ ओपीडी के लिए मरीजों के सेवार्थ संचालित बस को आज प्रातः आई एम ए, कुरुक्षेत्र के नामित प्रधान डॉ ऋषिपाल गुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर प्रातः 5:30 बजे गीता द्वार पिपली से रवाना किया। उन्होंने सभी मरीजों के अच्छे स्वास्थ्य व मंगल की कामना की । संस्था की ओर से सभी मरीजों के लिए चाय बिस्कुट व केले के प्रसाद की व्यवस्था की गई थी । उल्लेखनीय है कि कुरुक्षेत्र सेवा न्यास के तत्वावधान में प्रत्येक बुधवार को प्रातः 5:00 बजे यह सेवार्थ बस बिरला मंदिर से चलकर



मोहन नगर अग्रसेन चौक पर प्रातः 5:10 बजे पहुंच कर गीता द्वारा पिपली के लिए प्रस्थान करती है, जहां से इस बस को हरी झंडी दिखाकर प्रातः 5:30 बजे पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रवाना किया जाता है । इस बस में मरीज के साथ एक अटेंडेंट भी जा सकता है । पीजीआई चंडीगढ़ ओपीडी में सभी मरीजों का चेकअप करवाने के बाद यह सेवार्थ बस लगभग 4:00 बजे वापिस गीता द्वार पिपली के रास्ते अग्रसेन चौक, मोहन नगर होती हुई बिरला मंदिर लिए प्रस्थान करती है । आमतौर पर संस्था का कोई अधिकारी अथवा सदस्य मरीजों के साथ जाता है ताकि किसी को कोई परेशानी न हो । समाजसेवी गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि इस सेवार्थ बस सुविधा का लाभ उठाने के लिए मरीज को पहले पंजीकरण करवाना पड़ता है । संस्था ने इसके लिए नगर में विभिन्न स्थानों पर 6 पंजीकरण केंद्र निश्चित किए हुए हैं । अब तक सैंकड़ों लोग इस सेवार्थ सुविधा का लाभ उठा चुके हैं । आज गीता द्वारा पीपली से बस की रवानगी के समय संस्था के सदस्य मदन खन्ना, प्रेम अनेजा, पंकज खन्ना, संजय सहगल, दीपा व अरविंद सहित कई सदस्य उपस्थित रहे ।

**रवाना किया**

> 8 प्रधान डॉ ऋषिपाल गुप्ता ने हरी झंडी दिखा कर प्रातः 5:30 बजे गीता द्वार पिपली से रवाना किया

# अभी दस मजदूर जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहे हैं: वेदप्रकाश

**धारूहेडा** औद्योगिक क्षेत्र की लांग लाईफ कम्पनी के डस्ट कलेक्टर में झुलसे 45 मजदूरों में से इलाज के दौरान छह श्रमिकों की मौत पर स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने गहरा दुख प्रकट करते हुए उनके परिवारजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। विद्रोही ने कहा कि अभी दस मजदूर जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहे है। झुलसने से मरे सभी 6 मजदूर उत्तप्रदेश के निवासी है तथा इनमें दो मजदूरों की मौत दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में व 4 मजदूरों की मौत पीजीआई रोहतक में हुई है।

# 'जीवन को लील देती है यातायात नियमों की अनदेखी

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जीवन को लील देती है यातायात नियमों की अनदेखी यह शब्द शिक्षाविद एवं समाजसेवी सुखदेव बांकुरा ने लोगों से अपील करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि सड़क पर वाहनों की संख्या में तेज गति से अत्यधिक इजाफा हो रहा है जो की खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में यातायात के नयमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। सुखदेव बांकुरा ने कहा कि गाड़ी चलाते समय की गई लापरवाही दुर्घटनाओं को न्योता देती है। दो पहिया वाहन चलाते समय सिर पर हेलमेट आवश्यक पहने। आज के



यवा सर पर हेलमेट पहननेव सीट बैल्ट लगाने में अपनी तोहीन समझते हैं जबकि दुर्घटना होने पर हेलमेट और सेटबेल्ट गाड़ी चालक के सुरक्षा कवच होते हैं ।उन्होंने सभी से आह्वान किया कि 18 वर्ष से कम आयु का बच्चा बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाएं क्योंकि ऐसा करना कानूनन अपराध है । सभी अभिभावक 18 वर्ष से कम आयु के अपने बच्चों को वाहन न चलाने दें। कोई भी व्यक्ति शराब पीकर गाड़ी न चलाएं, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें । निर्धारित गति में गाड़ी चलाएं, गाड़ी चलाते समय चालक के पास सभी जरूरी कागजात होने चाहिए। कागजों के अभाव में वाहन चालक को को चालान भी भुगतना पड़ सकता है । उन्होंने कहा की सभी अपने वाहन को पार्किंग में ही खड़ा करें ताकि जनता को परेशानी न हो और यातायात भी अवरुद्ध न हो। यातायात के नियमों की अहवेलना करने वाले गाड़ी चालकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी सुनिश्चित की जानी चाहिए ।

**सावधानी बरतें**

> 8 सड़क पर वाहनों की संख्या में तेज गति से अत्यधिक इजाफा हो रहा है जो की खतरे से खाली नहीं है।

# एम डीएवी स्कूल में व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल मे वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के बाद व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 21 मार्च से 30 मार्च तक चलेगा। इस शिविर मे कक्षा तीसरी से पांचवी तक के लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों के लिए यह शिविर निशुल्क किया गया गया है। इस शिविर का उद्घाटन समारोह विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी द्वारा किया गया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुदेश व वंदना ने प्रधानाचार्य जी को ओउम पट पहनाया व पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस व्यक्तित्व विकास शिविर मे विभिन्न क्रिया-कलाप नृत्य, संगीत,योग, आर्ट क्राफ्ट, वैदिक मैथ्स, अबेकस, फन गेम्स, रचनात्मक क्रियाएं आदि है। जिनमें छात्र हिस्सा लेकर अपने व्यक्तित्व मे विकास कर सकते है। ये सभी क्रियाकलाप अनुभवी अध्यापको व कोच और कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुदेश व श्रीमती वंदना के मार्गदर्शन मे हो रही है। प्रथम दिन डॉ आर आर सूरी ने छात्रों को कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने कहा कि छात्र वार्षिक परीक्षाएं होने के बाद बिल्कुल फ्री हो जाते है व घर मे बोरियत अनुभव करते है। इन सब बातों को ध्यान मे रखते हुए हमने छात्रों के चहुमुखी विकास के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया ताकि अभिभावकों पर इसका कोई अतिरिक्त भार न पड़े।

**विकास शिविर**

> 8 विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुदेश व श्रीमती वंदना ने प्रधानाचार्य को ओउम पट पहनाया

# 'किरायेदारों व नौकरों की वेरिफिकेशन में ना बरतें कोताही'

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** जिला में शांति व कानूनी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए किरायेदारों व नौकरों की पुलिस वैरिफिकेशन करवाना अत्यंत जरूरी है। जिले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने सभी मकान मालिको से अपने पास रह रहे किरायेदारों व नौकरों की पुलिस वैरिफिकेशन करवाने के दिशा निर्देश दिए है। जिला पुलिस द्वारा किरायेदारों व नौकरों की वेरिफिकेशन के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री भोरिया ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि



असामाजिक गतिविधियो पर नियंत्रण पाने हेतु घरों में बाहर से आये हुए किरायदारों व नौकरों की पुलिस वैरिफिकेशन करवाकर पुलिस का सहयोग करें। कुछ अपराधिक किस्म के व्यक्ति जो बाहर से आकर किराये पर रहकर अपराध को अंजाम देकर भाग जाते है, उनका रिकार्ड ना तो मकान मालिक के पास होता ना पुलिस के पास होता है। सुरक्षा के द्दष्टिगत वैरिफिकेशन को गम्भीरता से लेते हुए बाहर से आए हुए मकान मालिक किरायेदारों की सत्यापन रिपोर्ट करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकार्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें। अवहेलना करने वाले मकान मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।पुलिस अधीक्षक श्री भोरिया ने कहा कि पुलिस द्वारा किरायदारों की वेरिफिकेशन हेतु समय-समय पर आमजन को जागरुक जाता है । अतः आमजन से अपील है कि जितना जल्दी संभव हो अपने किरादारों का पुलिस वैरिफिकेशन करा लें और किरायेदारों की वैरिफिकेशन करवाने में कोताही ना बरतें अगर किसी प्रकार की कोताही पाई गई तो कानूनी कारवाई अमल में लाई जायेगी ।

**निर्देश**


> 8 सुचारू बनाए रखने के लिए किरायेदारों व नौकरों की पुलिस वैरिफिकेशन करवाना अत्यंत जरूरी

# पिता हुए गुम, पुलिस के पास पहुंचे परिजन

**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

**पानीपत**

**आकांशा** वासी, विराट नगर पानीपत ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की । हम तीन बहने हैं। मेरी माता का देहांत हो रखा है। मेरे पिता कमल कुमार एक फैक्टरी जाटल रोड पानीपत में सुपरवाइजर के पद पर कार्य करते हैं। वो 10 मार्च को हम तीनों बहनें हमारे मकान के ऊपर छत पर थी। वह मेरे पिता नीचे थे। जब हम नीचे आए तो मेरे पिता हमें घर पर नहीं



मिले जिनकी हमने अपने स्तर पर काफी तलाश की परन्तु उनका कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। उसी दिन से बन्द आ रहा है। जिनकी उम्र 52 साल है। जिन्होने हरे रंग का पजामा व काले रंग की जैकिट व पैर में चप्पल पहनी थी। मेरे पिता को गए 10 दिन हो गए अभी तक कोई सुराग नही लगा हमें हर जगह तलास कर लिया रहे हैं लेकिन कोई पता नही लग पाया पुलिस से गुहार लगाई हमारे पिता की जल्द तलाश कराई जाए।

# गांव चिब्बा में डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए स्वीटी रंगा ने वोट की अपील की

**वोट की अपील**

> 8 कुरूक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता भारी मतों से जीत हासिल करेंगे

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने हल्का शाहाबाद के गांव धुराला, चिब्बा में जनसंपर्क कर कुरुक्षेत्र लोकसभा के उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता के लिए वोट की अपील की। स्वीटी रंगा नलवी कहा कि कुरूक्षेत्र लोकसभा से



इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार डॉक्टर सुशील गुप्ता भारी मतों से जीत हासिल करेंगे। इंडिया गठबंधन हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 सीटे जीतेंगा। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर देश और प्रदेश में किसानों, मजदूरों, व्यापारियों ,महिलाओं सहित हर वर्ग का भविष्य सुधारने का काम करेगी। देश से बेरोजगारी खत्म होगी । चिकित्सा और शिक्षा में सुधार होगा। इस अवसर पर उनके साथ पाला राम, राजीव ,कर्म सिंह, संतोष रानी, बबली देवी उपस्थित

# अंतरराष्ट्रीय वन दिवस: पौधारोपण व श्रमदान अभियान चलाया गया

## कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल मैडम संजू अबरोल ने व संचालन इको क्लब प्रभारी ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने किया

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर इको क्लब, रेडक्रॉस क्लब और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण व श्रमदान अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल मैडम संजू अबरोल ने व संचालन इको क्लब प्रभारी ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने किया। वहीं सिटी मजिस्ट्रेट पानीपत सुश्री टीनू कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर हर्बल बॉटनिकल गार्डन में अनिल माली व 50 से अधिक



विद्यार्थियों के साथ पेड़ो के सुखेपत्ते इकट्ठा करके जैविक खाद केंद्र में डाले गए व पौधों की नुलाई-गुड़ाई की गई। पानीपत सिटी मजिस्ट्रेट सुश्री टीनू ने हर्बल बॉटनिकल गार्डन का बतौर मुख्यातिथि दौरा किया और अंजीर का पौधा इको क्लब के सहयोग से रोपित। सुश्री टीनू ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व में घट रहे वनों को बढ़ाने के लिए सन 2013 से पहली बार 21 मार्च का दिन अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाना आरम्भ किया । 2023 कि थीम "वन और स्वास्थ्य" वनों को बढ़ाने और स्वास्थ्य के महत्व को जनसाधारण को समझाने के लिए घोषित की गई। सुश्री टीनू ने कहा कि जिस प्रकार से दिनों दिन वन क्षेत्र घट रहा है उसको बढ़ाने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधे रोपित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि आओ मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगातर इस धरती को बचाएं और वनों का संरक्षण करे। सिटी मजिस्ट्रेट ने महाविद्यालय में शानदार हर्बल बॉटनिकल गार्डन बनाने के लिए ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार, इको क्लब के विद्यार्थियों व प्रिंसिपल संजू अबरोल की तारीफ की। प्रिंसिपल मैडम संजू अबरोल ने सिटीम सुश्री टीनू का महाविद्यालय में आकर विद्यार्थियों को पर्यावरण के क्षेत्र के साथ ही शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# आम आदमी पार्टी का जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत सुखबीर मलिक ने किया ज्योति कॉलोनी का दौरा

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: आम आदमी पार्टी** द्वारा शुरू जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आज सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम ने ज्योति कॉलोनी का दौरा किया एवम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी। उनको आम आदमी पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाया । बढ़ती हुई मंगहाई के दौर मे आपके हक की मूलभूत सुविधाओं शिक्षा स्वास्थ्य बिजली पानी महिला सुरक्षा आदि के बारे मे जानकारी दी।

**ज्योति कालोनी वार्ड सचिव वार्ड अध्यक्ष को बूथ मैनेजमेंट करने के लिए सुखबीर मलिक ने अधिकृत किया**



आम आदमी पार्टी का ग्राफ दिन-ब-दिन बढ़ रहा है पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी का संगठन सवा लाख कार्यकताओं से अधिक है। जो दिन रात मेहनत कर रहे हैं। मूलभूत सुविधाएं बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य महिला सुरक्षा पर लोगों से चर्चा कर रहे हैं। सुखबीर मलिक ने ज्योति कालोनी की जनता से अपील की, महंगाई और बेरोजगारी से निजात पाने के लिए इस बार लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करें। हरियाणा में 10 की 10 सीट्स इंडिया गठबंधन को जितवाने की अपील की। आम आदमी पार्टी की मूलभूत सुविधाएं लोगों को महंगाई के दौर में पसंद आ रही है। लोग दिल्ली में पंजाब की तरह हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार चाहते हैं। ज्योति नगर पानीपत रवि कुमार, सत्यवान, विकास शर्मा, राजीव कुमार, अजिद खान ,सतपाल सिंह ,वसीम ,विजेंद्र जागलान, ओम प्रकाश ,सूरज कुमार ,दीपक कुमार ,वीरेंद्र कुमार, रोशन लाल , जितेंद्र कुमार ,मोहम्मद सेजवान, जयपाल सिंह, लवली चोपड़ा, मंगल सिंह ,राजकुमार ,सुरेंद्र वर्मा ,हनी ,विजय कुमार, जगबीर ,रोहित कुमार, मोनू ,अजय कुमार, विक्रम कश्यप, राकेश ,पंकज कुमार ,संदीप, बहोत सिंह, मदनलाल ,नरेंद्र छाबड़ा ,राजेंद्र छाबड़ा ,सुनील कुमार ,सनी कश्यप ,करण सिंह, राजेश , आसिफ , राहुल , रोहतास , अरुण व अन्य साथियों ने पार्टी को पसंद किया ।

इस बार लोकसभा चुनाव में समर्थन देने की बात की ज्योति कॉलोनी की समस्याओं में बिजली के बिल ज्यादा आने पीने का पानी नहीं आने अनअप्रूव्ड कॉलोनी होने के बावजूद हाउस टैक्स का बिल आना बढ़ती हुई बेरोजगारी महंगाई की समस्या आदि पर चर्चा की।

# एन.एस.एस शिविर के दूसरे दिन गांव नांगल खेड़ी में चलाया गया जागरूकता अभियान



**कमाल हुसैन**

**पानीपत: सात दिवसीय** शिविर के दूसरे दिन एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने गांव नांगल खेड़ी में विभिन्न गतिविधियों की। सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम गाँव की चौपाल में प्रस्तुत किया गया। शिवानी, मंगा, अंशु, साहिबा, दीपशिखा, स्वाति एवं तमन्ना ने नृत्य की प्रस्तुति दी। किरन, संजीव, नैन्सी, शिवानी ने कविताओं के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक 'मेरा वोट, मेरा अधिकार से गांववासियों को समझदारी से वोट करने के लिए प्रेरित किया। उसके उपरान्त सभी गांववासियों को निष्पक्ष होकर वोट देने की शपथ भी दिलाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद गांववासियों के साथ उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। स्वयं सेवकों ने गाँव वासियों समस्याओं से जुड़े कुछ सुझाव से भी दिए। कार्यक्रम में युवा खखढ नेता सोमपाल मलिक, सरपंच मेहर सिंह, राम मेहर, भल्ले राम, राकेश मलिक, मोहन, छत्रपाल, राजेश, किरण मलिक, पटवारी सुब सिंह मौजूद रहे। प्रो. मामनी, रंजनी, सोनू दुल आदि ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## न्यूज फ्लैश

### चारों विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: करनाल के** जिला उपायुक्त और रिटर्निंग अधिकारी उत्तम सिंह ने वीरवार को पानीपत जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित होनी बहुत जरूरी हैं। उन्होंने मतदान केंद्रों के साथ-साथ मतगणना केंद्रों का भी दौरा किया। करनाल के उपायुक्त एवं रिटर्निंग अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पेय जल, शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएं होनी बहुत जरूरी हैं। मतदान केंद्रों पर रैंप भी जरूरी है ताकि मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उनके साथ पानीपत ग्रामीण विधान सभा के एआरओ और एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, इसराना विधानसभा की एआरओ और एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल एवं समालखा विधानसभा के एआरओ व एसडीएम समालखा अमित कुमार सहित निर्वाचन कार्यालय के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### सी-विजिल एप की शिकायतों पर तय समय में एक्शन लें फ्लाइंग स्क्वायड की टीमें-डीसी

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: लोकसभा चुनाव** के दौरान चुनावी गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए गठित फ्लाइंग स्वायड व अन्य टीमों को डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान चुनाव गतिविधियों की मॉनिटरिंग से जुड़ी मोबाइल एप के संचालन को लेकर भी टीमों को पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है। सी-विजिल एप के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस एप पर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कर सकता है। एप पर दर्ज शिकायत के निराकरण तय समय सीमा निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी फ्लाइंग स्क्वायड के अधिकारियों को सी-विजिल एप की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तय समय में एक्शन लेने के सख्त निर्देश दिए। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चुनावी गतिविधियों की मॉनीटरिंग सिस्टम को तकनीक के माध्यम से प्रभावी बनाया गया है।

### लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से कराना भारत निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: लोकसभा आम** चुनाव 2024 में समाचार पत्रों, टीवी चैनल व सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाली पेड न्यूज पर एमसीएमसी (मीडिया सर्टीफिकेशन व मॉनीटरिंग कमेटी) द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। मामला संज्ञान में आते ही संबंधित प्रत्याशी को तुरंत नोटिस जारी किया जाएगा।जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक सभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों, केबल टीवी, सोशल मीडिया, बल्क एसएमएस, वॉइस मैसेज व ई-पेपर आदि में विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी से अनुमति लेनी अनिवार्य है। प्रत्याशी को नामांकन के दौरान अपने सभी सोशल मीडिया अकाऊंट्स की जानकारी निर्धारित फार्म में भरकर देनी होगी। उन्होंने बताया कि कोई प्राइवेट व्यक्ति किसी प्रत्याशी के पक्ष में विज्ञापन प्रकाशित करवाता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि कोई पॉलिटिकल पार्टी या प्रत्याशी रोड शो का काफिला निकालती है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए और जहां पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाद्दड स्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किसी भी रैस्ट हाऊस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

# मतदान के प्रति किया गया जागरूक

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: जीटी रोड** स्थित स्थानीय आई बी पी जी महाविद्यालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत के निर्वाचन कमीशन के तहत उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के निदेर्शानुसार एन एस एस और एनसीसी विभाग की तरफ से स्वीप के तहत सभी को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, शपथ, मतदान पर भाषण और रैली करवाई गई। इस अवसर पर मान जोगिंदर एसोसिएट प्रोफेसर, डाइट, पानीपत, डा. हितेश चंद शर्मा, नोडल अधिकारी, वोटर जागरूकता जिला निर्वाचन कार्यालय पानीपत ने कॉलेज में शिरकत की उन्होंने यह देखा कि सभी विद्यार्थी अपनी पूरी लगन से



स्लोगन लेखन, भाषण और रैली में अपने सच्ची लगन से काम कर रहे हैं। श्री मान जोगिंदर जी ने मतदान पर अपने व्याख्यान दिए और सभी विद्यार्थियों को अच्छी तरह से समझाया कि हमें अपने मतदान का सही प्रयोग करना चाहिए। डा. हितेश चंद शर्मा के द्वारा कॉलेज प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों और अन्य विद्यार्थियों ने यह शपथ ली कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का सही प्रयोग करेंगे। रैली का प्रारंभ कॉलेज प्रबंध समिति युधिष्ठिर मिगलानी और कॉलेज प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग के द्वारा किया गया। डॉ. अजय कुमार गर्ग ने कहा कि हम सभी को किसी भी दबाव या लालच में ना आकर हमें अपने मत का सही प्रयोग करना चाहिए। एन एस एस अधिकारी डॉ. जोगेश ने कहा कि हम बिना किसी प्रलोभन के सदा सर्वदा अपनी मताधिकार पर प्रयोग प्रजातंत्र को सशक्त बनाने हेतु मतदान करते रहेंगे । एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट राजेश कुमार ने कहा कि मतदान करने से ही हमारे देश का भविष्य बनेगा और जैसा चाहेंगे वैसा प्रजातंत्र बनेगा।

# इनोवेशन सेल से पाइट को फोर स्टार रेटिंग

**समालखा कुलदीप सिंह :** केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) को फोर स्टार रेटिंग दी है। यह सर्वोच्च रेटिंग है, जो किसी शिक्षण संस्थान को दी गई है। कॉलेज को उच्च रैंक मिलने पर पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल एवं बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने इनोवेशन टीम को सम्?मानित किया। मंत्रालय ने वर्ष 2018 में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल यानी आइआइसी लॉन्?च किया था। इनोवेशन सेल कॉलेज में किए जा रहे रचनात्मक कार्यों, स्टार्टअप व छात्र-छात्राओं की ट्रेनिंग जैसे इवेंट्स पर नंबर देता है। पाइट में इनोवेशन सेल की अध्यक्ष डॉ.अंजू गांधी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नंबर के आधार पर कॉलेज को रैंक मिलता है। इस वर्ष मंत्रालय ने पाइट को फोर स?टार रेटिंग दी है। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि इससे पहले पाइट को फाइव स्टार रेटिंग मिल चुकी है। इस बार मंत्रालय ने सर्वोच्च रेटिंग फोर स्टार दी है, जो पाइट को मिली है। इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए सेल बनाया गया है। इसका उद्देश्य है कि बच्चे स्टार्टअप बनाएं, स्वरोजगार की तरफ बढ़ें।

# फाल्गुन महोत्सव में किया गया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: चुलकाना धाम** पर चल रहे फाल्गुन महोत्सव में देश भर से जुटे साधू-संतो, लोक गायकों व राजनेताओं का स्वागत श्रीश्याम मंदिर पुजारी सेवा समिति द्वारा शंखनाद करके किया गया। श्रीश्याम मंदिर पुजारी सेवा समिति की ओर से जानकारी देते हुए रिंकल पुजारी ने बताया कि मंदिर पुजारी सेवा समिति से जुड़े सभी श्याम भक्त मंच पर विराजमान रहे ओर जैसे ही स्वामी ज्ञानानंद महाराज व स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज सहित देश के जाने-माने संत मंच पर पहुंचे तो पुजारियों ने शंखनाद किया।

# एमए अर्थशास्त्र की छात्रा खुशबू ने दूसरा और बी.ए जनसंचार की दिव्या ने चौथा स्थान किया हासिल

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: गुरुवार को** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने एमए अर्थशास्त्र के तीसरे सेमेस्टर और बी.ए जनसंचार पांचवें सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए जिसमें आर्य कॉलेज के 6 विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में स्थान बनाया व महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों का कालेज प्रांगण में मिठाई खिलाकर स्वागत किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और



साथ ही कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सतबीर सिंह एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण समेत सभी स्टाफ सदस्यों को इस खास अवसर पर बधाई दी। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने एमए अर्थशास्त्र के तीसरे सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए।

# खटकड़ टोल पर पहुंची शुभकरण की अस्थियां

**जींद। दाता सिंह** वाला-खनौरी बार्डर पर 21 फरवरी को किसानों के दिल्ली कूच करते समय जान गंवाने वाले किसान शुभकरण की अस्थियां गुरुवार को खटकड़ टोल पर रखी गई और किसानों द्वारा यहां धरना दिया गया। शुक्रवार को शुभकरण की अस्थियों को नारनौंद के माजरा प्याऊ में ले जाया गया जाएगा और वहां पर महांपचायत होगी। इसमें किसान शुभकरण को न्याय दिलवाने की मांग की जाएगी। खटकड़ टोल कमेटी के सदस्य हरिकेश काब्रच्छा, कैप्टन भूपेंद्र सिंह, वेदप्रकाश बरसोला, फूल बरसोला समेत दूसरे किसानों ने बताया कि 15 मार्च को शुभकरण के गांव से अस्थियों के साथ यात्रा शुरू हुई थी।

# आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में विश्व वन दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: आर्य बाल भारती** पब्लिक स्कूल जीटी रोड पानीपत में विश्व वन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रगति आर्या रही कार्यक्रम की अध्यक्षता रणदीप आर्य विद्यालय के प्रधान ने की उन्होंने कहा कि मानव जीवन का मुख्य लक्ष्य ज्ञान प्राप्त करना है और ज्ञान देने के लिए विद्यालय ही सर्वोत्तम स्थान है उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए शुद्ध पर्यावरण का होना जरूरी है इसलिए अधिक पेड़ लगाओ और पृथ्वी बचाओ ' प्रिंसिपल साहब ने विस्तृत कार्यक्रम की जानकारी दी । मुख्य अतिथि प्रगति आर्या ने कार्यशाला को संबोधित किया उन्होंने कहा कि कार्यशाला दैनिक ,साप्ताहिक



,मासिक और वार्षिक पाठ्यक्रम पर आधारित की गई ' इस कार्यशाला में शिष्य और शिक्षक के पठन-पाठन के कार्य को कैसे आसान बनाया जा सकता है कार्यशाला में पढ़ने और सीखने की जानकारी दी गई' उन्होंने बताया की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ने वह उसे सीखने का तरीका भी बताया गया। बच्चों की रुचि किस विषय में अधिक होगी इस विषय पर भी चर्चा की गई जिससे विद्यार्थी की रुचि जिस विषय में हो उसे और अधिक रुचि कर बनाया जा सके इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित होने चाहिए। जिन्हें शिक्षक बहुत बारीकी से सीख कर बच्चों को बारीकी से सीखा सके समय-समय पर विचार आदान-प्रदान होने चाहिए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक शिक्षक आजीवन कुछ ना कुछ सीखता रहता है उसी प्रकार बच्चों में भी सीखने की आदत डालनी चाहिए।

# नकली पिस्तौल दिखाकर फेरी वाले से छीने रुपये

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबाद।** फेरी लगाकर सामान बेचने वाले उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति से बाईक सवार तीन युवकों द्वारा नकली पिस्तौल दिखाकर गांव झलनियां में हजारों रुपये की नकदी छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए सदर फतेहाबाद पुलिस ने गुरुवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इनके पास से छीने गए रुपये व वारदात में प्रयोग किए गए मोटरसाइकिल व नकली पिस्तौल को बरामद कर लिया है। सदर थाना फतेहाबाद के प्रभारी प्रहलाद राय ने बताया कि पुलिस ने यूपी निवासी नवाब की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस को दी शिकायत में यूपी निवासी नवाब ने कहा है कि वह फतेहाबाद में फेरी लगाता है। 19 मार्च को वह फतेहाबाद से मोटर साइकिल पर फेरी लगाने के लिए गांव झलनियां गया था। जब वह गांव में पहुंचा तो गांव के ही 3 लड़के मोटर साइकिल पर उसके पास आए और कहा कि उन्हें जूस निकालने वाली मशीन लेनी है, वह उनकी ढाणी में साथ चले। इस पर वह युवकों के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर चला गया। उक्त युवक उसे गांव झल्नियां से ढाणी माजरा की तरफ ले गए। रास्ते में युवकों ने मोटर साइकिल को रोक लिया।

# निरंकारी युवकों ने दर्शायी भाईचारे की भावना

**' समालखा ( कुलदीय सिंह )**

सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की असीम अनुकंपा से 24 वें निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन आज संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा ग्राउंड में हुआ, जिसका शुभारम्भ 25 फरवरी को हुआ था। इस प्रतियोगिता में देश के लगभग सभी राज्यों से 48 टीमें चयनित हुई जिसमें युवा प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने खेलों के माध्यम द्वारा अनुभव एवं महत्वपूर्ण शिक्षाओं को ग्रहण किया। क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमी फाइनल चरण में श्रीगंगानगर राजस्थान हिसार हरियाणा आगरा उत्तर प्रदेश एवं फाजिलका पंजाब से




चार राज्यों की टीमें चयनित हुई। 21 मार्च, को अंतिम चरण फाइनल राउंड की प्रतियोगिता श्रीगंगानगर एवं फाजिलका के बीच हुई; जिसमें श्रीगंगानगर टीम ने विजेता ट्रॉफी प्राप्त की। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन आफ द सिरिज का खिताब खिलाड़ी दीपक राजपूत आगरा को मिला। भ्रातृभाव अथवा जीवन के श्रेष्ठ गुणों का सुंदर स्वरूप इस क्रिकेट टूर्नामेंट के मैदान में दृश्यमान हुआ। संपूर्ण क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निदेर्शानुसार आदरणीय जोगिन्दर सुखीजा सचिव, संत निरंकारी मण्डल के नेतृत्व में किया गया।

# छठी के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार। जिले के कस्बा** आदमपुर में निजी स्कूल के छात्र ने गुरुवार को मानसिक परेशानी के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छठी कक्षा का छात्र पेपर अच्छा न होने के चलते परेशान चल रहा था। उसका साइंस का पेपर अच्छा नहीं हुआ था। मूल रूप से ठसका निवासी उक्त छात्र इन दिनों अपनी मां के साथ सदलपुर गांव में अपनी नानी के घर गया हुआ था और वहीं पर उसने यह कदम उठाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची आदमपुर पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि ठसका निवासी धर्मपाल की शादी गांव सदलपुर की सुमन बाला के साथ हुई। उनके दो बेटे हैं। धर्मपाल अग्रोहा में शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। सुमन के कोई भाई नहीं है, इसलिए वह अपनी मां की देखभाल के लिए मायके सदलपुर में रह रही है। उसका 12 साल का बेटा प्रबल भी मां के पास रहता है। वह आदमपुर क्षेत्र में एक निजी स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ रहा था। पुलिस के अनुसार बच्चे प्रबल की हाल ही में वार्षिक परीक्षा समाप्त हुई थी। उसका अंतिम पेपर साइंस का था। परिजनों ने बताया कि पेपर अच्छा नहीं हुआ था। इसके चलते वह परेशान हो गया।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पानीपत पुलिस सक्रिय

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: पुलिस** महानिरीक्षक ट्रैफिक हाइवे करनाल हरदीप सिंह दून के निदेर्शानुसार व पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वीरवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत लेन के नियमों का उंल्लघना करने वाले 192 भारी वाहनों के चालान किये। विशेष अभियान के तहत जिला यातायात पुलिस ने जिले में दिल्ली से चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर बाबरपुर ट्रेफिक थाना व पेप्सी पुल के पास एक साथ चेकिंग की। बाबरपुर ट्रेफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर



वेदपाल ने बताया भारी व गति प्रतिबंधित वाहनों को अपनी निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में चलाएं। यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंन करता है तो उसका चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाइवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों व ओवर स्पीड की वजह से होती है। भारी वाहन ओवर स्पीड के साथ ही अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे है। नियमों को ना मानने की वजह से हादसे हो रहे है। इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा इसी क्रम में भारी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने व पालना सुनिश्चित करवाने हेतु ट्रांस्पोर्टरों के साथ युनियनों में गोष्ठी का आयोजन कर ड्राइवरों को जागरूक भी किया जा रहा है।

# लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन का हुआ आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली/जयपुरः** लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम का आयोजन जयपुर स्थित बिरला ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश सोनी रहें।

**भाजपा की सरकार आते ही स्वतंत्र सेनानियों की पेंशन हुई बहालः** अधिवेशन के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 1977 में आपातकाल के दौरान जेल में यातनाएं झेलने वालों को श्रद्धांजलि के रूप में उनके परिजनों को सम्मानित किया। इसके साथ ही भजन लाल ने कहा कि राजस्थान की पूर्व कांग्रेस की सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन पर भी रोक लगा दी थी, लेकिन अब राजस्थान में भाजपा की सरकार आने के बाद सबसे पहले सेनानियों की पेंशन बहाल की गई है।

**इमरजेंसी में जेल गए सेनानियों के परिजनों को किया गया सम्मानितः** इस मौके पर लोकतंत्र प्रहरी संघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरीश असड़ी ने कहा कि 21 मार्च 1977 में जब देश में आपातकाल समाप्त कर लोकतंत्र को पुनः बहाल किया गया था और इस दिन को लोकतंत्र विजय दिवस के नाम से मनाया जाता है। इसी को लेकर पूरे देश में हर बार लोकतंत्र सेनानी संघ का राष्ट्रीय अधिवेशन अलग-अलग राज्यों में आयोजित किया जाता है। जिसमें सेनानी संघ व लोकतंत्र प्रहरी के प्रतिनिधि हिस्सा लेते है।

**सीएम सहित कई मुख्य अतिथियों ने की शिरकतः** अधिवेशन के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री किरोड़ी लाल मीना के साथ-साथ लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद, कैलाश सोनी, राज्यसभा सांसद एवं लोकतंत्र सेनानी के राष्ट्रीय महामंत्री राजेंद्र गहलोत, लोकतंत्र सेनानी संघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राजन ढिंगरा, लोकतंत्र प्रहरी संघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरीश असडी, शिव चरण योगी उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, मीनू दीवान दिल्ली प्रदेश प्रहरी संघ की महामंत्री, लोकतंत्र प्रहरी संघ राजस्थान के कार्यकारी हनुमान सहाय सहित हजारों की संख्या में पूरे देश से लोकतंत्र सेनानी व लोकतंत्र प्रहरी संघ के प्रतिनिधि पहुंचे।

## भारत नगर : कूड़ा केवल कूड़ेदान में ही डालें : शर्मा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत नगर इलाके में समाजसेवी अनिल शर्मा ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर समाज सेवी अनिल शर्मा के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने अनिल शर्मा के कार्यों को सराहा और कहा कि सभी को इस प्रकार के अभियान अपने-अपने इलाके में चलाना चाहिए। इस अवसर पर अनिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज भारत नगर इलाके में स्वच्छता अभियान चलाया गया और लोगों को जागरूक किया गया कि वह अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये। आपको बतादें कि अनिल शर्मा समय-समय पर इस प्रकार के जागरूकता भरें अभियान चलाते रहते है, यही कारण है कि अनिल शर्मा आज अपने कार्यों की बदौलत वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है।

## जहांगीरपुरी में श्रीश्याम बाबा महोत्सव का हुआ आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के वार्ड-17 भलस्वा वार्ड के जहांगीरपुरी स्थित के ब्लॉक समुदाय भवन में श्री श्याम बाबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने शिरकत की और बाबा का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजको ने निगम पार्षद अजीत यादव का स्वागत किया। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने श्री बाबा श्याम से सभी क्षेत्रवासियों के उज्वल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने कहा कि जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है, इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजकों के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अवैध पार्किंग व यूनिपोल को लेकर हमलावर हुई पंचायत संघ, मेयर करें हस्तक्षेप : संघ



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली की मेयर शैली ओबरॉय द्वारा जारी 403 अधिकृत पार्किंग की लिस्ट पर कहा की इनको अभी तक नहीं पता की अवैध पार्किंग व अवैध विज्ञापन होर्डिंग कितने है। दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा की मेयर संबंधित विभाग मुखिया को तुरंत निलंबित करें। अवैध पार्किंग, अवैध विज्ञापन होर्डिंग पर सभी नगर निगम जोन अधिकारियो से 15 दिन में रिपोर्ट लेकर संबंधित अधिकारियो व ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करें। मामले में पंचायत संघ का कहना है की अवैध पार्किंग, अवैध विज्ञापन होर्डिंग पर सीधे तौर से मेयर व निगम अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। दिल्ली की जनता को बीच में लाकर राजनीति ना करें, अपनी जवाबदेही से ना बचें। दिल्ली के अंदर यूनिपोलो व अवैध पार्किंग की बाढ़ आई हुई है, इस पर दिल्ली नगर निगम से आरटीआई के माध्यम से सवाल किए थे। लेकिन सभी का जवाब अपनी वेबसाइट पर बता कर पल्ला झाड़ लिया। एक प्रश्न पूछा कि दिल्ली में कितने यूनिपोल अवैध है। इसका जवाब दिया कि हमारे पास इसकी जानकारी नहीं है। वहीं दूसरी और नगर निगम कह रहा है कि हमनें विज्ञापन होर्डिंग से संबंधित अलग-अलग जोन बनाए हैं, ताकि इन पर निगरानी रखी जा सके।

थान सिंह यादव ने कहा कि लेकिन इसका कोई जवाब दिल्ली नगर निगम के पास नहीं है कि प्रत्येक जोन में कितने अवैध यूनीपोल लगे हैं।

## त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में चलाया वोटिंग जागरूकता अभियान





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव के बस अब कुछ ही दिन शेष बचे है, जिसको लेकर जहां एक ओर सभी राजनैतिक दल चुनावी प्रचार प्रसार में जोरों के साथ लगे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर चुनाव आयोग ने भी कमर कसी हुई है। इसी कड़ी में आज त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड नंबर-63 में चुनाव आयोग द्वारा वोटिंग जागरूकता अभियान चलाया गया।

**चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियानः** इस दौरान चुनाव आयोग के अधिकारियों सहित क्षेत्रीय पूर्व निगम पार्षद मंजू शर्मा, भाजपा नेता संजय शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जय भगवान गुप्ता, छबील दास गर्ग, सत्य नारायण बंसल, गिरिश भारद्वाज, रजनीश शर्मा सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें।

**डेमो दिखाकर किया जागरूकः** भाजपा नेता संजय शर्मा ने बताया कि आगामी चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा क्षेत्र में इस बार के नए वोटरों को वोटिंग का महत्व समझातें हुए कहा है कि जो भी इस बार18 वर्ष का हो गया है, वह अपना नाम वोटिंग लिस्ट में चैक करें और जिनका वोट नहीं बना है तो वोटर सेंटर पर जाकर फार्म जरूर भरें।

इसी के साथ ही भाजपा नेता संजय शर्मा ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा नए वोटरों को वोटिंग मशीन द्वारा डेमों दिखाकर जागरूक किया गया है।

## आप नेता सुरेश शर्मा ने सुनीं लोगों की समस्याएं




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी (जेजे सेल) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में वार्ड 18 जहांगीर पुरी के स्वामी श्रद्धानंद कॉलोनी ए ब्लॉक गोला चौक पर लोगों से जनसंवाद किया गया और उनकी समस्याओं को सुना एवं समस्या का समाधान कराया गया। उन्होंने आगे बताया कि श्रद्धानंद कॉलोनी में सीवर कनेक्शन में आ रही समस्याओं को सुनकर उसका भी समाधान करवाया गया। और जनता से सफाई के विषय पर फीडबैक लिया गया, जिसमें लोगों ने माना कि सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है। सुरेश शर्मा ने उपस्थित लोगों को विधायक अजेश यादव और दिल्ली सरकार द्वारा कराये जा रहे कार्यो एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाये जाने पर सैनी समाज त्रिनगर दिल्ली में हर्ष की लहर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः सैनी समाज** त्रिनगर दिल्ली ने नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री बनाये जाने पर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। सैनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि नायब सिंह सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाकर भारतीय जनता पार्टी ने समस्त दलित, पिछड़ा व अति पिछड़े वर्ग को गौरवान्वित कर यह दर्शा दिया है कि भारतीय जनता पार्टी दलित व पिछड़े वर्ग की पूर्ण हिमायती है। इस अवसर पर निगम पार्षद मीनू गोयल, सैनी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव महेन्द्र सिंह सैनी, त्रिनगर मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश गांधी, सैनी समाज रामपुरा के संरक्षक मान सिंह सैनी, नंद किशोर सैनी, प्रधान श्रीचंद सैनी, विशन सैनी, शिवशंकर सैनी, महासचिव पवन सैनी, विरेन्द्र सैनी, कपिल सैनी, भाजपा युवा नेता मनोज सैनी, जयभगवान दाहिया, डॉ. रामअवतार सैनी, रोहताश सैनी, हरकेश सैनी, राकेश सैनी, श्रीमती कुसुमलता सैनी, सुरेश सैनी, शिवा सैनी, बिजेन्द्र सैनी एवं अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया। निगम पार्षद मीनू गोयल ने कहा कि जब-जब समाज का कोई व्यक्ति उच्च पद प्राप्त करता है तब-तब उस समाज में खुशी की लहर का आना निश्चित होता है। सैनी समाज के प्रतिष्ठित नेता नायब सिंह सैनी जी को मुख्यमंत्री बनाये जाने पर सैनी समाज में प्रसन्नता की लहर है। मैं भी इस अवसर पर सैनी समाज को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

# होली मंगल मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** वाईएसएस योग संस्थान एवं आरडब्ल्यूए निमडी कालोनी द्वारा होली मंगल मिलन का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने शिरकत की। कार्यक्रम के आयोजकों ने निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी का स्वागत किया। इस अवसर पर वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि आज बड़े ही भव्य रूप में रंगों के उत्सव होली पर होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। मैं सभी को होली पर्व की बहुत-बहुत बधाई देती हूं और प्रभु से प्रार्थना करती हूं कि प्रभु सभी के जीवन में अपार खुशियां लाये। इस मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## दिल्ली राज्य योग खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भारत योग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा द्वितीय दिल्ली राज्य योग खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली स्टेट में दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। जिसमें पूरे राज्य से बहुताय की संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद मनोज तिवारी, डॉ नितिन अग्रवाल ब्लिस फाउंडेशन, पूनम चौहान जिला अध्यक्ष, सुशील चौधरी, राजेंद्र अग्रवाल, मीडिया हेड दीपक चौहान, दिया, पुष्पा, कृष्ण कुमार अग्रवाल शशांक गुप्ता मौजूद रहे। इस मौके पर गणमान्य लोगों ने कहा कि इस प्रतियोगिताओं का आयोजन समाज में योग को बढ़ावा देना व सभी उम्र के लोगों को एक मंच देना इसका मुख्य लक्ष्य है। शेखर अग्रवाल ने कहा यह संगठन योग स्पोर्ट्स को दुनिया भर में नई ऊँचाइयों तक लेकर जाएगा। एक दिवसीय राष्ट्रीय योग महोत्सव, दिल्ली, निश्चित रूप से आप सभी के प्रयासों के फलस्वरुप ही संपन्न हो सका। प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार की अद्भुत कलात्मक प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय और मनमोहक रहे। जो उनकी निरंतर तपस्या व कठिन परिश्रम के फल स्वरुप ही संपन्न हो सका होगा।

# छोटू राम पॉलिटेक्निक में 63वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

प्रतियोगिता

8 दो दिन चली इस प्रतियोगिता में अलग-अलग खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया




**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
आज छोटू राम पॉलिटेक्निक में 63 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। दो दिन चली इस प्रतियोगिता में अलग-अलग खेलों में विद्यार्थियों ने बढ़ चढकर भाग लिया तथा इनाम जीते । आज के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि चीफ इंजीनियर वीरेंद्र मालिक, पी. डब्लू.डी. (बी एड आर) रहे । उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों का जीवन में महत्व के बारे में विस्तार से बताया और नियमित रूप से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया । खेलों के समापन समारोह के साथ-साथ पुरस्कार वितरण भी हुआ जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ सुभाष दहिया ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों जिसमे संस्थान के पूर्व छात्र एक्सईएन सोमबीर दहिया और एक्सईएन विकास दहिया का कॉलेज प्रांगण में स्वागत किया और विद्यार्थियों को सकारात्मकता तथा टीम भावना से खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया ताकि उनके जीवन में अनुशासन भी बना रहे। स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन डॉ. सुखबीर किन्हा ने सफलता पूर्ण आयोजन के लिए सबका धन्यवाद किया । संस्थान के डी.पी. बिजेंद्र हुड्डा ने वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के परिणाम बताएं जो निम्न प्रकार से रहे :
ब्वॉयज इवेंट्स : हैमर थ्रो ब्वॉयज - विक्रांत , शॉट पुट - अमन, डिस्कस थ्रो - विक्रांत, जेवलिन थ्रो - केशव, हॉप स्टेप एण्ड जंप - प्रिंस, हाई जंप - अनुज। 4*100 मीटर रीले रेस - हिमांशु एण्ड पार्टी, 4*200 मीटर रीले रेस - प्रिंस एण्ड पार्टी, 4*400 मीटर रीले रेस - दीपांशु एण्ड पार्टी। 100 मीटर रेस - पिंकेश, 1500 मीटर रेस - रोहित, लॉन्ग जंप - रोहित, 800 मीटर रेस - रोहित, 200 मीटर रेस - रोहित, 5000 मीटर रेस - हिमांशु।
गर्ल्स इवेंट्स : हैमर थ्रो - मानसी मोर, 400 मीटर रेस - महक,200 मीटर रेस - रिया, 100 मीटर रेस - किरण, 800 मीटर रेस - मनीषा, हाई जंप - रिया, डिस्कस थ्रो - काजल, लॉन्ग जंप - रिया, शॉट पुट - आशा, जेवलिन थ्रो - काजल। बेस्ट एथलीट ब्वॉयज - रोहित, बेस्ट एथलीट गर्ल्स - काजल। ओवर ऑल क्राउन ट्रॉफी पर लगातार तीसरी बार सिविल इंजिनियरिंग विभाग का कब्जा रहा।

# बूथों पर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मिलेंगी जरूरी सुविधाएं: अनुराग अग्रवाल

मतदाता

8 केन्द्रों पर दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सेवा में लगेंगे एनएसएस व एनसीसी कैडेट



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था की जाएगी है। जिससे कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग सुविधापूर्वक कर सकें।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग स्टेशनों पर रैंप, व्हील चेयर, लाने व ले जाने की व्यवस्था और मेडिकल किट इत्यादि सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों को भी तैनात किया जाएगा। आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनावों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सक्षम ऐप भी बनाया है।उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की चुनाव के दौरान अहम भूमिका रहती है। प्रदेश में अधिकांश पोलिंग स्टेशन स्कूलों में ही बनाए गए हैं। अध्यापक स्कूलों में बच्चों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दें और उन्हें अपने अभिभावकों के साथ-साथ अन्य लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने को कहें। मतदान के दिन जब उनके अभिभावक वोट डालने आते हैं तो वे भी साथ आएं और सेल्फी लेकर इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड करें।
उन्होंने कहा कि मतदाता अपने जहन में रखें कि हम भारत के मतदाता हैं, भारत के लिए मतदान करें।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की गई है। कर्मचारी प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह संयोजकों, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों और जिला संयोजकों की नियुक्ति की है।
भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पुनिहाणी ने बताया कि प्रदेश संयोजक विद्यानंद लांबा ने सह-संयोजक के पद पर सूरत सिंह बाबलिया, सुखविन्द्र सिंह बराड, बलबीर रोहिल्ला, बलवंत पांचाल, एम.आर. लरोइयॉ को नियुक्त किया है। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी में शिव प्रसाद शर्मा, ए.के. भनोट, महेन्द्र सिंह नरवाल, रवि चौधरी, संजीव कुमार, बी. के.मेहता-रिटायर्ड कमाडेंट, सुख दर्शन अत्री, बलबीर सिंह-रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक, राजपाल शेरा, सतीश कौशल, रणबीर सिंह, हरीश चंद्र गुलाटी, ओम नाथ मालिक, राजरूप यादव, पुष्पेन्द्र शर्मा , ईश्वर सिंह कौशिक, मोहन सिंह मनोचा, श्रीनिवास, शमशेर सिंह यादव, कृष्ण जुलानी, किशोरी लाल गुप्ता , जगत सिंह दलाल , जी.के.अरोड़ा, विनोद बिहारी शर्मा, प्रभु दयाल कौशिक, विजय अग्रवाल, विजय यादव, समुन्दर सिंह ग्रोवर, बलदेव सिंह, रणबीर फोगाट, महाबीर सिंह यादव, ओमप्रकाश यादव, सुरेंद्र यादव, सर्वसुख यादव रि.एस. एच.ओ, यशपाल यादव, संवत सिंह यादव, बी.पी. यादव रि.ए.एफ. एस.ओ., जे.पी.दहिया, प्रताप सिंह यादव, राजबीर रोहिल्ला, हरीश कुमार भृगू, रतिपाल सिंह, धर्मबीर, विजय वीर, बिपिन्न कुमार शर्मा और आर.सी. कटोच को शामिल किया है।
भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप पुनिहाणी ने बताया कि भरतपाल को पंचकूला संयोजक और मानसिंह सबगा को अंबाला जिला का संयोजक बनाया गया है। इसी प्रकार से रोशनलाल शर्मा को यमुनानगर, ईश्वर कौशिक को कुरूक्षेत्र, श्यामाल कल्याण को कैथल, श्यामलाल कम्बोज को करनाल, सतपाल जांगड़ा को पानीपत, सतपाल कौशिक को सोनीपत, रवि चौपड़ा को जींद, बलजीत प्रजापति को झज्जर तथा सुभाष भल्ला को रोहतक जिला संयुक्त नियुक्त किया है।
संदीप पुनिहाणी के अनुसार हुनमान गोदारा को सिरसा, वेद प्रकाश गौड़ को हिसार, धर्मपाल जांगड़ा को फतेहाबाद, विनोद कुमार को भिवानी, रामोतार यादव को दादरी, सतबीर यादव को महेन्द्रगढ़, हंसराज यादव को रेवाड़ी, ओम प्रकाश यादव को गुड़गांव, हरकेश सिंह को नूंह, शीतलदास चेयरमैन को पलवल तथा सीके राय को जिला फरीदाबाद संयोजक नियुक्त किया है।

### जींद : युवा किसान नेता अक्षय नरवाल सहित तीनों किसान नेताओं को मिली जमानत

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
युवा किसान नेता अक्षय नरवाल, गांव कथूरा सोनीपत निवासी प्रवीन, गांव कोयल निवासी वीरेंद्र को जिला एवं सत्र अदालत से गुरुवार को जमानत की मंजूरी मिल गई है। तीनों को पंजाब बॉर्डर पर गत 13 फरवरी को किसानों और पुलिस के बीच हुए संघर्ष के दौरान दर्ज मुकद्में में गिरफ्तार किया गया था। तीनों को 37 दिन बाद जमानत मिली है।
पिछले तीन दिनों से जेल के अंदर अनशन पर बैठे अक्षय नरवाल ने गुरुवार को जमानत मिलने के बाद शाम साढ़े छह बजे बाहर आकर अनशन तोड़ा। बाहर किसान नेताओं ने उन्हें जूस पिला कर अनशन खत्म करवाया। किसानों ने कहा कि हकों के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी। किसानों के अधिवक्ता सोमदत्त रेढू ने बताया कि तीनों किसान नेताओं को 13 फरवरी को दाता सिंह वाला बॉर्डर से गिरफ्तार गया था और उन पर हत्या के प्रयास सहित 11 अलग-अलग धाराओं में शामिल किया गया था।
गत 13 फरवरी को दातासिंह वाला बॉर्डर पर अक्षय नरवाल समेत चार किसानों के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद अक्षय नरवाल को गिरफ्तार कर लिया था। अक्षय नरवाल की रिहाई की मांग को लेकर सात मार्च को किसानों ने जींद में धरना भी दिया था। इसके बाद पुलिस ने आश्वासन दिया था कि अक्षय नरवाल की जमानत हो जाएगी लेकिन जमानत नहीं हो पाई। चार दिन पहले अक्षय नरवाल ने जेल में अनशन शुरू कर दिया था।
युवा किसान नेता अक्षय नरवाल ने कहा कि वह निर्दोष हैं, और उसके खिलाफ बॉर्डर पर कोई सबूत नहीं मिले है। इसके बावजूद भी उनके खिलाफ संगीन धाराएं लगा कर गिरफ्तार किया गया। सरकार ने मौलिक अधिकारों का हनन किया है। वहीं प्रियंका खरकरामजी और संदीप चहल ने बताया कि प्रशासन की तरफ से उन्हें आश्वासन मिला है कि कुछ तारीखों पर पेशी भुगतने के बाद उनका केस खारिज करवाने का प्रयास रहेगा।

## बूथों पर दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को मिलेंगी सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान दिव्यांग तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था की जाएगी है। जिससे कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग सुविधापूर्वक कर सकें।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पोलिंग स्टेशनों पर रैंप, व्हील चेयर, लाने व ले जाने की व्यवस्था और मेडिकल किट इत्यादि सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवकों को भी तैनात किया जाएगा।

# वैदिक शिक्षा के प्रसार में अग्रणी भूमिका निभा रहा महाविद्यालय गुरुकुल झज्जर

वार्षिक महोत्सव

8 महाविद्यालय गुरुकुल झज्जर का 108वां वार्षिक महोत्सव इस वर्ष 23 व 24 मार्च को मनाया जाएगा।



**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
वैदिक शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभा रहे महाविद्यालय गुरुकुल झज्जर का 108वां वार्षिक महोत्सव इस वर्ष 23 व 24 मार्च को मनाया जाएगा। समारोह में इस बार भी काफी संख्या में आर्य जगत के प्रसिद्ध संन्यासी, राजनीतिक नेता, विद्वान व भजनोपदेशक जुटेंगे। अथर्ववेद पारायण यज्ञ होगा और यहां के विद्यार्थी व्यायाम का शानदार प्रदर्शन करेंगे। जनता के सहयोग से देश सेवा में लगी इस संस्था को शासन सहयोग बढ़े तो हिंदू संस्कारों का अधिक प्रचार-प्रसार हो सकता है।
झज्जर के निवासी महान दानवीर पंडित बिशम्भर ने वर्ष 1916 में अपनी 138 बीघा भूमि दान देकर स्वामी श्रद्धानंद से गुरुकुल झज्जर की आधारशिला रखवाई। इस महान व्यक्ति द्वारा आरंभ किए गए गुरुकुल को वर्ष 1942 में आचार्य भगवान देव ने संभाल लिया। इस महान यज्ञ में आचार्य भगवानदेव जैसे त्यागी पुरुष लगातार आहुति देते रहे। यहां से स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों और सिद्धांतों के साथ आर्य समाज का प्रचार किया जाता है। संस्था की स्थापना के बाद अब तक यहां से लाखों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। यहां नवयुवकों को गायों की सेवा के लिए प्रेरित किया जाता है और चरित्रवान बनाया जाता है। यहां आयुर्वेदिक औषधालय भी चलता है। यहां बनने वाली श्रेष्ठ दवाओं से लाखों लोग स्वास्थ्य लाभ उठाते हैं। गुरुकुल के प्रमुख आचार्य विजयपाल ने बताया कि करीब दो साल पहले 6 मार्च 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यहां हुए समारोह में गुरुकुल की कई परियोजनाओं के लिए 60-70 करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी करवाने की घोषणा की थी। संग्रहालय के नए भवन के लिए भूमि पूजन किया था और सरकार की ओर से 20 करोड़ रुपये लगाकर नया भवन बनाने की घोषणा की थी। उन्होंने राज्य के बाकी गुरुकुलों के साथ-साथ झज्जर गुरुकुल में भी बिजली बिल से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए सौर संयंत्र योजना लागू करने की घोषणा की थी, लेकिन इसमें से एक भी काम अभी तक सिरे नहीं चढ़ा है। आचार्य विजयपाल का कहना है कि यह घोषणाएं पूरी हो जाएं तो संस्था को समाज सेवा करने में अधिक मदद मिल सकती है।

# राज्य स्तर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी गठित

चुनाव

8 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे समय आदर्श चुनाव आचार संहिता का सही मायने में पालन हो,

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे समय आदर्श चुनाव आचार संहिता का सही मायने में पालन हो, इसके लिए राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के राजनीतिक विज्ञापनों, पेड न्यूज व फेक न्यूज पर पैनी नजर रखने व इनके सर्टिफिकेशन अनुमति देने के लिए राज्य व जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई है।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष होंगे, जबकि भारत के चुनाव आयोग से नियुक्त एक पर्यवेक्षक, सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, पीआईबी/बीओसी, चंडीगढ़ की संयुक्त निदेशक संगीता जोशी, भारतीय प्रेस परिषद के गुरिंदर सिंह, सूचना, लोक संपर्क, भाषा व संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) विवेक कालिया तथा संयुक्त निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा राजकुमार इस कमेटी के सदस्य मनोनीत किये गए हैं।
उन्होंने बताया कि यह कमेटी किसी भी राजनीतिक पार्टी, उम्मीदवार या किसी अन्य व्यक्ति को विज्ञापनों के संबंध में सर्टिफिकेशन देने या अस्वीकार करने के संबंध में की गई अपील पर निर्णय लेगी।

## राज्य स्तर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूरे समय आदर्श चुनाव आचार संहिता का सही मायने में पालन हो, इसके लिए राजनीतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के राजनीतिक विज्ञापनों, पेड न्यूज व फेक न्यूज पर पैनी नजर रखने व इनके सर्टिफिकेशन अनुमति देने के लिए राज्य व जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) गठित की गई है।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी के अध्यक्ष होंगे,

# रैली और फ्लेक्स के लिए राजनीतिक दलों को लेनी होगी सहायक निर्वाचन अधिकारी से अनुमति: शांतनु

प्रचार

8 जिले में 13 जगहों पर रैलियों, जनसभाओं के लिए स्थल निर्धारित किए गए है: शांतनु शर्मा



**दलबीर मलिक**
**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में रैलियों, जनसभाओं के आयोजन तथा फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर इत्यादि लगाने के लिए सभी राजनीतिक दलों को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी (एआरओ) से अनुमति लेनी होगी। इस जिले में 13 जगहों पर रैलियों, जनसभाओं के लिए स्थल निर्धारित किए गए है। इसके अलावा होर्डिंग्स, फ्लेक्स, पोस्टर, बैनर इत्यादि सामग्री चस्पा करने के लिए शहरी क्षेत्रों में 27 और ग्रामीण क्षेत्रों में 404 स्थल निर्धारित किए गए है। इन निर्धारित स्थलों के अलावा किसी भी जगह पर प्रचार-प्रसार सामग्री चस्पा करने की इजाजत नहीं होगी। इन आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा चंडीगढ़ द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 का शेड्यूल जारी कर दिया गया है, इस शेड्यूल के अनुसार 29 अप्रैल को गजट नोटिफिकेशन होगा और नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, 6 मई को नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन होगा, 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, 9 मई तक उम्मीदवार अपने नामांकन पत्र वापिस ले सकते है, इसके उपरांत 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतों की गणना का कार्य किया जाएगा। इन लोकसभा चुनावों को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी को आदर्श आचार संहिता की पालना करनी होगी। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के लिए रैली, जनसभा, तथा फ्लेक्स-बैनर इत्यादि के लिए चारों विधानसभाओं जिनमें 11-लाडवा, 12-शाहबाद (अ.जा.), 13-थानेसर, 14-पिहोवा के अंतर्गत पड़ने वाले ब्लॉक इत्यादि के लिए जगह निर्धारित की गई है।

# पहलवान सुमित मलिक ने जीता भारत केसरी का खिताब

दंगल

8 इस इनामी दंगल में हर टाइटल में 16वें स्थान तक पहलवानों को इनाम दिया गया।



**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
गांव छारा में गुरुवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में पांच खिताबों के लिए 350 पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। 85 किलोग्राम भार वर्ग में भारत केसरी का खिताब छत्रसाल स्टेडियम दिल्ली के पहलवान सुमित मलिक ने जीता।
इस इनामी दंगल में हर टाइटल में 16वें स्थान तक पहलवानों को इनाम दिया गया। बाल पहलवानों की अनेक छोटी इनामी कुश्तियां भी हुई। दंगल में ग्राम पंचायत द्वारा पहलवानों को 6 लाख 80 हजार रुपये के नकद इनाम बांटे गए। आयोजन समिति के संयोजक आर्य वीरेंद्र पहलवान ने बताया कि 55 किलोग्राम बाल भारत केसरी टाइटल में गांव छारा के पहलवान गौरव दलाल ने प्रथम स्थान और पीर अखाड़ा सिलाना के सिद्धार्थ ने द्वितीय स्थान जीता। 65 किलोग्राम भारत गौरव टाइटल में प्रथम स्थान उदित अश्वनी अखाड़ा खरखोदा ने और द्वितीय स्थान रवि डराणा ने पाया। दंगल के 75 किलोग्राम भारत अभिमन्यु टाइटल में प्रथम स्थान सागर दलाल वीरेंद्र अखाड़ा छारा ने और द्वितीय स्थान अभिमन्यु छत्रसाल स्टेडियम दिल्ली ने जीता। आर्य वीरेंद्र ने बताया कि 85 किलोग्राम वर्ग के भारत कुमार टाइटल में पहले स्थान पर वीरेंद्र अखाड़ा छारा का पहलवान पुष्पेन्द्र दलाल और दूसरे स्थान पर इसी अखाड़े का शेखर दलाल रहा। सबसे बड़ी कुश्ती 85 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग की रहीं। इस भार वर्ग के भारत केसरी टाइटल में प्रथम पुरस्कार सुमित मलिक छत्तरसाल स्टेडियम दिल्ली ने और द्वितीय पुरस्कार विक्की शहीद भगत सिंह अकादमी मीरपुर जींद ने जीता।

# युवती का इलाज कराने के बहाने बुला क्लिनिक संचालक का अपहरण



**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
पलवल में एक निजी क्लिनिक संचालक को युवती का इलाज कराने के बहाने घर बुलाकर बंधक बनाने, मारपीट व लूटपाट का मामला गुरूवार को सामने आया है। कुछ लोग उसका अपहरण कर दूसरे गांव ले गए और वहां पर मारपीट की गई। पुलिस ने थाना हथीन में 8 नामजद सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
मिली जानकारी के अनुसार होडल निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह धीरनकी रोड़ पर हथीन में क्लिनिक चलाता है। कोट गांव निवासी जान मोहम्मद का उसके पास आना-जाना रहता था। वह उसके क्लिनिक पर सिरोली गांव निवासी रेहाना को लेकर आया। उसकी तबीयत खराब थी। इसके बाद रेहाना अक्सर दवाई लेने आती रहती थी। उसकी रेहाना से जान पहचान हो गई।
अशोक कुमार ने बताया कि रेहाना उसके पास इलाज के लिए आली मेव गांव निवासी बिलकिस को लेकर आई। उसको उसने दवाई-गोली देकर घर भेज दिया। उन्होंने कहा कि बिलकिस को ज्यादा आराम नहीं है, शाम को घर जाते समय उनके घर आ जाना और बिलकिस को दवाई दे जाना। बिलकिस के घर आलीमेव गांव पहुंचा तो वहां पर बिलकिस व रेहाना दोनों मौजूद मिली।
अशोक ने कहा कि जब परिवार के अन्य लोगों के बारे में पूछा तो कहा कि बाहर गए हुए है। रेहाना दरवाजा बंद करने लगी और बिलकिस ने कहा हमने तुमसे कोई इलाज नहीं कराना। तुम्हें धोखा देकर फंसाने की नीयत से घर बुलाया है। जब तक वह पूरा माजरा समझता तब तक रेहना ने दरवाजा बंद कर दिया और बिलकिस तेज आवाज में चिल्लाने लगी।इस दौरान बिलकिस के पिता हारुण, मां असमीना, इकबाल, मकमुल, मुन्नु व मख्तार वगैरा आ गए। उन्होंने उसे एक कमरे में बंद कर दिया और उसके साथ मारपीट की। उसकी बाइक, जेब में रखे 2800 रुपए, लाईसेंस आदि को लूट लिया। इसके बाद आरोपी आलीमेव से उसे गाड़ी में डालकर सिरौली गांव ले गए। सिरौली गांव में ले जाकर उसके साथ मारपीट कर उसे एक कमरे में बंधक बना लिया। वह किसी तरह उनके चंगुल से निकल कर आया।
हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल ने गुरूवार को बताया कि पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# हर जिले में आपदा मित्र करेंगे मानव सेवा में सहयोग: अनिल जोशी

रेडक्रास

8 शिविर निदेशक रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से 116 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा रेडक्रास सोसायटी के राज्य संयुक्त सचिव अनिल जोशी ने कहा कि आपदा के समय तुरंत सहायता मिलना जरूरी है, इसके लिए रेडक्रास आपदा मित्र तैयार कर रहे हैं जोकि हर जिले में सहयोग में भागीदार होगा।
रेडक्रास सोसायटी के राज्य संयुक्त सचिव अनिल जोशी गुरुवार को पांच दिवसीय राज्य स्तरीय आपदा मित्र डिजास्टर रिस्पांस ट्रेनिंग कैंप में बोल रहे थे।
शिविर निदेशक रविंद्र कुमार ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि आपदा के समय में तुरंत सहायता सबसे महत्वपूर्ण होती है, इसलिए रेडक्रास की ओर से जिला स्तर पर आपदा मित्र तैयार करने की योजना शुरू की गई है। जिला स्तर पर प्रशिक्षण के साथ राज्य स्तर मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं।
शिविर निदेशक रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से 116 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। इस शिविर में राष्ट्रीय स्तर के रिसोर्स पर्सन के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में संजीव धीमान राज्य प्रशिक्षण अधिकारी ने फर्स्ट एड, सीपीआर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी की जान बचाने के लिए प्राथमिक चिकित्सा एक अहम कदम हो सकता है। एक्सीडेंट या चोट लगने के बाद तुरंत फर्स्ट एड देने से घायल व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। हर व्यक्ति को फर्स्ट एड देना आना चाहिए ताकि वह जरूरत पड? पर इसका इस्तेमाल कर सके।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 22 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# अगले पांच दिनों में 5 सीटों पर एलान: सीएम

## आप पहले ही पंजाब की 8 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है

**घोषणा**

**8 लुधियाना, गुरदासपुर, आनंदपुर साहिब, फिरोजपुर और होशियारपुर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी अगले पांच दिनों में बाकी पांच लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी। यह जानकारी पार्टी के प्रधान और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अपने एक्स अकाउंट पर दी। आप पहले ही पंजाब की 8 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी अमृतसर से कुलदीप सिंह धालीवाल, खडूर साहिब से लालजीत सिंह भुल्लर, जालंधर से सुशील कुमार रिंकू, फतेहगढ़ साहिब से गुरप्रीत सिंह जीपी, फरीदकोट से करमजीत अनमोल, बठिंडा से गुरुमीत सिंह खुड्डियां, संगरूर से गुरुमीत सिंह मीत हेयर और पटियाला से डॉ. बलबीर को मैदान में उतारा है।

**चुनावी अभियान की हुई शुरूआत:** शेष पांच सीटों लुधियाना, गुरदासपुर, आनंदपुर साहिब, फिरोजपुर और होशियारपुर के लिए उम्मीदवारों की घोषणा अगले पांच दिनों में की जाएगी। मार्च की शुरूआत में ही पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 'संसद च वी भगवंत मान, खुशहाल पंजाब ते वधेगी शान' नाम से अपने चुनावी अभियान की शुरूआत कर दी है।

**लुधियाना की सीट पर भी नहीं घोषित हुए उम्मीदवार:** जिन सीटों पर अभी पार्टी के उम्मीदवार घोषित नहीं किए गए हैं। उनमें लुधियाना की सीट भी शामिल है। इस पर राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को खड़ा करने की बात चल रही है। स्थानीय उद्योगपति होने के कारण उनका इस सीट पर अच्छा आधार है। पार्टी चाहती है कि इसका लाभ लिया जाए। हल्का के विधायक नरेंद्र पाल सिंह सवना के नाम पर भी विचार कर रही है जो राय सिख बिरादरी से हैं।फिरोजपुर सीट पर इस बिरादरी का अच्छा खासा दबदबा है। खासतौर फिरोजपुर देहाती, जलालाबाद, गुरु हरसहाय, फाजिल्का आदि सीटों पर। इसके अलावा कुछ और नामों पर भी विचार हो रहा है।

**रमन बहल के नाम पर भी चल रहा विचार:** गुरदासपुर में पार्टी की स्थिति विकट है। पार्टी यहां से किसी अन्य पार्टी के विधायक या बड़े नेता को आप में शामिल करवाकर चुनाव मैदान में उतारना चाहती है। इसके अलावा पूर्व कांग्रेसी नेता रमन बहल जो पिछले समय में आप में हो गए थे को भी चुनाव मैदान में उतारने पर विचार चल रहा है।

**गुरदासपुर सीट पर भी टिकी नजर:** भाजपा की एक सीनियर नेता और कांग्रेस के विधायक भी पार्टी की नजरें हैं जिस तरह से होशियारपुर सीट के लिए कांग्रेस के चब्बेवाल से विधायक डॉ. राजकुमार चब्बेवाल को लिया गया है, गुरदासपुर सीट के लिए भी आप किस कांग्रेसी विधायक पर नजरें गड़ाए बैठी है। श्री आनंदपुर साहिब सीट के लिए तीन नेताओं में कांटे की टक्कर है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता मालविंदर सिंह कंग, दीपक बाली, नरेंद्रपाल सिंह शेरगिल। यही नहीं शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस के नाम पर भी विचार हो रहा है।

### आप-कांग्रेस गठबंधन का मिलेगा फायदा...'

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालंधर:** महज दस माह पहले कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) ज्वाइन कर जालंधर के सांसद बनने वाले सुशील कुमार रिंकू ने कहा कि पंजाब में कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से दोनों पार्टियों को फायदा मिलेगा।

**यह देश का चुनाव है: सुशील रिंकू**

बुधवार को एक साक्षात्कार के दौरान सुशील रिंकू ने कहा कि लोकसभा चुनाव स्थानीय चुनाव नहीं है, बल्कि यह देश का चुनाव है। लोकतंत्र के लिए और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ा जाने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि नेताओं को अपने निजी हितों को किनारे रखकर व्यापक हित और लोकतंत्र के पक्ष में कार्य करना चाहिए। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में बने मेयर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन से दोनों पार्टियों को चंडीगढ़ में अपना मेयर बनाने में मदद मिली है। गठबंधन का प्रयोग वहां सफल रहा है। अगर देश के बाकी राज्यों में गठबंधन हो सकता है तो फिर यह गठबंधन पंजाब में भी फायदा दे सकता है। रिंकू ने कहा कि गठबंधन को लेकर हाईकमान के साथ कभी कोई बात नहीं हुई है। हालांकि आप की तरफ से बिना किसी गठबंधन के बीते सप्ताह ही पंजाब के कुल 13 संसदीय क्षेत्रों में से आठ संसदीय क्षेत्रों के उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में फेरबदल

**टीम एक्शन इंडिया**

**बालोद: छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री कन्या** विवाह योजना अंतर्गत प्रति कन्या विवाह हेतु निर्धारित राशि 50 हजार रुपये में व्यय के मापदंड में परिवर्तन करते हुए योजना पर व्यय का संशोधित मापदंड निर्धारित किया गया है, जिसमें अब 21 हजार नही बल्कि 35 हजार रुपये की राशि वधु के बैंक खाते में दी जाएगी। वहीं 7 हजार रुपये उपहार सामग्री पर व्यय और 8 हजार रुपये विवाह आयोजन व्यवस्था एवं परिवहन पर व्यय किया जाएगा। यह आदेश आगामी वर्ष 2024-25 यानि कि 1 अप्रैल 2024 से लागू हो जाएगी।



उल्लेखनीय हो कि पहले वधू के खाते में 21 हजार रुपये की राशि भुगतान की जाती थी, और 15 हजार रुपये की भार सामग्री जिसमें बर्तन, एक सिंगल बेड का गद्दा, एक छोटी आलमारी इत्यादि दिया जाता था, लेकिन अब भार सामग्री ने देकर इसके बदले राशि का भुगतान किया जाएगा। जिसके बाद वर-वधु अपने अनुसार सामग्री क्रय कर सकेंगे। इस नए संशोधित आदेश से इससे पूर्व में किये जा रहे भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगा। क्योंकि जो 15 हजार की भार सामग्री विभाग स्वंय क्रय कर वर-वधु जोड़ो को देता था, उसमें धांधली की जाती थी।

**मापदंड**

**8 व्यय के मापदंड में परिवर्तन करते हुए योजना पर व्यय का संशोधित मापदंड निर्धारित किया गया**

## प्रत्याशी चयन के लिए लालू यादव अधिकृत किए गए

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल संसदीय बोर्ड ने लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों के चयन के साथ ही जिन सीटों पर चुनाव लडना है उनके संबंध में निर्णय लेने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद को अधिकृत किया है। 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास में संसदीय बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें संसदीय बोर्ड के सभी नेता शामिल हुए। बैठक करीब आधे घंटे चली। बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दिकी ने कहा कि प्रत्याशी चयन के लिए लालू यादव अधिकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से किस सीट से कौन लड़ेगा इसका निर्णय जल्द ही होगा। महागठबंधन दलों की बैठक में सीटों पर सहमति की प्रक्रिया जारी है। एक सवाल पर सिद्दिकी ने कहा कि बैठक में इन तीनों नाम पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

## चुनाव प्रचार के लिए 40 फीसदी बढ़ी हेलीकॉप्टरों की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से एक माह पहले कांग्रेस पार्टी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगा दिया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा, चुनावी संसाधनों पर अपना एकाधिकार करने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी ने कहा, अगर हमारे नेता को चुनाव में किसी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना है तो वह कैसे जाएगा। जब सरकार हमारी पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज कर रही है तो हेलीकॉप्टर की बुकिंग कैसे होगी, ट्रेन का टिकट कैसे मिलेगा। दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टरों की जबरदस्त बुकिंग हो रही है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टरों की बुकिंग में लगभग 40 फीसदी का उछाल देखा जा रहा है।

**कंपनियों को एडवांस देना पड़ता है:** जानकारों का कहना है कि कांग्रेस पार्टी के पास बुकिंग के लिए पैसा नहीं है, लेकिन दूसरे दलों के स्टार प्रचारकों के लिए चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टर, बड़ी संख्या में बुक कराए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के अनुसार, पिछले लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी कई माह पहले ही चार्टर्ड विमान और हेलीकॉप्टरों की बुकिंग को लेकर कोटेशन मांगी गई थी। हालांकि उस वक्त स्टार प्रचारकों का नाम फाइनल नहीं होता, मगर एक अंदाजे से वह आंकड़ा तैयार किया जाता है कि चुनाव प्रचार के लिए कितने विमान और हेलीकॉप्टरों की जरुरत पड़ेगी। अब पहले चरण के मतदान में केवल एक महीना बचा है। यही वो समय होता है, जब विमान कंपनियों को एडवांस देना पड़ता है। अब एकाएक कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। इस वजह से बुकिंग प्रक्रिया अधर में लटक गई है।

**हेलीकॉप्टरों की है भारी मांग**

जानकारों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए विमान और हेलीकॉप्टरों की भारी मांग सामने आ रही है। हालांकि हेलीकॉप्टर ने बुकिंग के मामले में चार्टर्ड विमान को पीछे छोड़ दिया है। इसके पीछे यह कारण है कि हेलीकॉप्टर को उतारने में ज्यादा दिक्कतें नहीं आती हैं और इसका किराया भी अधिक नहीं होता। विमान उतरने के लिए हवाई पट्टी की आवश्यकता होती है। साथ ही इसका रेट भी ज्यादा रहता है। देश में सौ से अधिक गैर-अनुसूचित ऑपरेटर भी हैं। ये वे ऑपरेटर होते हैं, जिनके पास प्री बुकिंग नहीं होती। उड़ान के लिए जब कभी इनके पास कोई ग्राहक आता है, ये अपनी सेवा देने के लिए तुरंत तैयार हो जाते हैं। हालांकि इनके रेट कुछ ज्यादा होते हैं।

**फास्ट न्यूज**

### हिमाचल: आयोग से मांगी सैनिक बलों की 72 कंपनियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में सातवें चरण के लिए होने वाले लोकसभा और छह विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए एक जून को होने वाले मतदान और उससे पूर्व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सीआरपीएफ व अन्य अर्धसैनिक बलों की 72 कंपनियों की मांग की है। इस संबंध में भारतीय चुनाव आयोग से ये मांग की गई है। जिससे प्रदेश में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव को करवाया जा सके। एक कंपनी में सौ से अधिक जवान और अधिकारी होते हैं। ऐसे में प्रदेश पुलिस ने 7200 जवानों की मांग की है।

**चुनाव के लिए 7990 मतदान केंद्र निर्धारित:** हिमाचल प्रदेश में वैसे तो मतदान शांतिपूर्ण होता है कुछ एक क्षेत्र ऐसे हैं जो संवेदनशील हैं। वर्ष 2024 के चुनाव के लिए 7990 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें से 425 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल निर्धारित किया गया है। इनमें अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात किया जाता है।

**सीसीटीवी कैमरे की होगी तैनाती:** यही नहीं सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती है। जबकि मतदान से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था और उड़न दस्तों के साथ अतिरिक्त सुरक्षा बल को लगाया जाता है। जिससे अवैध तरीके से बंटने वाले पैसों और अन्य सामान को पकड़ा जा सके और उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके। प्रदेश में होने वाले चुनाव के लिए सीआरपीएफ व अन्य अर्धसैनिक बलों की 72 कंपनियों की मांग की गई है। इसके अलावा गृह रक्षकों की भी आवश्यकता है। इस संबंध में अवगत करवाया गया है।

### अयोध्या में 1.12 करोड़ भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से दर्शन-पूजन के लिए यहां आने वाले भक्तों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। 22 जनवरी से 20 मार्च तक एक करोड़ 12 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए। रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्ष की अपेक्षा तेजी से बढ़ी है। प्रतिदिन मंदिर में औसतन एक से सवा लाख रामभक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वहीं अयोध्या में आयोजित होने वाले पर्वों और मंगलवार को यह संख्या और बढ़ जाती है। राज्य पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2017 में जबसे दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है, उसके बाद से अयोध्या में भक्तों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है।

## लोकसभा चुनाव से पहले अखिलेश का बढ़ा कुनबा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने दावा किया है कि जनता दल (एस) विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने सपा में अपनी पार्टी का विलय कर दिया है। उन्होंने सपा की नीतियों और पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए यह निर्णय किया है। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि जनता दल (एस) के अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा से हाथ मिलाने के फैसले से असंतुष्ट जनता दल (एस) के राजस्थान, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, केरल, के प्रतिनिधियों ने सपा में विलय का निर्णय किया है। समाजवादी पार्टी की केरल इकाई के प्रदेश अध्यक्ष डा. साजी पोथेन थामस के प्रयासों से जनता दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव आरएस प्रभास, मध्य प्रदेश के अध्यक्ष शिव सिंह, केरल के प्रदेश अध्यक्ष पंतलाम मोहन दास, उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बैकुंठ नाथ सहित हरियाणा और पंजाब इकाई के पदाधिकारी भी सपा में शामिल हो गए।

उन्होंने बताया कि भारतीय समाज दल तथा शोषित समाज अधिकार पार्टी ने बिना शर्त सपा को समर्थन देना तय किया है।

## बदायूं से दिल्ली भागा था जावेद, बरेली में सरेंडर

**जांच जारी**

**8 जब वह अपने गांव से बदायूं आया तो भीड़ देखकर घबरा गया और सीधे दिल्ली भाग गया।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बरेली:** बदायूं कांड के आरोपी जावेद ने बृहस्पतिवार सुबह बरेली में सरेंडर कर दिया। उसका एक वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें जावेद कहता है कि वह बेगुनाह है। जिस समय दोनों बच्चों की हत्या हुई थी। उस दौरान वह अपने घर पर था। उसे सूचना मिली थी कि साजिद का कहीं शहर में विवाद हो गया है। जब वह अपने गांव से बदायूं आया तो भीड़ देखकर घबरा गया और सीधे दिल्ली भाग गया। रास्ते में कई लोगों की कॉल आई। लोगों ने उसे बताया कि उसके भाई ने कांड कर दिया है। इससे वह दिल्ली से बरेली सरेंडर होने चला आया। उसे भीड़ ने पकड़कर बारादरी थाना पुलिस के हवाले कर दिया। बदायूं पुलिस उसे पकड़कर ले गई। बदायूं के एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि बदायूं दोहरे हत्याकांड के दूसरे आरोपी जावेद ने पुलिस कार्रवाई के दवाब में बरेली के बारादरी थाने के सेटेलाइट चौकी पर आत्मसमर्पण किया है। आरोपी ने अपना एक वीडियो भी वायरल किया है। पुलिस उसे बदायूं लाकर घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। जावेद ने कहा कि उसके पास कई लोगों की रिकॉर्डिंग है, जिन्होंने उसे बताया कि तेरे भाई ने यह कांड कर दिया है।



## क्या भाजपा-मनसे के बीच होगा गठबंधन?

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज मुंबई में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात की। लोकसभा चुनाव से पहले तीनों नेताओं ने संभावित गठबंधन पर चर्चा की। यह बैठक बांद्रा के ताज लैंड्स एंड में हुई। बता दें कि इससे पहले एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे ने दिल्ली में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी।

**राज ठाकरे ने अमित शाह से भी की थी मुलाकात:** गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद यह संकेत मिला कि लोकसभा चुनाव से पहले राज ठाकरे भाजपा के साथ गठबंधन कर सकते हैं। इस बैठक पर एमएनएस के वरिष्ठ नेता बाला नंदगांवकर ने बताया, दोनों नेताओं के बीच बातचीत सकारात्मक रही और एक-दो दिन में इस बैठक का विवरण शेयर किया जाएगा। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राज ठाकरे के बीच बातचीत सकारात्मक रही। कुछ दिनों में सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा।

**महाराष्ट्र में पांच चरणों में होगा चुनाव :** बता दें कि 2006 में राज ठाकरे शिवसेना से अलग हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का निर्माण किया। अगर गठबंधन में मुहर लग जाती है तो एमएनएस के मुंबई की एक सीट से चुनाव लड़ने की संभावना है। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों पर पांच चरणों में चुनाव होगा। मतदान 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई और 20 मई को होंगे। परिणाम चार जुलाई को जारी होंगे।



**मुलाकात**

**8 मुख्यमंत्री शिंदे और उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आज मुंबई में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख से मुलाकात की**

## हरिद्वार सीट से चुनाव लड़ेंगी भावना पांडे, बसपा ने बनाया प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार: लोकसभा** चुनाव के लिए उत्तराखंड में राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियो का एलान कर रहे हैं। गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी ने हरिद्वार लोकसभा सीट के लिए अपने प्रत्याशी का एलान कर दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने हरिद्वार से भावना पांडे को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। हरिद्वार लोकसभा सीट उत्तराखंड की हाई प्रोफाइल सीट है। इस सीट पर अभी तक कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी का एलान नहीं किया है, लेकिन बसपा ने आज अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है।

## पुराने किराये पर ही होगी चारधाम यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** मई के पहले सप्ताह से आरंभ हो रही चारधाम यात्रा में आने वाले प्रदेश, देश व विदेश के लाखों श्रद्धालुओं के लिए राहत की खबर है। बसों व टैक्सी के किराये में वृद्धि किए जाने की ट्रांसपोर्टरों की मांग परिवहन विभाग ने नकार दी है। डीजल, बीमा राशि व अन्य खर्चों में वृद्धि का हवाला देकर संयुक्त रोटेशन के अंतर्गत चारधाम यात्रा कराने वाली परिवहन कंपनियां किराये में पांच से दस प्रतिशत तक बढ़ाने की मांग कर रही थी, लेकिन परिवहन विभाग ने कहा है कि राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) ने वर्ष 2022 में ही सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर वाहनों का किराया निर्धारण किया था। जिसमें अभी वृद्धि करना संभव नहीं है। निर्णय लिया है कि इस वर्ष भी चारधाम यात्रा में बस व टैक्सी का किराया नहीं बढ़ाया जाएगा। परिवहन विभाग की ओर से वर्ष-2022 में पहली बार चारधाम यात्रा के लिए वाहनों का किराया अलग से तय किया गया था। प्रदेश में संचालित सामान्य व्यावसायिक वाहनों से अलग मानकर चारधाम यात्रा के वाहनों का किराया वाहन की श्रेणी के हिसाब से निर्धारित किया गया था। इसी आधार पर परिवहन विभाग ने किराये को लेकर अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है, जिसमें पूर्व की व्यवस्था के अनुसार ही किराया लेने की संस्तुति की गई है। रिपोर्ट में टैक्सी की कीमत के हिसाब से उसकी श्रेणी तय की गई है। आठ लाख रुपये तक कीमत की टैक्सी को साधारण, आठ से 15 लाख तक कीमत वाली टैक्सी को डीलक्स, 15 से 25 लाख रुपये तक की टैक्सी को लग्जरी जबकि 25 लाख रुपये से अधिक कीमत की टैक्सी को सुपर लग्जरी श्रेणी में रखा गया है।



## गर्मी में पानी के लिए तरस रहे गजराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**जसपुर:** अमानगढ़ वन रेंज में पानी और आहार काफी मात्रा में है। इस कारण कॉर्बेट के वन्यजीव भी अमानगढ़ की ओर रुख कर लेते हैं, लेकिन अमानगढ़ क्षेत्र के वन्यजीव दूसरे क्षेत्र के वन्यजीवों की आमद को पसंद नहीं करते। इसके चलते वन्यजीवों में संघर्ष होता रहता है।

**पानी की तलाश में भटककर आ गया मकना हाथी:** बुधवार को अमानगढ़ रेंज के कोठीरो बीट में एक मकना हाथी पानी की तलाश में भटककर आ गया। इस बीट में पहले से मौजूद एक टस्कर हाथी ने मकना हाथी को देखा तो उस पर हमला कर दिया।

दोनों हाथियों के बीच घंटों तक चले संघर्ष के बाद मकना हाथी मौके से भाग गया।

**संघर्ष**

**8 वन्यजीव दूसरे क्षेत्र के वन्यजीवों की आमद को पसंद नहीं करते। इसके चलते वन्यजीवों में संघर्ष होता रहता है**

**आंकड़े** भाजपा के सीधे सादे नाटे कद के ईश्वर चौधरी ने भी लगातार अपनी जीत दर्ज कर मानो इस क्षेत्र को भाजपा का क्षेत्र हीं घोषित कर दिया था

## एक ऐसी लोकसभा सीट जिसने सभी का रखा मान, कभी पत्थर तोड़ने वाली को पहुंचाया संसद तो...

**टीम एक्शन इंडिया**

**गया**

17वें लोकसभा चुनाव की बिसात बिछ गई है, सभी पार्टी अपनी-अपनी चालें चलनी शुरू कर दी हैं। गया संसदीय सुरक्षित सीट पर अबतक के आंकड़े दर्शाते हैं कि किसी एक के होकर नहीं रहें। समय-समय पर गया संसदीय सीट ने पार्टी के साथ-साथ व्यक्तित्व को भी बदला है। गया ऐसी सुरक्षित संसदीय क्षेत्र है, जहां पत्थर तोड़ने वाली महिला भगवती देवी भी संसद तक पहुंच गई। और भाजपा के सीधे सादे नाटे कद के ईश्वर चौधरी ने भी लगातार अपनी जीत दर्ज कर मानो इस क्षेत्र को भाजपा का क्षेत्र हीं घोषित कर दिया था, जबकि अब परिस्थिति बदल चुका है।

वोटर का मन मिजाज भी बदला हुआ है। गया संसदीय क्षेत्र का सुरक्षित होना खुद कई वोटरों को दर्द देता है। देश के इस महासमर में वे अपनी भागीदारी सिर्फ निभाना जानते हैं, उनका लगाव पड़ोस के संसदीय क्षेत्र से ज्यादा रहता है। चूंकि इस क्षेत्र में सब कुछ सामान्य है। जीत-हार तो किसी ना किसी के पाले जाना हीं है।

**यहां विकास की कोई बड़ी लकीर नहीं खींचा:** देश की आजादी के बाद वर्ष 1957 में गया संसदीय सीट का गठन हुआ। उस वक्त गया संसदीय सीट पर प्रथम सांसद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ब्रजेश्वर प्रसाद रहे। इनका कार्यकाल 1962 तक रहा। यही कार्यकाल सामान्य जाति के लिए रहा। इसके बाद गया संसदीय सीट को सुरक्षित यानि अनुसूचित जाति के लिए कर दिया गया। इसके बाद से 2019 तक अनुसूचित जाति के उम्मीदवार ही गया संसदीय सीट से लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

**सांसद के बेहतर काम का राह तकता गया:** गया जैसे धार्मिक, ऐतिहासिक नगरी से लोकसभा में प्रतिनिधि किए हैं। गया से प्रतिनिधित्व करने वाले उम्मीदवारों का कार्यकाल निरंतर बढ़ता गया। लेकिन कोई भी बड़ा कार्य गया संसदीय क्षेत्र में नहीं दिखता है। सबसे बड़ी बात है कि गया शहरी क्षेत्र और राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज भी कई तरह की समस्या है। गया शहरी क्षेत्र की आबादी बढ़ी, लेकिन देश की आजादी के बाद फ्लाई ओवर नही बन सकता है।

**बिसात**

**8 गया ऐसी सुरक्षित संसदीय क्षेत्र है, जहां पत्थर तोड़ने वाली महिला भगवती देवी भी संसद तक पहुंच गई**

